माघ कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
विक्रम संवत 2080
कानपुर, शुक्रवार, 26 जनवरी 2024
वर्ष 2, अंक 156, पृष्ठ 14
मूल्य 5 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

सनी देओल की लाहौर 1947 में प्रीती जिंटा की एंट्री 13
गूगल एंड्रॉइड ऑटो के लिए करेगा एआई का इस्तेमाल 14

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति का राष्ट्र के नाम संबोधन

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा ऐतिहासिक : मुर्मू

नई दिल्ली, एजेंसी



▸▸ राष्ट्रपति ने कहा युगांतकारी आयोजन के रूप में होगा इसका मूल्यांकन

अयोध्या के राम मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा को ऐतिहासिक करार देते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि भविष्य में जब भी इस घटना को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाएगा तब इसका मूल्यांकन भारत द्वारा अपनी सभ्यतागत विरासत की निरंतर खोज में युगांतरकारी आयोजन के रूप में किया जाएगा। राष्ट्रपति ने 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में विश्व के कई देशों के बीच चल रहे संघर्षों व मानवीय त्रासदियों पर चिंता जताई। उम्मीद जताई कि शांति स्थापित करने के रास्ते खोज लिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार लोगों का जीवन सुगम बनाने के लिए अनेक समयबद्ध योजनाएं क्रियान्वित कर रही है और ये किसी भी राजनीतिक या आर्थिक विचारधारा से परे हैं। उन्होंने कहा कि इन्हें (योजनाओं को) मानवीय दृष्टिकोण से ही देखा जाना चाहिए। देशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस सप्ताह के आरंभ में हम सबने अयोध्या में प्रभु श्रीराम के जन्मस्थान पर निर्मित भव्य मंदिर में स्थापित मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक समारोह देखा। भविष्य में जब इस घटना को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाएगा तब इतिहासकार, भारत द्वारा अपनी सभ्यतागत विरासत की निरंतर खोज में युगांतरकारी आयोजन के रूप में इसका विवेचन करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि यह मंदिर न्यायिक प्रक्रिया में हमारे देशवासियों की अगाध आस्था का प्रमाण भी है।

## प्रदेश में कोहरे का कहर, 56 जिलों में अलर्ट

### मौसम विभाग का 18 जिलों के लिए रेड अलर्ट, 21 जिलों के लिए ऑरेंज और 17 जिलों के लिए येलो अलर्ट

**शीतलहर और ठंड की चपेट में राज्य का 70 प्रतिशत इलाका, मौसम साफ होने पर भी चलेंगी तेज हवाएं**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में कोहरे व गलन से आमजन को फिलहाल राहत मिलने की उम्मीद कम है। मौसम विभाग ने 18 जिलों के लिए रेड अलर्ट, 21 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट और 17 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। राज्य का अधिकांश हिस्सा ठंड और शीतलहर की चपेट में आ जाने के मद्देनजर यह अलर्ट जारी किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, ठंड का प्रभाव ऐसे ही रहा तो गलन और ठिठुरन और बढ़ेगी। लखीमपुर खीरी, ज्योतिबा फुले नगर, मुरादाबाद, रामपुर, बदायूं, लखनऊ, कानपुर, रायबरेली, बरेली, काशीराम नगर, हरदोई, सीतापुर, बाराबंकी, गोंडा, फर्रुखाबाद, कन्नौज, पीलीभीत और शाहजहांपुर में कोहरे और शीतलहर का रेड अलर्ट जारी किया गया है।



**इन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट**

बागपत, आगरा, मुजफ्फरनगर,एटा, बिजनौर, अलीगढ़, फिरोजाबाद, मैनपुरी, बहराइच, श्रावस्ती, सिद्धार्थ नगर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, सहारनपुर, मथुरा, मेरठ, बुलंदशहर, सुल्तानपुर, अमेठी, गौतम बुद्ध नगर, गाजियाबाद जिले में ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है।

**इन जिलों में है येलो अलर्ट:** संत कबीर नगर, बस्ती, महाराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, गोरखपुर, आजमगढ़, जौनपुर, संत रविदास नगर, प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर, कानपुर देहात, हमीरपुर, जालौन, इटावा और औरैया में येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**क्या है रेड, आरेंज और येलो अलर्ट?**

बहुत ज्यादा मौसम के खराब होने की आशंका पर रेड अलर्ट जारी होता है। लोगों को सचेत करने के लिए जारी किया जाता है कि अब आपको अपनी सुरक्षा का ध्यान रखते हुए नियमों का पालन करना चाहिए। वहीं, ऑरेंज अलर्ट का अर्थ होता है कि मौसम खराब हो चुका है। ऐसे में अब आपको सिर्फ नजर बनाकर नहीं रखनी है, बल्कि बाहर जाने से भी बचना चाहिए। मौसम विभाग की ओर से येलो अलर्ट जारी करने की स्थिति में मौजूदा स्थिति से खतरा तो नहीं है, लेकिन सतर्क अवश्य रहना होगा।

**शुभकामना/सूचना**

समस्त सुधि-पाठकों, विज्ञापनदाताओं और अभिकर्ताओं को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी को अमृत विचार कार्यालय में अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 28 जनवरी को प्रकाशित होगा। -संपादक

**एक नजर**

### कश्मीर में तीन हाइब्रिड आतंकवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर हथियारों की खेप का आदान-प्रदान करते समय तीन 'हाइब्रिड' आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। 'हाइब्रिड' आतंकवादी वे होते हैं जो हमले करते हैं और फिर वापस नियमित जीवन जीने लगते हैं। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया समूहों पर निगरानी और सटीक नजर रखने से उत्तरी कश्मीर में उरी सेक्टर के बोनियार इलाके से आतंकवादियों की गिरफ्तारी हुई जिससे गणतंत्र दिवस से पहले एक बड़ी घटना टल गई। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के समर्पण को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि आतंकवादी हिरासत में हैं और आगे की जांच जारी है।

### संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा और 9 फरवरी को समाप्त होगा। वर्तमान लोकसभा का यह आखिरी सत्र होगा। बजट सत्र से पहले केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गुरुवार को कहा कि सरकार नियमों के तहत सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। यह पूछे जाने पर कि विपक्ष सरकार पर सदन में मुद्दे नहीं उठाने देने का आरोप लगाता है तो मेघवाल ने कहा कि हम हर उस मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार हैं जिस पर लोकसभा अध्यक्ष और सभापति नियमों के तहत फैसला करते हैं।

### केंद्रीय मंत्री प्रमाणिक को मिली अग्रिम जमानत

**जलपाईगुड़ी।** कलकत्ता उच्च न्यायालय की जलपाईगुड़ी सर्किट पीठ ने गुरुवार को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निसिथ प्रमाणिक को हत्या का प्रयास मामले में अग्रिम जमानत दे दी। उनके खिलाफ यह मामला 2018 में दर्ज किया गया था। न्यायमूर्ति चित्तरंजन दास और न्यायमूर्ति पार्थसारथी सेन की खंडपीठ ने उन्हें एक पखवाड़े के भीतर निचली अदालत में आत्मसमर्पण करने का भी निर्देश दिया।

## विकास का बिगुल फूंकता है मोदी

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुलंदशहर में जनसभा को किया संबोधित

### पश्चिमी उत्तर प्रदेश को दीं 20,700 करोड़ रुपये की 46 विकास परियोजनाएं

▸▸ बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़, बुलन्दशहर और मेरठ को मिली योजनाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मोदी शब्द को ही विकास की गारंटी का पर्याय करार देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश को 20 हजार करोड़ से ज्यादा की विकास परियोजनाएं दीं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें चुनावी बिगुल फूंकने की जरूरत नहीं, वो हमेशा विकास का बिगुल फूंकते हैं।

मोदी को ना पहले जरूरत थी, ना आज जरूरत है और ना ही चुनाव का बिगुल फूंकने की आगे कभी जरूरत पड़ेगी। जब जनता ही मोदी के लिए बिगुल फूंकती है तो उन्हें अपना समय बिगुल फूंकने में नहीं लगाना पड़ता। प्रधानमंत्री गुरुवार को यहां पुलिस शूटिंग ग्राउंड में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने रेलवे के डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर न्यू खुर्जा एवं न्यू रेवाड़ी स्टेशनों से मालगाड़ियों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को श्रीराम की मूर्ति भेंट करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में मौजूद प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

**कल्याण सिंह को किया याद**

बुलंदशहर में प्रधानमंत्री ने रेल लाइन, हाइवे, पेट्रोलियम पाइपलाइन, पानी, सीवरेज, मेडिकल कॉलेज और आद्योगिक क्षेत्र के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण करते हुए कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इस क्षेत्र ने देश को कल्याण सिंह जैसा सपूत दिया है। कल्याण सिंह ने रामकाज और राष्ट्रकाज के लिए अपना जीवन समर्पित किया। आज वो जहां भी हैं अयोध्या धाम को देखकर आनंदित हो रहे होंगे। उन्होंने कहा कि राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब राष्ट्र प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई देने का समय है। हमारा लक्ष्य साल 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है और उत्तर प्रदेश के विकास के बिना यह संभव नहीं। इस मौके पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केंद्रीय मंत्री डॉ वीके सिंह, मंत्री अरुण सक्सेना, सांसद महेश शर्मा, डॉ. भोला सिंह, राजेंद्र अग्रवाल, सतपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह नागर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह सहित पार्टी के तमाम पदाधिकारी और नागरिक मौजूद रहे।

**मोदी ने की योगी की प्रशंसा**

प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने नए पेराई सत्र के लिए गन्ने का मूल्य बढ़ा दिया है। कहा कि आज दुनिया में तीन हजार रुपये में किसानों को यूरिया की बोरी मिल रही है, वहीं भारत में ये 300 रुपये से भी कम कीमत में मिल रही है। सरकार नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत बहनों को ड्रोन पायलट के रूप में ट्रेनिंग दे रही है।

**योगी ने मोदी को बताया प्रेरणा:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां कहा कि आज मौसम की विपरीत परिस्थितियों के बावजूद प्रधानमंत्री का बुलंदशहर की धरती पर आगमन हम सबके लिए प्रेरणा है कि बिना रुके, बिना डिगे, बिना झुके हमें विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए जुटना है। कुछ दिनों के बाद जब आम चुनाव होंगे, जनता आपके साथ फिर से खड़ी होगी। योगी के मुताबिक, आपके नेतृत्व में तीसरी बार फिर से देश के अंदर 2014, 2019 से भी बड़े बहुमत के साथ सरकार बनेगी। इस मौके पर योगी ने प्रधानमंत्री को राम की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। वहीं ओडीओपी के अंतर्गत राम मंदिर के उकेरे गए चित्र वाली खुर्जा की सेरेमिक ट्रे भी भेंट की।

## शाहजहांपुर में कंटेनर ने ऑटो को मारी टक्कर, 12 श्रद्धालुओं की मौत

**कोहरा बना काल**

▸▸ बरेली-फर्रुखाबाद हाईवे पर सुबह हुआ भीषण हादसा

▸▸ गंगा स्नान करने घटिया घाट जा रहे थे सभी ऑटो सवार

संवाददाता, अल्हागंज/शाहजहांपुर



दुर्घटनाग्रस्त ऑटो की जांच करती पुलिस और मौके पर मौजूद भीड़।

**अमृत विचार :** मदनापुर क्षेत्र के गांव दमगड़ा से गंगा स्नान करने घटिया घाट जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ऑटो को बिहार जा रहे कंटेनर (ट्रक) ने गुरुवार सुबह करीब 10.30 बजे टक्कर मार दी। भीषण हादसे में ऑटो में सवार 12 श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वालों में आठ पुरुष, तीन महिलाएं और एक किशोर शामिल हैं। हादसा अल्हागंज के गांव सुगसुगी के पास बरेली-फर्रुखाबाद हाईवे पर हुआ। हादसे का मुख्य कारण घना कोहरा बना है।

गांव दमगड़ा निवासी अनंतराम गुरुवार को अपनी मां बसंता व गांव के लालाराम, पुत्तुलाल, सियाराम, लंकुश, मनीराम, पोथीराम समेत 12 लोगों के साथ गांव के ऑटो से पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान करने के लिए घटियाघाट जनपद फर्रुखाबाद जा रहे थे। सुबह करीब 10:30 बजे जब ऑटो बरेली-फर्रुखाबाद मार्ग (हाईवे) पर अल्हागंज थाना क्षेत्र में गांव सुगसुगी के समीप पहुंचा, तभी अल्हागंज की ओर से तेज गति में आ रहे कंटेनर ने ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। ऑटो कंटेनर में ही फंस गया, जिसे निकालने के लिए चालक ने कंटेनर को बैक किया और ऑटो व उसमें से सड़क पर गिरे लोगों को रौंदते हुए भाग निकला। हादसे में ऑटो सवार सभी 12 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। करीब 20 किलोमीटर दूर जलालाबाद में आरोपी चालक कंटेनर को खड़ा कर फरार हो गया। पुलिस ने कंटेनर कब्जे में ले लिया है। अल्हागंज के थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। थाना प्रभारी जलालाबाद हरपाल सिंह बालियान समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, एडीजी पीसी मीणा, आईजी डॉ. राकेश कुमार सिंह, डीएम उमेश प्रताप सिंह, एसपी अशोक कुमार मीणा ने घटनास्थल का मुआयना किया।

**सीएम ने जताया दुख**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुए शोक संवेदना व्यक्त की है। अधिकारियों को राहत और बचाव कार्यों के लिए निर्देशित किया।

"कंटेनर की टक्कर से भीषण सड़क हादसा हुआ। 12 लोगों की मौत हुई है। घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। कंटेनर को कब्जे में ले लिया है। चालक को गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।"
-अशोक कुमार मीणा, एसपी।

**हादसे में इनकी हुई मौत**

लालाराम (30) पुत्र वेदराम, पुत्तूलाल (50) पुत्र वेदराम, सियाराम (45) पुत्र माखनपाल, सुरेश (40) पुत्र माखनपाल, लंकुश (50) पुत्र चंद्रपाल, ऑटो चालक अनंतराम (35) पुत्र सीताराम, पोथीराम (50) पुत्र नोखेराम, राजरानी उर्फ बसंता (70) पत्नी नेत्रपाल, मनीराम (45) पुत्र सीताराम, रामलली (65) पत्नी ऋषिपाल, मेघावती (70) पत्नी गेंदनलाल, राहुल (12) पुत्र देवेंद्र।

## गजब : बठिंडा में अवैध मुकाबले में जब्त मुर्गा बना केस प्रॉपर्टी, पुलिस ने ली कस्टडी

चंडीगढ़, एजेंसी

▸▸ मुर्गे को तारीख पर कोर्ट में भी पेश किया जाएगा



पंजाब के बठिंडा जिले में कुछ दिन पहले 'मुर्गों की लड़ाई' के अवैध मुकाबले से बरामद किए गए एक मुर्गे को मामले की सुनवाई के दौरान अदालत में 'केस प्रॉपर्टी' के रूप में पेश किया जाएगा। 'केस प्रॉपर्टी' ऐसी वस्तु को कहा जाता है कि जिसे अपराध के मामले में पुलिस अपने कब्जे में ले लेती है। पुलिस ने गुरुवार को कहा कि बठिंडा के बल्लुआना गांव में आयोजित इस प्रतिबंधित खेल प्रतियोगिता के तीन आयोजकों पर पांच दिन पहले मामला दर्ज किया गया था। सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) निर्मलजीत सिंह ने बताया कि छापेमारी के बाद पुलिस ने आयोजकों में एक राजविंदर सिंह उर्फ राजू से मुर्गे को बरामद किया था। पुलिस ने बताया कि मुकाबले में जीतने वाले मुर्गे के मालिकों को दिए जाने वाले कुछ पुरस्कार भी जब्त किए गए हैं। पुलिस ने मुर्गे को कुक्कुट पालन करने वाले एक स्थानीय व्यक्ति को दिया है जो उसकी देखरेख कर रहा है। सहायक उप निरीक्षक ने कहा कि मामले की जब कभी सुनवाई होगी, हम मुर्गे को अदालत में पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि यह मुर्गा विषय में 'केस प्रॉपर्टी' है। पुलिस ने बताया कि राजविंदर सिंह, जगसीर सिंह और गुरजीत सिंह के खिलाफ पशु क्रूरता रोकथाम अधिनियम, 1960 के संबद्ध प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। तीनों आरोपियों को मामले में जमानत मिल गई है।



गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भारत पहुंचे। गुरुवार को वे प्रधानमंत्री मोदी के साथ जयपुर में थे, जहां रोड शो के दौरान दोनों नेताओं ने ऐतिहासिक शहर का दौरा किया और कुछ प्रतिष्ठित स्थानों पर गए। • एजेंसी

**आचार संहिता उल्लंघन मामला**

### मुख्तार के बेटे उमर को गिरफ्तारी से मिली राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को 2022 विधानसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में दर्ज एक आपराधिक मामले में गुरुवार को गिरफ्तारी से राहत दे दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पीके मिश्रा की पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने संबंधी अंसारी की याचिका पर उप्र सरकार को नोटिस जारी किया। अंसारी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि मुख्य आरोपी को नियमित जमानत दे दी गई है। हाईकोर्ट ने पिछले वर्ष 19 दिसंबर को अंसारी की अग्रिम जमानत याचिका खरिज कर दी थी

## कैग की नियुक्ति प्रक्रिया पर केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ जनहित याचिका के माध्यम से शीर्ष कोर्ट में दी गई है चुनौती

▸▸ याचिकाकर्ता ने पारदर्शिता का अभाव होने की दी है दलील

उच्चतम न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) ने गुरुवार को उस जनहित याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांग जिसमें भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की नियुक्ति की प्रक्रिया को इस आधार पर चुनौती दी गई है कि यह स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी नहीं है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह की इन दलीलों का संज्ञान लिया कि कैग की नियुक्ति की मौजूदा प्रणाली में पारदर्शिता का अभाव है। पीठ ने अनुपम कुलश्रेष्ठ और अन्य की ओर से दायर एक जनहित याचिका पर केंद्रीय कानून एवं न्याय तथा वित्त मंत्रालय को नोटिस जारी किये। याचिका में कैग की नियुक्ति के लिए अपनाई जा रही प्रक्रिया को भारत के संविधान की मूल भावना के खिलाफ घोषित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। याचिकाकर्ताओं की दलील है कि संबंधित प्रणाली स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी नहीं है।

## आईपीएस प्रशांत कुमार और मंजिल सैनी को गैलेंट्री अवार्ड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ सात अधिकारियों को उत्कृष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक

▸▸ सराहनीय सेवा के लिए 74 को राष्ट्रपति का मेरिटोरियस सर्विस मेडल

**अमृत विचार :** दिल्ली स्थित कैंसर अस्पताल के डॉक्टर श्रीकांत गौड़ को 2017 में मेरठ में अपहरणकर्ताओं के चंगुल से छुड़ाने वाली टीम में शामिल तत्कालीन एडीजी जोन मेरठ प्रशांत कुमार और एसएसपी मेरठ मंजिल सैनी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर गैलेंट्री मेडल देने की केंद्रीय गृह मंत्रालय ने घोषणा की है।

प्रशांत कुमार को चौथी बार राष्ट्रपति का वीरता पदक दिया गया है। इसके अलावा उनको 15 अन्य पदक व कमंडेशन डिस्क भी मिल चुका है। वर्तमान में प्रशांत कुमार डीजी कानून-व्यवस्था, जबकि मंजिल सैनी डीआईजी एनएसजी के पद पर तैनात हैं। इसके अलावा प्रशांत कुमार को पांच लाख के इनामी अपराधी उदयभान यादव को मुठभेड़ में मार गिराने पर मुख्यमंत्री की ओर से तीन लाख रुपये नगद और एक पिस्टल देकर सम्मानित किया गया। उन्हें तीन नगद पुरस्कार के साथ-साथ अब तक 109 कमंडेशन-प्रशस्ति प्रदान किए गए हैं। इसके अलावा को उत्कृष्ट सेवा के लिए सात पुलिस अफसरों-पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक और 74 को सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति का मेरिटोरियस सर्विस मेडल दिया जाएगा। पुलिस महानिदेशक की ओर से सेवा अभिलेख और शौर्य के आधार उत्कृष्ट सेवा सम्मान और प्रशंसा चिन्ह जैसे सम्मान से 690 पुलिस अफसर-पुलिसकर्मी नवाजे गए हैं।



मंजिल सैनी



प्रशांत कुमार

**उत्कृष्ट सेवा के लिए इन्हें मिला सम्मान**

उत्कृष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक पाने वालों में एडीजी पीएसी सुजीत पांडेय, एडीजी जोन गोरखपुर केएसपी कुमार, एडीजी पीटीसी मुरादाबाद अमित चंद्रा, एडीजी जोन लखनऊ पीयूष मोर्डिया, एडीजी अभिसूचना भगवान स्वरूप, उप निरीक्षक (एपी) उदयराम तिवारी और बिंद्रा प्रसाद (सीपी) शामिल हैं। राष्ट्रपति का मेरिटोरियस सर्विस मेडल पाने वालों में आईजी रेंज आजमगढ़ अखिलेश कुमार, आईजी रेंज आगरा दीपक कुमार, संयुक्त पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट लखनऊ उपेंद्र कुमार अग्रवाल के अलावा पुलिस महकमें के विभिन्न शाखाओं में तैनात 71 एएसपी, पुलिस उपाधीक्षक, इंस्पेक्टर, दरोगा, दीवान और सिपाही शमिल हैं।

**कारागार विभाग के 232 अधिकारी-कर्मचारी होंगे सम्मानित :** कारागार विभाग के 232 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस पर प्रशंसा चिन्ह, प्रशस्ति चिन्ह और प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। डीजी कारागार एसएन साबत द्वारा जारी आदेश के मुताबिक 25 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हीरक प्रशंसा चिन्ह, 33 को स्वर्ण प्रशंसा चिन्ह और 88 को रजत प्रशंसा चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। 22 कर्मियों को प्रशस्ति चिन्ह और 64 कर्मियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

# नहीं किए कहीं दस्तखत, अफसरों को किया जा रहा गुमराह

**उठाई मांग**

▸▸ ग्रामीणों ने प्रधान पति पर लगाए गंभीर आरोप

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** क्रशर नगरी में एक्सप्रेसवे से हवाई पट्टी लिंक रोड का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। एक ओर जहां आदिवासी अपने आशियाने बचाने के लिए प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं वहीं उनका यह भी कहना है कि अकबरपुर ग्राम प्रधान पति द्वारा उच्चाधिकारियों को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है, जबकि उन लोगों ने कहीं किसी सहमति पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए।

बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से हवाई पट्टी को जोड़ने वाले लिंक रोड को लेकर पैदा हुई खुशी दम तोड़ती नजर आ रही है। पहले प्रस्तावित रूट पर नहीं, बल्कि दुबारा प्रस्ताव बनाकर बस्ती से लिंक रोड के निकलने की सुगबुगाहट से ग्रामीण परेशान और चिंतित हैं।कुछ दिन पहले ग्रामीणों द्वारा जिला प्रशासन से आशियाने और रोजीरोटी बचाने की गुहार लगाई गई थी। ग्रामीण गांवदारी की वजह से नाम छिपाते हुए आरोप लगाते हैं कि अब लेखपाल व ग्राम प्रधान पति क्रशर मालिकों एवं बड़े व्यवसायियों के बल पर घर खाली करने के लिए दबाव डाल रहे हैं। नक्शे में बदलाव कराने की कोशिश की जा रही है। आदिवासियों ने बताया गया कि ग्राम प्रधान पति द्वारा उच्चाधिकारियों को पत्र भेजे गए हैं और इसमें कथित रूप से उनके भी हस्ताक्षर हैं, जबकि उन लोगों ने न तो कहीं अंगूठा लगाया और न कहीं हस्ताक्षर किए। इस संबंध में लेखपाल से बात की गई तो बताया गया कि कुछ आदिवासियों की सहमति मिली थी। उसी के आधार पर वह और अधिकारी मौके पर गए थे। लेखपाल ने बताया कि आदिवासियों को बने बनाए मकान रहने के लिए दिए जाएंगे। उधर, बस्ती के लोगों का कहना है कि उन लोगों ने कहीं कोई हस्ताक्षर नहीं किए। मामले की जांच की जाए। इस संबंध में प्रधानपति का पक्ष जाना नहीं जा सका।


रोष जताते ग्रामीण। अमृत विचार

# खेत में मिला लापता बच्चे का शव

**हत्या की आशंका**

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)


फाइल फोटो।

**अमृत विचार :** सरधुआ थाना क्षेत्र के सुरसेन गांव में खेत में एक मासूम का शव मिलने से सनसनी फैल गई। बताया जाता है कि बच्चा खेलते खेलते गुम हो गया और बाद में उसका शव ही मिल सका। पिता ने हत्या की आशंका जताई है।

गांव निवासी रसीद खान ने बताया कि 24 जनवरी को उसका बेटा समीर (4) आंगन में खेल रहा था। वह सुरसेन चौराहे मजदूरी करने गया था। पत्नी रुकसाना घर के बगल में कंडा पाथने गई थी। जब लौटी तो देखा कि समीर गायब था। काफी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं पता नही चला। देर शाम उसके गुम होने की रिपोर्ट भी सरधुआ थाने में दर्ज कराई गई। उधर, प्रभारी निरीक्षक जेपी उपाध्याय ने पुलिसकर्मियों के साथ देर रात तक खोजबीन की पर पता नहीं चला। गुरुवार सुबह डॉग स्क्वायड के साथ क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक ने भारी पुलिस बल के साथ फिर बच्चे की खोज शुरू की। गांव के पास ही एक सरसों के खेत में समीर का शव मिला। क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय ने बताया कि एक मासूम का शव खेत में मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया कि परिजनों ने इस संबंध में कोई तहरीर नहीं दी है। उधर, मृतक के पिता ने कहा कि उसके बेटे की नाक से खून बह रहा था। उसने बेटे की हत्या की आशंका जताई है।

# आग से किराने की दुकान का लाखों का सामान राख

## मऊ के शिवपुर चौराहे पर बड़गईयां मार्केट में हुई घटना

**हादसा**

▸▸ दुकानदार के सामने परिवार के भरण-पोषण का संकट

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)


आग से तबाह हुई दुकान के पास खड़ा बुद्ध प्रकाश। अमृत विचार

**अमृत विचार :** किराने की दुकान में आग लगने से लाखों का सामान राख हो गया। दुकान से परिवार का भरणपोषण करने वाला दुकानदार बर्बादी की कगार पर पहुंच गया। उसने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। आग लगने की वजह नहीं पता चल सकी।

नगर पंचायत मऊ के शिवपुर चौराहे पर बड़गईयां मार्केट में बुद्ध प्रकाश पुत्र कल्लू प्रसाद की किराने की दुकान है। उसने यहां किराये में दुकान ले रखी है। वह बुधवार रात रोज की तरह दुकान बंद कर अपने गांव दौलतपुर मनकुंवार चला गया था। बुद्ध प्रकाश ने बताया कि गुरुवार सुबह लगभग सात बजे मकानमालिक ने उसको मोबाइल से बताया कि दुकान में आग लग गई है। बुद्ध प्रकाश बदहवास हालत में दुकान पहुंचा। जहां पाया कि किराने का सारा सामान आग की भेंट चढ़ चुका था। उसने बताया कि उसका लाखों का सामान नष्ट हो गया है। वह इसी दुकान के सहारे अपने परिवार का भरणपोषण करता था। उसके सामने गंभीर संकट है। उपजिलाधिकारी को पत्र लिखकर मुआवजा दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

# जो चिकित्सक रेफर करें, उन पर करें कार्रवाई : डीएम

**करें सख्ती**

▸▸ जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

चित्रकूट कार्यालय


बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मुख्य चिकित्साधिकारी डा. भूपेश द्विवेदी को निर्देशित किया कि सिजेरियन को रिफर करने वाले चिकित्सकों पर कार्रवाई करें। उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि लोग सरकारी अस्पतालों की बजाय निजी अस्पतालों में प्रसव करा रहे हैं। उन्होंने इस संबंध में जागरूकता लाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी लव प्रकाश यादव को निर्देश दिए कि एडबेंजोल की टेबलेट खिलाने का अभियान एक फरवरी से प्रारंभ कराएं। प्रसव के संबंध में समन्वय बनाकर काम करने के निर्देश भी दिए। डीएम ने कहा कि निजी अस्पतालों में प्रसव चिंता का विषय है और इस संबंध में सभी एमओआईसी आशा कार्यकर्ताओं को निर्देश दें कि प्रसव सरकारी अस्पतालों में कराया जाए। बैठक में परिवार नियोजन, नसबंदी प्रगति, आयुष्मान कार्ड आदि की समीक्षा कर डीएम ने प्रगति कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीडीओ अमृत पाल कौर, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. वंदना, जिला मलेरिया अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## बीएलओ को उत्कृष्ट कार्य पर मिले प्रशस्ति-पत्र

**राजापुर (चित्रकूट), अमृत विचार :** तुलसी इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम हुआ। इसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य सूर्यभान सिंह ने की। उप जिलाधिकारी प्रमोद झा और क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय ने मतदान के प्रति जागरूकता की अपील की। बीएलओ को उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र दिए गए। लोगों को शपथ दिलाई गई। नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्र के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। तहसीलदार फूलचंद यादव, रघुनंदन प्रसाद सिंह, अनिल कुमार सिंह, प्रियंका मौर्या, दिनेश कुमार, नवल किशोर मिश्रा, अशोक कुमार द्विवेदी, उषा जायसवाल, स्नेहलता, अर्चना मिश्रा, वर्षा देवी, राजरानी रैकवार, आरिफ जमीर, संजय पांडेय, पूनम गुप्ता, हसीना आदि रहीं।

**एक नजर**

### मतदान के संबंध में किया जागरूक

**चित्रकूट, अमृत विचार :** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर गुरुवार को वृद्धजन आश्रम विनायकपुर में कार्यक्रम हुआ। लेखाकार कामता प्रसाद ने मतदान की आवश्यकता समझाई। चंद्र किशोर, मोतीलाल, अमरीश श्रीवास्तव आदि ने भी महत्वपूर्ण बातें बताईं। मतदान जागरूकता के लिए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में राजकुमार, भानु प्रताप, प्रियंका, वंदना, संजय, अनिल, शिवऔतार, निर्मला आदि मौजूद रहीं।

### मतदाता सम्मेलन में दी गई जानकारी

**मऊ, चित्रकूट, अमृत विचार :** जिलाध्यक्ष भाजयुमो विकास मिश्रा हीरो की अगुवाई में नमो मतदाता सम्मेलन का चार स्थानों में आयोजन किया गया। मऊ–मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रम संयोजक जिला महामंत्री मोहित मिश्रा व सह संयोजक हर्ष मिश्रा और गौरव करवरिया रहे।

### ईवीएम को लेकर जागरूक कर रही वैन

**चित्रकूट, अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के मद्देनजर ईवीएम व वीवी पैट से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम चला जा रहा है। चुनाव आयोग द्वारा इस संबंध में श्रव्य दृश्य उपकरण युक्त वाहन चलाए जाने के निर्देश हैं। बताया कि इस संबंध में जिले को दो एलईडी वैन आवंटित की गई है।

### मतदान जागरूकता की दिलाई शपथ

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश दिवस पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने स्पोर्ट्स स्टेडियम में इसका उद्घाटन किया। खिलाड़ियों से परिचय लेते हुए बधाई दी। जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों को मतदान जागरूकता संबंधी शपथ भी दिलाई। एडीएम वंदिता श्रीवास्तव, क्षेत्रीय कीड़ाधिकारी विजय कुमार, विवेक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## राम राज्याभिषेक के साथ रामलीला का समापन


पूजा करते एसडीएम। अमृत विचार

राजापुर (चित्रकूट) तुलसीतीर्थ में बीते दिन प्रभु राम के राज्याभिषेक की लीला के साथ छह दिवसीय रामलीला का समापन हो गया। इसका आयोजन तुलसीकृत प्राचीन रामलीला कमेटी ने किया था। उप जिलाधिकारी प्रमोद झा, क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय, नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने भगवान के स्वरूपों की पूजा अर्चना की। प्रबंधक राजकुमार उपाध्याय एवं कार्यकारी अध्यक्ष सोमनाथ अग्रवाल ने बताया कि सन् 1860 से अनवरत् रामलीला का आयोजन किया जाता रहा है। उप जिलाधिकारी ने कहा कि रामचरित्र ही भक्ति का मार्ग है। रामलीला के साथ देवालयों में सजवाट और पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर सतीश मिश्रा, सुनील मिश्रा, अशोक द्विवेदी, राधेश्याम सोनी, शिवपूजन गुप्ता, जुगराज केशरवानी, उमेश सोनी, विकास गुप्ता, बालकृष्ण अग्रवाल, सुभाषचंद्र अग्रवाल, भरतलाल जायसवाल, दीपक अग्रवाल, दीपक जायसवाल, हरिकृष्ण अग्रवाल, श्रीकृष्ण अग्रवाल आदि कमेटी के पदाधिकारी व श्रद्धालु मौजूद रहे।

# डीएम ने युवाओं को दिलाई शपथ

**मतदाता दिवस**

चित्रकूट कार्यालय


शपथ दिलाते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने विभिन्न कालेजों में छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई। डीएम ने राजकीय बालिका विद्यालय, चित्रकूट इंटर कॉलेज व जेपी इंटर कॉलेज की छात्राओं की बनाई रंगोली भी देखीं।

चित्रकूट इंटर कॉलेज में डीएम ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। 80 वर्ष से ऊपर के, दिव्यांग व नए मतदाताओं को सम्मानित किया। इस मौके पर मतदाता पुनरीक्षण सूची के काम में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को भी स्मृतिचिह्न व प्रशस्ति पत्र दिया गया। रंगोली, चित्रकला, मेहंदी प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को भी इनाम दिए गए। डीएम ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर एडीएम वंदिता श्रीवास्तव, एसडीएम सौरभ यादव, प्रधानाचार्य रणवीर सिंह चौहान, नायब तहसीलदार मंगल यादव, स्वीप आइकॉन मैयादीन पटेल व शंकर लाल गुप्ता, सुरेश प्रसाद, लालमन, डॉ. आलोक शुक्ला सहित शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

**सार-संक्षेप**

### नए मंदिर में अब 15 घंटे हो रहे रामलला के दर्शन


रामनगरी में दर्शन–पूजन के लिए जाता श्रद्धालुओं का हुजूम। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** भव्य नवीन मंदिर में रामलला का दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में अयोध्या पहुंच रहे हैं। अब सुबह 6 से रात 10 बजे रात्रि तक अनवरत दर्शन का क्रम चल रहा है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद गुरुवार को तीसरे दिन एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किया है। इसी बीच अयोध्या में राम मंदिर का उल्लास और पौष शुक्ल पूर्णिमा के मौके पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। जहां सरयू नदी में स्नान करने के बाद हनुमानगढ़ी और राम जन्मभूमि पर दर्शन पूजन किया। गुरुवार सुबह 6 बजे भगवान श्री रामलला का श्रृंगार आरती पूजन कर श्रद्धालुओं के लिए दर्शन प्रारम्भ करा दिया गया है। कड़ी सुरक्षा के बीच श्रद्धालु जन्मभूमि पथ के राम जन्मभूमि परिसर पहुंचे जहां सुगमता से दर्शन कर निहाल हो गए। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुताबिक एक लाख 70 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन–पूजन किए हैं।

### अलौकिक अयोध्या में अभूतपूर्व उल्लास


हनुमानगढ़ी की तरफ जाने वाले भक्तिपथ पर कुछ इस अंदाज में दिख श्रद्धालु।

**अयोध्या, अमृत विचार :** अलौकिक अयोध्या में अनवरत रामोत्सव का उल्लास है। प्राण प्रतिष्ठा के तृतीय दिवस गुरुवार को भी आस्था का आवेग चहुंओर छाया रहा। देश के कोने–कोने से पहुंच रहे रामभक्तों को लेकर अयोध्या धाम का कण–कण बलिहारी हुआ जा रहा है। केवल इतना ही नहीं विभिन्न प्रांतों की सांस्कृतिक परंपराओं को सहेज रही रामनगरी देश को एक सूत्र में पिरो रही है। गुरुवार को भी रामपथ और जन्मभूमि पथ के संग धर्मपथ पर श्रद्धालुओं की पदचाप जारी है। सहजता से हो रहे रामलला के दर्शन के साथ यहां पहुंच रहे रामभक्त अलग–अलग समूहों में अपनी लोक कलाओं और सांस्कृतिक परंपरा को भी आराध्य की जन्मभूमि पर अर्पित करने के लिए आतुर हैं। आश्चर्य यह है कोई ऐसा प्रांत नहीं है जहां की सांस्कृतिक विरासत का प्रस्फुटन न हो रहा हो। यहां के निवासी भी अब नव्य अयोध्या में प्रारंभ हो रहे नवीन युग के साक्षी के रूप में स्वयं को आह्लादित पा रहे हैं। हनुमानगढ़ी के अशोक गुप्ता, रमेश अग्रहरि कहते हैं सबकुछ कल्पना से परे है।

### आज पहुंचेगा देवभूमि उत्तराखंड के दर्शनार्थियों का जत्था

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्राण–प्रतिष्ठा के बाद भाजपा की प्रस्तावित श्री राम दर्शन यात्रा के तहत विशेष ट्रेन से देवभूमि उत्तराखंड से श्रद्धालुओं का जत्था शुक्रवार को रामनगरी पहुंचेगा। पार्टी ने सभी तरह की व्यवस्था की है। प्राण–प्रतिष्ठा के बाद पार्टी ने प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र से 5 हजार को दर्शन कराने की योजना बनाई है। भीड़ के चलते राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का उद्घाटन कार्यक्रम स्थगित होने के बाद शुक्रवार को उत्तराखंड के श्रद्धालु दर्शन करेंगे। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया की ट्रस्ट व प्रशासन के समन्वय से व्यवस्था पूरी की जा रही है। नेतृत्व के निर्देश के अनुसार आगे के कार्यक्रम संपादित कराये जाएंगे।

### अब भी सुरक्षा बंदिशों में जकड़ी है रामनगरी


नयाघाट क्षेत्र में निगरानी में जुटे पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्राण–प्रतिष्ठा समारोह को लेकर लागू की गई सुरक्षा बंदिशें और आवागमन पर पाबंदियों का दायरा गुरुवार को सिमटा दिखा लेकिन अभी भी रामनगरी सुरक्षा बंदिशों में जकड़ी है। ड्यूटी प्वाइंटों पर सुरक्षाबल मुस्तैद हैं और गणतंत्र दिवस को लेकर सक्रियता बढ़ाई गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा और सहूलियत के मद्देनजर रामनगरी के मुख्य मार्गों पर आवागमन को लेकर रोक–टोक जारी है। स्थानीय नागरिकों को भी नगरी में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है और सभी को वैकल्पिक मार्गों पर मोड़ा जा रहा है। रामजन्मभूमि पथ के दोनों तरफ दंतधावन कुंड से श्रीराम अस्पताल तक के मार्ग पर केवल पैदल आवागमन की छूट दी जा रही है। रामलला के दर्शन–पूजन की प्रक्रिया को पुलिस–प्रशासन ने सुचारु कर लिया है और भीड़ नियंत्रण योजना लागू होने के बाद रामनगरी में काफी हद तक भीड़ छंट गई है। श्रद्धालुगणों को जांच–तलाशी के बीच सुगमता से दर्शन कराया जा रहा है। ड्यूटी में लगाए गए मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों के साथ विभिन्न एजेंसियों के सुरक्षाबल मुस्तैद हैं। श्रद्धालुओं को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए साकेत पेट्रोल पंप और नाका चौराहे से आसपास के डिपो के वाहनों का संचालन कराया जा रहा है।

# लिपिक के बेटे ने लगाया आरोप-बीएसए के उत्पीड़न से हुई पिता की मौत

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)


फाइल फोटो।

**अमृत विचार :** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय में कार्यरत लिपिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। लिपिक के पुत्र ने आरोप लगाया कि बीएसए के उत्पीड़न की वजह से उनकी तबीयत खराब हो गई और उनकी मौत हो गई। उसने इस संबंध में थाने में बीएसए के खिलाफ तहरीर दी है।

थानांतर्गत खरसेड़ा गांव के निवासी विनीत कुमार पांडेय ने बताया कि उसके पिता लवलेश कुमार पांडेय जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय में कनिष्ठ सहायक थे। उनको 13 अक्टूबर को निलंबित किया गया था। विनीत ने बताया कि उसके पिता के साथ ही एक अन्य लिपिक को भी सस्पेंड किया गया था। आरोप लगाया कि उसके पिता बताते थे कि उस लिपिक को पैसा लेकर बहाल कर दिया गया, जबकि उनसे अधिकारी दो लाख रुपये की मांग कर रहे थे। इसके अलावा पिता ने यह भी बताया था कि सक्षम अधिकारी बीएसए दो साल से पेंडिंग एश्योर्ड करियर प्रोग्रेसन (एसीपी) भी नहीं लगा रहे थे। जबकि साथ वालों की एसीपी ससमय लग चुकी है। विनीत ने बताया कि उसकी बहन की शादी भी होनी थी। इसी दौरान 20 जनवरी को उसके पिता की तबीयत बिगड़ गई। पहाड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से उनको प्रयागराज रिफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी गुरुवार को मौत हो गई। विनीत का आरोप है कि बीएसए के दबाव की वजह से ही उसके पिता की जान गई है। उसने इस संबंध में थाने में तहरीर देकर बीएसए के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। उधर, इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक श्याम प्रताप सिंह पटेल ने कहा कि मृतक का पैतृक गांव थाना पहाड़ी अंतर्गत खरसेडा है लेकिन घटना व घटना से संबंधित लोग कर्वी कोतवाली के हैं। पहाड़ी थाने में परिजनों ने तहरीर दी है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


रोते–बिलखते लिपिक के परिजन। अमृत विचार

**आरोप निराधार : बीएसए**

जब इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव से बात की तो उन्होंने परिजनों द्वारा लगाए आरोप निराधार बताए। उन्होंने कहा कि लवलेश शराब के आदी थे। इससे उनकी तबीयत बहुत दिनों से खराब थी। बताया कि किडनी भी खराब थी। लंबे समय से प्रयागराज में इलाज चल रहा था। इस वजह से उनकी मौत हुई है।

### युवती ने मायके में डीजल डालकर खुद को आग लगाई

कार्यालय संवाददाता, बांदा। मानसिक रूप से परेशान युवती ने मायके में गुरुवार की सुबह अपने ऊपर डीजल डालकर आग लगा लिया। एक अन्य घटना में आग लग जाने से किशोर झुलस गया। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कमासिन थाना क्षेत्र के बीरा गांव निवासी पूजा (24) पत्नी मोहित उर्फ शिववरन एक माह पहले अपने मायके अतर्रा थाना क्षेत्र के महोतरा गांव आई थी। गुरुवार की सुबह उसने अपने ऊपर डीजल डालकर आग लगा ली। पिता शारदा प्रसाद का कहना है कि इन दिनों पूजा परीक्षा की तैयारी में लगी थी जिसकी वजह से वह मानसिक रूप से परेशान थी। एक अन्य घटना में कानपुर के लालपुर निवासी आयुष (14) पुत्र राजू मकर संक्राति में अपनी मां नैनता के साथ अपने मामा के घर मोहनपुरवा आया था। बुधवार की रात वह सर्दी से बचने के लिए चूल्हे में बैठकर आग ताप रहा था तभी उसके कपड़ों में आग लग गई जिससे वह झुलस गया।

### रामधुन पर झूमा बाजार धनवर्षा हुई अपार

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर अयोध्या धाम के बाजारों पर खूब रामकृपा बरसी। दूर–दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने राम नाम से जुड़ी वस्तुओं की जमकर खरीदारी की। तीन से चार दिन में ही लाखों–करोड़ों की बिक्री हो जाने से व्यापारियों की बांछें खिल आइं। आलम यह रहा कि दुकानों पर सामान आउट ऑफ स्टॉक हो गए। भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है और व्यापारी माल अटा नहीं पा रहे हैं। अयोध्या में 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद दर्शनार्थियों का जो रेला चला है वह बहुत ही अविश्वसनीय था। अयोध्या में दर्शन के पश्चात खरीदारी इस कदर हुई कि दुकानदारों का स्टॉक ही खत्म हो गया। 20 से 24 जनवरी के बीच लड्डू प्रसाद, श्रीराम लिखे बच्चों के कपड़े, दुपट्टा, पटका, टीशर्ट, श्रीराम का झंडा, गमछे, पीतल की मूर्तियां, श्री राम लिखी टोपियां, मंदिर मॉडल आदि सामानों की धूम थी।

**कार्यक्रम** ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर में नव मतदाता सम्मेलन का देखा गया सीधा प्रसारण

# प्रधानमंत्री के व्याख्यान से युवाओं को मिली नई ऊर्जा

चित्रकूट कार्यालय



कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षक व स्टॉफ। अमृत विचार

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस पर आज महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति प्रो. भरत मिश्रा के नेतृत्व में ग्रामोदय परिवार द्वारा नव मतदाता सम्मेलन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊर्जावान संबोधन का सीधा प्रसारण देखा व सुना गया। उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देश पर आयोजित इस विशेष प्रसारण की व्यवस्था रजत जयंती भवन, प्रशासनिक, अभियांत्रिकी संकाय, विज्ञान संकाय और सीएमसीएलडीपी सभागार में अलग-अलग की गई थी। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के नए मतदाताओं, क्षेत्र की संस्थाओं और छात्र संगठनों ने प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में युवाओं को इस देश का भविष्य बताते हुए समृद्ध लोकतंत्र में मतदान के महत्व को रेखांकित करते हुए उनका आह्वान किया कि वे आने वाले प्रत्येक चुनाव में अनिवार्य रूप से अपने मत का प्रयोग करें और अपने आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करे। उन्होंने युवाओं को पूर्ण बहुमत की सरकार के महत्व को बताते हुए कहा कि देश के वास्तविक विकास के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में भी पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनाने के नवमतदाताओ को अनिवार्य रूप से मतदान करने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर के प्रसारण स्थलों पर कुलपति प्रो. भरत मिश्रा, अध्यक्ष नगर पंचायत साधना पटेल, काशी विद्या पीठ के प्रो. संजय, कुलसचिव प्रो. आरसी त्रिपाठी, विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. आईपी त्रिपाठी, निदेशक सीएमसीएलडीपी प्रो. अमरजीत सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण के प्रो. शशि कांत त्रिपाठी, कार्यक्रम संयोजक डॉ. उमेश कुमार शुक्ला सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी, छात्र-छात्राएं और चित्रकूट क्षेत्र की संस्थाओं, छात्र संगठनों, स्वयंसेवियों आदि ने सहभागिता की। संचालन डॉ. उमेश कुमार शुक्ला तो संयोजक राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता अभियान ने किया।


नगर पालिका परिषद बांदा
एक कदम, स्वच्छता की ओर
गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर जनपदवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
अपील नगर पालिका के बकाया गृहकर आदि का भुगतान समय से करें।
• जन्म मृत्यु का पंजीयन समय से कराकर असुविधा से बचें।
• सार्वजनिक भूमि सड़क, नाली पर अतिक्रमण न करें।
• गीले-सूखे कूड़े अलग-अलग कूड़ादानों में ही डालें।
• नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग प्रदान करें।
• नगर में लगे स्ट्रीट लाइट उपकरणों को न तोड़ें।
• पॉलीथिन का प्रयोग न करें और न ही उन्हें नालियों में डालें।
• खुले में शौंच न जायें।
बुद्धिप्रकाश यादव
अधिशाषी अधिकारी
समस्त सम्मानित सभासदगण
मालती गुप्ता 'बासू'
चेयरमैन
अंकित गुप्ता 'बासू'
प्रतिनिधि, चेयरमैन


नगर पंचायत - मटौंध (बांदा)
एक कदम, स्वच्छता की ओर
गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर जनपदवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
26 JANUARY
-: अपील :-
• नगर पंचायत के बकाया गृहकर आदि का भुगतान समय से करें।
• जन्म मृत्यु का पंजीयन समय से कराकर असुविधा से बचें।
• सार्वजनिक भूमि सड़क, नाली पर अतिक्रमण न करें।
• गीले-सूखे कूड़े अलग-अलग कूड़ादानों में ही डालें।
• नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग प्रदान करें।
• नगर में लगे स्ट्रीट लाइट उपकरणों को न तोड़ें।
• पॉलीथिन का प्रयोग न करें और न ही उन्हें नालियों में डालें।
• खुले में शौंच न जायें।
जय हिन्द
विजय बहादुर यादव
अधिशाषी अधिकारी
समस्त सम्मानित सभासदगण
सुधीर सिंह
चेयरमैन

## एक नजर

### रामकृपाल त्रिपाठी सीएम के विशेषाधिकारी नियुक्त

नरैनी, संवाददाता, (बांदा)। राजस्थान के राज्यपाल ने जिले के रिसौरा गांव निवासी रामकृपाल त्रिपाठी को मुख्यमंत्री का विशेषाधिकारी नियुक्त किया है। संयुक्त शासन सचिव कनिष्क कटारिया ने पत्र जारी कर इस संबंध की सूचना दी है। इस उपलब्धि से गांव में खुशी का माहौल व्याप्त है। परिजनों ने गांव में मिठाई बांटकर खुशी जताई है। रिसौरा गांव निवासी रामकृपाल त्रिपाठी मध्यम वर्ग के किसान परिवार से हैं। इनके छोटे भाई अनन्तराम त्रिपाठी ने बताया कि उनकी सेवानिवृत्ति 2011 में अपीलेट अथार्टी रेवन्यू (आरएएस) के पद पर हुई थी। विद्यार्थी जीवन से ही वे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े रहे। बताया कि सेवानिवृत्ति के बाद भी वे राजस्थान में जनसेवा के कार्यो से जुड़े रहे। भरतपुर जिले में स्थाई लोक अदालत के सदस्य तथा सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार गठित परिवार कल्याण समिति के अध्यक्ष पद पर भी कार्य करते रहे। राजस्थान सरकार द्वारा उन्हें मुख्यमंत्री का विशेषाधिकारी पद पर नियुक्त करने की सूचना पर घर और गांव के लोगों में खुशी का माहौल हैं। इस खुशी में परिवार के सदस्य विरुपाक्ष त्रिपाठी और वामदेव त्रिपाठी ने गांव में मिठाइयां बांटी। गांव समेत क्षेत्रीय गांवों के लोगों ने भी उनके पैतृक घर पहुंचकर बधाई दी।


रामकृपाल त्रिपाठी।

# पांच नए युवाओं समेत दिव्यांग व वरिष्ठ मतदाता को मिला सम्मान

## राजा देवी डिग्री कॉलेज में 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन, मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए छात्राओं ने किया नुक्कड़ नाटक

**आयुक्त व डीएम ने एलईडीयुक्त मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया**

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशों के क्रम में गुरुवार को '14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस' कार्यक्रम का आयोजन राजा देवी डिग्री कॉलेज में किया गया। इस अवसर पर आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान करने के प्रति जागरूक करने के लिए छात्राओं ने नुक्कड नाटक के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में पहली बार वोटर बने पांच युवाओं समेत वरिष्ठ मतदाता को अंगवस्त्र भेंटकर और निर्वाचन की मतदाता सूची तैयार करने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयुक्त व जिलाधिकारी ने निर्वाचन आयोग से आई एलईडीयुक्त मोबाइल वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी, पुलिस उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मंडलायुक्त ने कहा कि मतदाता सूची का प्रकाशन 23 जनवरी को किया गया है। सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदाता सूची में अपने नाम अवश्य चेक कर लें और आने वाले लोकसभा चुनाव में सभी लोग अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। कहा कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाना है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मण्डल के सभी ग्राम पंचायतों, नगर पालिकाओं व शहरी क्षेत्रों में लोगों को मताधिकार करने के प्रति जागरूक किया जायेगा। कार्यक्रम में डीआईजी अजय कुमार सिंह ने कहा कि नये मतदाताओं से कहा कि उनको यह अवसर प्रथम बार मिला है। वे अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए अपने आसपास के लोंगो को भी वोट डालने के लिए जागरूक करें। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि जिन लोगों का वोटर पहचान पत्र बन गया है वह अवश्य अपने माता-पिता व पास पड़ोस के लोगों को वोट डालने के प्रति प्रेरित करें। इस अवसर पर आयुक्त एवं जिलाधिकारी ने निर्वाचन आयोग से आई एलईडीयुक्त मोबाइल वैन के माध्यम से विधानसभावार मतदान केन्द्रों में भ्रमण कर मतदान के प्रति आज से 25 फरवरी तक प्रचार-प्रसार किये जाने के लिए वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर आयुक्त ने सशक्त लोकतंत्र के लिए मतदाता साक्षरता के अन्तर्गत 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदाता शपथ दिलाई। आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान करने के प्रति जागरूक करने के लिए पंडित जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय की छात्राओं ने नुक्कड नाटक के माध्यम से 'आओ करने चले मतदान, चुनाव निकट आया है''एक वोट भी रह न जाये, यह हम करके दिखलायें' संदेश दिया।

कार्यक्रम में पहली बार वोटर बने युवा मतदाताओं धर्मेन्द्र कुमार, वैशाली, नमन गुप्ता, प्रतिभा देवी, प्रांजलि मिश्रा व दिव्यांग मतदाता राजनारायण व वरिष्ठ मतदाता जुग्गीलाल को अंगवस्त्र भेंटकर और कार्यक्रम में निर्वाचन की मतदाता सूची तैयार करने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ मनोहर निषाद, ललित कुमार, रवीन्द्र वर्मा, नये मुल्ला, गीता देवी, पुष्पा देवी आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट विजय शंकर तिवारी, राजा देवी विद्यालय के प्रबन्धक प्रमोद कुमार शिवहरे, डॉ. अंजू शिवहरे, जीजीआईसी की प्रधानाचार्य दीपाली गुप्ता समेत उप जिलाधिकारी सदर और विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


मताधिकारी प्रयोग के लिए शपथ दिलाते आयुक्त।



नई मतदाता को सम्मानित करते आयुक्त व डीएम।

### पांच बीएलओ व बीआरसी को मिला सम्मान

तहसील सभागार में एसडीएम शशिभूषण मिश्र की अगुवाई में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय जसपुरा की छात्राओं ने हाथों में तख्तियां लेकर राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर अपनी आवाज बुलंद की। इस मौके पर एसडीएम ने 18 वर्ष पूर्ण कर चुके मतदाताओं को लोकतंत्र को सुदृढ़ एवं समृद्ध बनाने के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। तहसीलदार विकास पांडेय ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस हमें लोकतंत्रात्मक देश में मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अधिकार प्रदान किए हैं, जिससे हम अपने मताधिकार के माध्यम से देश के भविष्य को संवारने की क्षमता रखते हैं। सिंधनकलां की मंडली ने मतदान जागरूकता संबंधी लोकगीत प्रस्तुत किया और छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक कर मतदान जागरूकता अभियान को मजबूत बनाया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त का संबोधन भी एलसीडी के माध्यम से सुनाया गया। एसडीएम पैलानी ने पांच बीएलओ व बीआरसी को सम्मानित किया। इस अवसर पर पप्पू शुक्ला गौरीकलां, राकेश बाजपेई सोनामऊ, राकेश सिंह चौहान जसपुरा, पूर्व प्रधान राकेश चौरसिया पैलानी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### नरैनी में निकली जागरूकता रैली

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर एसडीएम विकास यादव ने कस्बा के स्व .दीनदयाल पाण्डेय आवासीय विद्यालय, राजकुमार इंटर कॉलेज, विवेकानंद इंटर कॉलेज, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय समेत कई विद्यालयों के बच्चों के साथ नव मतदाता जागरूकता रैली निकालकर 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवा छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने व राष्ट्रहित में अपने मताधिकार का दायित्व निभाने के लिए जागरुकता संदेश दिया। उपजिलाधिकारी ने सभी को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। रैली में क्षेत्राधिकारी अंबुजा त्रिवेदी, तहसीलदार लखन लाल सिंह राजपूत, नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी प्रमोद सिंह, खंड शिक्षाधिकारी रावेंद्र वर्मा, प्रधानाचार्य प्रकोष्ठ के प्रदेश मंत्री जमुना प्रसाद पाण्डेय समेत राजस्व, विकास समेत अनेक शिक्षक व छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। उधर, भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वाधान में ब्लॉक सभागार में नमो नवमतदाता सम्मेलन का आयोजन जिलाध्यक्ष संजय सिंह की अगुवाई में हुआ। पहली बार मतदाता बने छात्र-छात्राओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण दिखाया गया। सम्मेलन में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रेमनारायण द्विवेदी, ब्लॉक प्रमुख मनफूल सिंह पटेल, डॉ .देवेंद्र सिंह भदौरिया, अशोक कुशवाहा, भाजयुमो के जिला महामंत्री संदीप द्विवेदी, आदित्य चतुर्वेदी, शशांक लखेरा, ओमप्रकाश सिंह राजपूत, ओमप्रकाश पाण्डेय, रोहित त्रिपाठी समेत बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता और नवयुवक मौजूद रहे।

# सरकार से तत्काल पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग

**ओपीएस व मतदाता जागरूकता को लेकर अटेवा ने निकाला मार्च**

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** प्रदेशीय नेतृत्व के आह्वान पर पुरानी पेंशन बहाली और मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए अटेवा पेंशन बचाओ मंच ने पैदल मार्च निकाला। पैदल मार्च में सरकारी कर्मचारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर पुरानी पेंशन बहाली की मांग की।

अटेवा पेंशन बचाओ मंच जिला संयोजक अनूप सिंह की अगुवाई में गुरुवार को राजकीय इंटर कालेज ग्राउंड से पुरानी पेंशन बहाली व मतदाता जागरूकता पैदल मार्च की शुरूआत हुई। प्रदेश संयुक्त मंत्री वीरेंद्र पटेल ने हरी झंडी दिखाकर पैदल मार्च को रवाना किया। कर्मचारियों के हाथों में तख्तियां लेकर पुरानी पेंशन बहाली व मतदान के प्रति लोगों को जागररूक किया। स्वतंत्रता स्मारक अशोक लाट पहुंचकर डा.रामाशीष के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। जिला संयोजक अनूप सिंह ने पुरानी पेंशन बहाली से पहले अटेवा रुकने वाला नहीं है। 4 फरवरी को पूरे प्रदेश से अटेवा लखनऊ में रन फार ओपीएस के लिए दौंड़गे। कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल नही हुई तो आंदोलन की चेतावनी दी। महासचिव जयनारायण श्रीवास ने कहा कि प्रत्येक नागरिक के लिए जितना मतदान जरूरी है, उतना पेंशन भी। इस मौके पर डीसी श्रीवास्तव, कमलेश सिंह, आलोक यादव, मोहन लाल, भानु प्रताप, रणविजय सिह, चंदन सिंह, हरीश कश्यप, नेपाल सिंह यादव, सुरेंद्र पटेल, महिला मोर्चा संयोजक नीतू सिंह, रानी सिंह पटेल, सरिता सिंह, कुसुम मौर्य, शालिनी कनौजिया, राजीव पटेल, शिवचरण पटेल, जानकी शरण सिंह, राम प्रकाश, मुकेश सिंह, बच्चीलाल यादव, यतेंद्र सिंह, बाबूराम, घनश्याम, दिव्यांशु सिंह, प्रवीण सिंह, जेपी सिंह, बाकर खान आदि शामिल रहे।

# मतदान करना हर नागरिक का परम कर्तव्य: प्रकाश


नव मतदाताओं को संबोधित करते सदर विधायक।

**युवाओं ने पीएम का लाइव प्रसारण देख सुना उद्बोधन**

**सदर विधायक ने मतदान के लिए सबको दिलाई शपथ**

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वाधान में सदर विधान सभा क्षेत्र के खुरहंड स्थित जनता इंटर कालेज में आयोजित नमो नव मतदाता सम्मेलन में युवाओं ने बढ़चढ़कर भागीदारी करते हुए प्रधानमंत्री का सीधा प्रसारण देखते हुए उनका उद्बोधन सुना। सम्मेलन समापन पर सदर विधायक ने युवा नव मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई। इस मौके पर सदर विधायक ने कहा कि देश के हर नागरिक का यह परम कर्तव्य है कि वह अपना कीमती मतदान करें।

सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के पैतृक गांव खुरहंड स्थित जनता इंटर कालेज में गुरुवार को भाजयुमो के तत्वाधान में नमो मतदाता सम्मेलन आयोजित हुआ। इस मौके पर युवा मतदाताओं ने एलईडी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण देखा। पीएम का उद्बोधन खत्म होने के बाद सदर विधायक ने कहा कि देश के हर नागरिक का यह परम कर्तव्य है कि वह अपना कीमती मतदान करें। मतदान के महापर्व में भाग लेकर देश को सही प्रतिनिधि देने में अपना सहयोग करें। बताया कि सभी नवयुवकों को राष्ट्रनिर्माण में सहयोग करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करना है। बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार देश के युवाओं को सशक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और इसके लिए तमाम तरह की योजनाओं की शुरुआत की गई है। इस मौके पर भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य संतोष गुप्ता, रंजीत सिंह, स्कूल संरक्षक पूर्व प्रधानाचार्य प्रदीप सिंह, प्रधानाचार्य रमेश मिश्रा, दादूराम, जिला सहकारी बैंक डायरेक्टर राजभवन उपाध्याय, बबलू कुशवाहा सहित तमाम नवयुवा मतदाता उपस्थित रहे।

### नवमतदाता सम्मेलन में दिखाया पीएम का लाइव टेलीकास्ट

तिंदवारी विधानसभा के ग्राम पचनेही में गुरुवार को नमो नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें ग्रामवासियों को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव टेलीकास्ट दिखाकर मतदान के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद, सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, क्षेत्रीय किसान मोर्चा के अध्यक्ष बालमुकुंद शुक्ला, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य लवलेश सिंह, युवा मोर्चा प्रभारी पंकज तिवारी, महोखर ग्राम प्रधान धीरेंद्र सिंह, अमित निगम, आलोक मिश्रा, होरीलाल, योगराज तिवारी, अंकित सिंह, चंद्रभान शुक्ला, संदीप तिवारी, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष हिमांशु सिंह आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल।

# युवक को कमरे में बंदकर पीटा, अस्पताल में भर्ती

**खेत में मवेशी घुसने को लेकर चल रहा था विवाद**

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** मवेशियों को भगाने के लिए खेत जा रहे युवक को दो सगे भाइयों ने दबोच लिया। उसे घसीट कर अपने घर ले गए और कमरे में बंद कर उसे बेरहमी से पीटा। इसके बाद हमलावरों ने उसका गुप्तांग काट दिया। जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। घर वालों ने उसे उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे कानपुर रेफर कर दिया।

छतरपुर जिले के पहरहा गांव निवासी गौरव (20) पुत्र जितेद्र सिंह गुरुवार की सुबह खेत जा रहा था, तभी पड़ोसी दो सगे भाइयों ने उसे दबोच लिया। घसीटकर अपने घर ले गए और कमरे में बंदकर उसे बेरहमी से पीटा। इसके बाद हंसिया से उसका गुप्तांग काट दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपियों के चंगुल से बचकर युवक किसी तरह घर पहुंचा लेकिन वह दरवाजे पर ही गिर गया। सुबह घर वालों ने दरवाजा खोलकर देखा तो गौरव खून से लथपथ पड़ा हुआ था। परिजन उसे लेकर पहरहा पुलिस चौकी पहुंचे और मामले की जानकारी दी। घर वालों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक देख उसे कानपुर रेफर कर दिया। घायल के पिता ने बताया कि उसका व आरोपियों का खेत अगल-बगल है। आरोपी उसके खेत में मवेशी छोड़ देते थे। इसी को लेकर उनके बीच विवाद चल रहा था। खुन्नस के चलते आरोपियों ने उसके पुत्र को पीटकर घायल कर दिया और फिर हंसिया से उसका गुप्तांग काट दिया। प्रेम प्रसंग जैसी कोई बात उसके संज्ञान में नहीं आई है।

# दीक्षोत्सव में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**कृषि विश्वविद्यालय में 29 को नवम् दीक्षांत समारोह का होगा आयोजन**

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में प्रस्तावित नवम् दीक्षांत समारोह 29 जनवरी के उपलक्ष्य में दो दिवसीय दीक्षोत्सव कार्यक्रम को आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

प्रारम्भ में अनेक स्थानीय खेलों का आयोजन कई दिनों तक जारी रहा। दीक्षोत्सव के इस क्रम में साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं ललित कला से संबंधित अनेक कार्यक्रमों का आयोजन विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालय कृषि, उद्यान, वानिकी एवं सामुदायिक विज्ञान में सम्बन्धित सांस्कृतिक समिति द्वारा विशेष रूप से आयोजित की गयी। सभी महाविद्यालयों में कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को एक विशेष अवसर प्रदान किया गया, जिसके अन्तर्गत छात्र-छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त कर सके। सभी सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं को प्रदान की गयी शिक्षा व दीक्षा की उनके जीवन में उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कुलपति प्रो.नरेन्द्र प्रताप सिंह ने इस प्रकार के कार्यक्रमों को आयोजित कर छात्र-छात्राओं को शिक्षा एवं जीवन में इसके प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करने का भी संदेश दिया। सभी महाविद्यालय कृषि, उद्यान, वानिकी एवं सामुदायिक विज्ञान के सांस्कृतिक समिति को अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने समिति के सदस्यों को कार्यक्रम के कुशल संपादन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।


कला के हुनर का प्रदर्शन करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### युवती समेत दो लोगों ने फांसी लगाई भर्ती

बांदा, अमृत विचार : मां की डांट से नाराज युवती ने कमरे के अंदर दुपट्टे से फांसी लगाकर खुदकुशी करने का प्रयास किया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर एक अन्य घटना में नशे में युवक ने पेड़ पर मफलर से फांसी लगाकर जान देने का प्रयास किया। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिल्ला कस्बा निवासी पूजा (20) पुत्री गजराज को बुधवार की रात कामकाज को लेकर मां ने डांट दिया, जिससे नाराज होकर उसने कमरे के अंदर दुपट्टे से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। कुछ देर के बाद मौके पर पहुंचकर घर वालों ने देखा तो आनन फानन फंदा काटकर उसे नीचे उतार लिया। इसी तरह बिसंडा थाना क्षेत्र के बिलगांव निवासी शिवम (20) पुत्र स्वयंवर सिंह बुधवार की रात नशे की हालत में घर आया। इसके बाद वह घर से चला गया। उसने पेड़ पर मफलर से फांसी लगा लिया। मौके पर पहुंचे घरवालो ने फंदा काटकर उसे नीचे उतार लिया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# डीआईजी, एसपी ने शहर में गश्त कर की जांच


गणतंत्र दिवस से पूर्व स्टेशन पर चेकिंग करते डीआईजी और एसपी।


गणतंत्र दिवस से पूर्व शहर में चेकिंग के लिए निकले डीआईजी और एसपी।

**जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए की गई चेकिंग**

संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** डीआईजी और एसपी ने जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए भारी पुलिस बल के साथ शहर में डॉग स्क्वायड, एएस चेकिंग टीम, एलआईयू के साथ पैदल गस्त कर रेलवे स्टेशन व बस स्टैण्ड में सघन चेकिंग की।

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र अजय कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने डॉग स्क्वायड, एएस चेकिंग टीम, एलआईयू की टीम के साथ बस स्टैण्ड पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की। इसी तरह रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की और आने जाने वाले यात्रियों से पूछताछ कर लावारिस वस्तुओं, सामानों के साथ-साथ वाहन स्टैण्ड आदि पर चेकिंग की गई। डीआईजी और एसपी ने शहर क्षेत्र में महेश्वरी देवी मन्दिर, मुख्य बाजार, शंकर गुरू चौराहा, अलीगंज क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ पैदल गस्त करते हुए लोगों में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ किया गया। उन्होंने सड़क पर अतिक्रमण करने वाले लोगों को कड़ी चेतावनी देते हुए अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए। उन्होंने क्षेत्राधिकारी नगर गवेन्द्र पाल गौतम व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अनूप दुबे को होटलों,ढाबों,रेस्टोरेंटो तथा लॉजों को चेक करने के निर्देश दिए।

## आस्था

### श्रीमद्भागवत के श्रवण से ज्ञान, वैराग्य और भक्ति में संवर्द्धन होता है : आचार्य गोपाल मिश्र

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का आगाज

संवाददाता, तिंदवारी (बांदा)

**अमृत विचार:** कस्बे के प्राचीन मां काली देवी मंदिर में विश्वकर्मा परिवार के द्वारा गुरुवार से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा व चारों धाम की पूजा का शुभारंभ विशाल कलश यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुंची। इस दौरान डीजे में भक्ति संगीत के बीच झूमते हुए भक्तजनों ने राधे कृष्ण की जय-जयकार की।

दुर्लभ समागम के बीच रसमयी श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के अमृत का रसपान करते हुए श्रद्धालु रसिकों ने प्रेमपूर्वक भगवान का जयकारे लगाये। कथा व्यास आचार्य गोपाल मिश्र ने कहा की श्रीमद्भागवत के श्रवण से ज्ञान, वैराग्य और भक्ति में संवर्द्धन होता है। धुंधकारी जैसा पापाचार पारायण व्यक्ति भी सद्गति को प्राप्त करता है। वहीं कथा परीक्षित गोमती देवी, शिवप्रताप विश्वकर्मा समेत भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागवत कथा का रसपान किया। इस अवसर पर कौशल किशोर विश्वकर्मा, कमल किशोर, नंदकिशोर, रमेश विश्वकर्मा, भाजपा नेता देवीदीन कुशवाहा, चेयरमैन प्रतिनिधि रमेशचंद्र साहू, कमलाकांत त्रिवेदी, गुलजारी शुक्ला, अभिलाष गुप्ता सभासद, दीपू सोनी सभासद, अनिल शर्मा, प्रमोद तिवारी, लक्ष्मण विश्वकर्मा, नरेंद्र विश्वकर्मा, हरबंस श्रीवास्तव, व्यापार मंडल अध्यक्ष राहुल गुप्ता, आलोक मिश्रा, तेजप्रकाश विश्वकर्मा, चंदन कुशवाहा, अमित कुशवाहा, रज्जू, भोला, मोहन आदि उपस्थित रहे।


सिर पर भागवत महापुराण धारण का शोभायात्रा निकालते लोग।

### नरैनी में कथा के समापन पर भंडारा आयोजित

नरैनी कस्बे के इंद्रानगर मोहल्ले के प्रतिष्ठित सोनी परिवार के आवास में बीते एक सप्ताह से चल रही श्रीमद् भागवत कथा का समापन हो गया। बुधवार को कस्बे में इंद्रानगर मोहल्ले से होकर मुख्य चौराहा और हनुमान चौक से होकर बंबा तालाब तक कलश विसर्जन यात्रा निकाली गई। कन्याओं के सिर पर रखे कलशों को विधिविधान से तालाब में विसर्जित किया। कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन किया, जिसमे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद छका। कलश यात्रा में लोगों एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया। सैकड़ों युवा डीजे की धार्मिक धुनों पर नाचते-गाते चल रहे थे। इस मौके पर आयोजक अशोक कुमार सोनी, लखन लाल राजपूत, अजय तिवारी, अजय विश्वकर्मा, गुरु नारायण द्विवेदी समेत सैकड़ों महिलाएं, युवक-युवतियां शामिल रहे।

# लेंस प्रत्यारोपण को जानकीकुंड भेजे गए मोतियाबिंद के 35 मरीज, मुफ्त में इलाज

**पतौरा गांव में आयोजित हुआ विशाल नेत्र परीक्षण शिविर**

**कार्यालय संवाददाता, बांदा :** सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड (चित्रकूट) के तत्वाधान में आयोजित विशाल नेत्र शिविर में चिकित्सकों ने 126 मरीजों की आंखों का परीक्षण किया। इसमें मोतियाबिंद के 35 मरीजों को लेंस प्रत्यारोपण के लिए जानकी कुंड नेत्र चिकित्सालय ले जाया गया। मरीजों को मुफ्त दवाएं और चश्मा वितरित करते हुए चिकित्सकों ने उचित इलाज की सलाह दी। महुआ ब्लाक अंतर्गत पतौरा गांव में गुरुवार को सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकी कुंड (चित्रकूट) द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन ग्राम प्रधान विनीता ओमप्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोजित हुआ। शिविर का शुभारंभ संत शिरोमणि रणछोड़दास महराज के चित्र पर दीप जलाकर व पूजन से हुआ। शिविर में 126 मरीज का परीक्षण नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सकों ने किया। मोतियाबिंद ग्रस्त 35 मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए जानकी कुंड चिकित्सालय भेजा गया। चिकित्सकों ने 16 मरीजों का विजन चेक करते हुए मुफ्त दवाएं और मुफ्त चश्मा वितरित किए। एक दर्जन मरीजों में आंखों में ग्लूकोमा, रेटिना व मांस बढ़ने की बीमारी पाई गई। उन्हें निशुल्क दवा देकर उचित इलाज की सलाह दी गई। शिविर में नेत्र परीक्षण अधिकारी डा .पंकज गुप्ता, परामर्शदाता विनय मिश्रा, आप्टिकल बृजेश यादव, मेडिसन नरोत्तम सिंह, अर्जुन यादव और अखिलेश सिंह रहे। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ओमप्रकाश त्रिपाठी समेत अन्य लोगों ने शिविर में व्यवस्था संभाली।



फीता काटकर शिविर का शुभारंभ करती विनीता ओमप्रकाश त्रिपाठी।

# समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

राठ परिशिष्ट

## संदेश

गणतंत्र दिवस पर समस्त क्षेत्र वासियों, सभी सुधि पाठकों एवं विज्ञापन दाताओं को हार्दिक शुभकामनाएं। आइए हम सब मिलकर जाति और धर्म की दीवारों को तोड़कर मानवता का संदेश दें। हम सभी लोग इस राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस में आपसी सौहार्द और भाई चारे के साथ मनाएं। जय हिंद।

**एस धनबालन**
संस्थापक
क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल, राठ

## संदेश

देश की राष्ट्रीय एकता और सदभावना को बना कर रखें। आज देश में कुछ अराजकता शक्तियां देश की अखंडता को नष्ट करना चाहते हैं। समाज में फैली बुराईयों को मिलाते हुए हमें देश को परम वैभव तक पहुंचाना है। शिक्षा के सहारे राष्ट्र की प्रगति से हमारा समाज उन्नत बनेगा। देश के युवा नशा छोड़ देश को आगे बढ़ाने का कार्य करें। शुभकामनाओं सहित सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

**अंकित शर्मा**
प्रिंसिपल
इंडस वैली पब्लिक स्कूल, राठ


BEST EDUCATION
CHRIST CONVENT SCHOOL
RATH, Distt. Hamirpur, U.P.- 210431
Happy Republic Day

MBBS SELECTED STUDENTS 2023
Ankur Soni, S/o Mr. Ramprakash Soni — King George's Medical University Lucknow. (KGMU)
Neeraj Gautam, S/o Mr. Hari Singh — Ganesh Shankar Vidyarthi Memorial Medical College Kanpur. (GSVMC)

IIT SELECTED STUDENTS 2023
Lucky Gupta, S/o Mr. Awadhesh — IIT Selected
Madhur Gupta, S/o Mr. Mahesh Gupta — IIT Selected
Anuj Singh, S/o Mr. Ram Subhag Singh — IIT Selected

SCHOOL TOPPERS
Prakhar Agrawal, S/o Dr. Mahendra Agrawal — Percentage : 95.4%, Class : 12th
Kashish Rajput, D/o Anand Swaroop — Percentage : 95.2%, Class : 10th

JEE MAIN RANKERS 2023
Shivam Saxena, S/o Mr. Naresh Babu — 98.3%
Suyash Kumar Gupta, S/o Mr. Rajendra Kumar Gupta — 96.8%
Rishi Sahu, S/o Mr. Krishna Gopal Sahu — 98.17%
Yashraj Rajput, S/o Mr. Santosh Singh — 93.8%
Kunal Singh, S/o Mr. Surendra Singh — 89%

Selected in National Athletics
Satyshi Khewariya, D/o Mr. Satyam Khewariya

Founder S. DHANABALAN
Vice Principal E.RUBAN THARMARAJ
Principal RAMESHWAR DAYAL



26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस की सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
हिन्द एंजिल्स पब्लिक स्कूल
हमीरपुर रोड, राठ
सीनियर सेकेंडरी, सीबीएसई बोर्ड (इंग्लिस मीडियम)
रामहेत सिंह — मैनेजिंग डायरेक्टर
शिवांगी राजपूत — डायरेक्टर
स्वदेश राजपूत — डायरेक्टर



Mr. VIJAY BAHADUR SINGH (Ex MP, Ex Advocate general U.P.) PATRON
Indus Valley Public School, Rath
(A Senior Secondary School, Affiliated to CBSE)
Mr. VISHAL SINGH CHAIRMAN
इण्डस वैली परिवार की तरफ से आप सभी को गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं।
प्रवेश प्रारम्भ
कक्षाएँ प्री-नर्सरी से 9 वीं व 11वीं तक
31 मार्च 2024 से पूर्व पंजीकरण करायें।
सीमित सीटें
14 फरवरी, बसन्त पंचमी के दिन रजिस्ट्रेशन एवं एडमिशन फीस में 50% की छूट
● सी.सी.टी.वी. ● स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण ● डिजिटल क्लासेस स्कूल ऐप ● सुव्यवस्थित लाइब्रेरी एवं प्रयोगशालाएँ ● आशीष नेहरा क्रिकेट एकेडमी
Plot No. 73, Kumhariya, Orai Road, Rath-210431 www.ivpsrath.com
Contact to- 9792393777, 7992031180



26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर शिक्षकों, अभिभावकों, बच्चों एवं गणमान्य नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
सेठ छोटे लाल एकेडमी
औड़ेरा रोड, राठ
सीबीएसई बोर्ड
धीरेंद्र श्रीवास्तव — प्रबंधक
आयश बुशरा — प्रिंसिपल
केजी अग्रवाल — अध्यक्ष
डा.रामगोपाल गुप्ता — संस्थापक
हरीप्रकाश गुप्ता — कोषाध्यक्ष



26 जनवरी गणतंत्र दिवस 2024 की सभी व्यापारियों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों को शुभकामनाएं
केजी अग्रवाल
जिलाध्यक्ष
उद्योग व्यापार मंडल, राठ-हमीरपुर



26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर सभी व्यापारियों, अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, राठ
ब्रजेश गुप्ता
जिलाध्यक्ष
भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, हमीरपुर



26 जनवरी पर समस्त नागरिकों, अधिकारियों को हार्दिक बधाई
डा. गीतम सिंह
सीएमओ हमीरपुर
डा. अखिलेश कुमार
अधीक्षक, राठ
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, राठ



26 जनवदी गणतंत्र दिवस की सभी नागरिकों को शुभकामनाएं
अभिनव प्रज्ञा महाविद्यालय
अमगांव, राठ
डा. अमित कुमार शर्मा
प्राचार्य
डा.एसके सिंह — प्रबंधक
वीरेंद्र कुमार — अध्यक्ष



26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर शिक्षकों, अभिभावकों, बच्चों एवं गणमान्य नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
महारानी लक्ष्मीबाई शिक्षा संस्थान
मल्हौंवा रोड़, दीनदयाल पैलेस, राठ
दैनिक/आवासीय
शहजाद सर — प्रधानाचार्य
वीरेंद्र राजपूत — संचालक



26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मौके पर सभी अभिभावकों, अधिकारियों, ग्रामीणों को बधाई
प्रभा शिक्षा निकेतन इंटर कालेज
अमगांव, राठ
अशोक पालीवाल — प्रबंधक
मनोज कुमार राठौर — प्रधानाचार्य



।। समाजवादी पार्टी जिन्दाबाद ।।
।। मा. अखिलेश यादव जिन्दाबाद ।।
समस्त पार्टी कार्यकर्ताओं अधिकारियों एवं समस्त गणमान्य नागरिकों को
रामाधार सिंह — पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक- राठ
चौधरी धूराम लोधी — पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक- राठ
26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेन्द्र सिंह लोधी (कछ्वा) — जिला महासचिव, समाजवादी पार्टी, हमीरपुर- राठ
डॉ. कमलेश लोधी — राठ (हमीरपुर)

## अवैध असलहे के साथ युवक गिरफ्तार

कुरारा(हमीरपुर),अमृत विचार: थाना क्षेत्र के भौली गांव में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अवैध असलहा बेचने वाले आरोपी को 315 बोर तमंचा सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा। भौली गांव में गुरुवार को एक व्यक्ति तमंचा बेचने की फिराक में गांव के बाहर खड़ा था वही मुखबिर ने थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंचे उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह ने अपने हमराहियों के साथ घेराबंदी कर युवक को पकड़ा जिसके पास से 315 बोर तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ जिसने अपना नाम देवदत्त पुत्र सुमेश विश्वकर्मा निवासी रुरी पारा थाना ललपुरा बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेजा।

# मतदाता दिवस पर एलईडी वैन को किया रवाना

**आगाज**

▸▸ चौदहवां राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम राहुल पांडेय। अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चौदहवां राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर्षोल्लास के साथ में मनाया गया। शुभारम्भ स्टेडियम से रैली निकाल कर किया गया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार मिश्रा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली को कलेक्ट्रेट कैम्पस में डीएम राहुल पांडेय ने मतदाताओं को शपथ दिलाकर जागरूक किया। एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जिलाधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी उद्बोधन को प्रोजेक्टर के माध्यम से उपस्थित सभी लोगों के द्वारा श्रवण किया गया । मतदाता जागरूकता से संबंधित प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित करने के उपरान्त ईवीएम/वीवीपैट के प्रयोग से वाकिफ किए जाने के लिए दो एलईडी वैन को ईवीएम सहित हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार वाहन समस्त मतदेय स्थलों का भ्रमण करते हुए समस्त नागरिकों को जागरूक करने का कार्य करेगीं।

## नगर में निकाली गई जागरूकता रैली


मतदाता जागरूकता रैली में शामिल एसडीएम व अन्य। अमृत विचार

**मौदहा (हमीरपुर) अमृत विचार :** मतदाता दिवस पर नगर में विशाल रैली निकाल मतदाताओं में जागरूकता के लिए उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में अभियान शुरू किया गया। कस्बे के देवी चौराहा से तहसील तक लगभग एक दर्जन विद्यालयों के छात्राओं ने शीतलहर के बावजूद जागरूकता के नारे लगाते हुए रैली निकाली। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी राजेश कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में छात्राओं व अध्यापकों तथा रैली में आए समाज सेवियों से अपील की कि सभी लोग पूरे तन्मयता से शत-शत मतदान करने के लिए अभी से प्रयास शुरू करें। उन्होंने कहा कि इसके लिए छात्र टोलियां बनाएं घरों में जाए और कुंडी बजा -बजा कर लोगों में जागरूकता पैदा करें (जो लोग 18 वर्ष पूरा करने के बाद भी अभी तक मतदाता नहीं बने हुए (वह मतदाता बने और आने वाले आगामी चुनाव में सत् प्रतिशत मतदान के लिए अभी से तैयार हो जाएं। रैली में विशेष रूप से तहसीलदार बलराम गुप्ता, अधिशासी अधिकारी सुशील कुमार दोहरे, नगर प्रभारी मोहम्मद शाहीद तथा नगरीय क्षेत्र के प्राथमिक व कॉलेज के अध्यापक प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

## मतदाता दिवस पर आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

**हमीरपुर :** जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, दरियापुर में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानाचार्य ने मतदान को लेकर शपथ दिलाई। छात्रों ने मतदाता जागरूकता प्रभात फेरी निकाली। प्रधानाचार्य मंगला प्रसाद ने मतदान का महत्व बताया। बताया सशक्त लोकतंत्र के लिए मतदान अनिवार्य है। कार्यक्रम पर निबन्ध प्रतियोगिता, पोस्टर, रंगोली, चित्रकला, स्लोगन आदि का आयोजन किया गया। निबंध में राजेश प्रथम, मदन मोहन द्वितीय, अनिरुद्ध गुप्ता तृतीय स्थान पर रहे। रंगोली प्रतियोगिता में मोहित प्रथम, शिवम द्वितीय, विजय तृतीय, चित्रकला प्रतियोगिता में सुमित प्रथम, लोकेश द्वितीय, रोहन राजपूत एवं सुमित तृतीय, पोस्टर प्रतियोगिता सोनू, शिवा 7 द्वितीय, कनिष तृतीय स्थान प्राप्त किए। कार्यक्रम का आयोजन प्रीति कुमारी ने कराया। संचालन अनिल कुमार मौर्य प्रवक्ता ने किया। नरेंद्र कुमार, याज्ञनिक, गीता, आराधना सिंह, दीप अग्रवाल, जगदीश आदि रहे।

**एक नजर**

### छात्रों ने सुना मोदी का संवाद

**राठ (हमीरपुर),अमृत विचार :** कस्बे के ब्रहमानंद महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नव मतदाताओं के साथ सीधे संवाद कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। इस दौरान विभिन्न संकाय से संबंधित छात्र छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रधानमंत्री के अभिभाषण को सुना। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुरेंद्र सिंह सहित डॉ. एन.के. सिंह, डॉ. दीपक सिंह, डॉ. ऋषि कुमार शर्मा, डॉ. वी.पी. गौतम, डॉ. दुर्गेश कुमार सहित विभिन्न प्रध्यापक गण उपस्थित रहे।

### मतदाता दिवस पर बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी

**सुमेरपुर,अमृत विचार :** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर सुमेरपुर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के स्कूली छात्र छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाली। इस मौके पर गायत्री विद्या मंदिर बालिका इंटर कालेज, आदि सरकारी विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही 18 वर्ष से ऊपर आयु वाले नए मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए अपील की।

# बैठक से नदारद उद्यान अधिकारी पांच का वेतन रोका गया

## अटल भूजल योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर की बैठक

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


अटल भूजल योजना की बैठक लेते डीएम राहुल पांडेय। अमृत विचार

**अमृत विचार :** अटल भूजल योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने बैठक ली। बैठक में अनुपस्थित जिला उद्यान अधिकारी का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के जिलाधिकारी जालौन व कार्यवाही के लिए प्रमुख सचिव उद्यान को पत्राचार करने तथा अटल भूजल में खराब प्रगति पर उद्यान निरीक्षक जैनेंद्र तिवारी, सहायक उद्यान निरीक्षक पीयूष कुमार, वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक प्रभु दयाल तथा बैठक में अनुपस्थित रहने पर लघु सिंचाई के मौदहा के जेई का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के निर्देश दिए गए।

अटल भूजल योजना के जरिए सुमेरपुर, मौदहा, मुस्करा व सरीला विकासखंड की 57 ग्राम पंचायतों को चयनित किया गया है। इनमें जल संरक्षण को बढ़ावा देकर भूजल स्तर को सुधारना जाना है। इसको लेकर ग्राम विकास, उद्यान, पंचायती राज, सिंचाई विभाग,भूमि संरक्षण सहित अन्य विभागों की समीक्षा जिलाधिकारी ने की। समीक्षा में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति कम होने पर कड़ी नाराजगी जताई और शतप्रतिशत लक्ष्य पूर्ति माह फरवरी तक करने के निर्देश दिए। इस मौके जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम व द्वितीय, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली को लेकर पैदल मार्च निकाला

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



पुरानी पेंशन बहाली को लेकर रैली निकालते शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मतदाता दिवस के शुभ अवसर पर अटेवा के प्रांतीय आह्वान पर जिला मुख्यालय सहित ब्लॉक मुख्यालयों में भी पुरानी पेंशन बहाली के लिए पैदल मार्च निकाला गया। जिला महासचिव कमल किशोर के नेतृत्व में अंबेडकर पार्क से लेकर इस्लामिया इंटर कॉलेज और सुभाष बाजार तिराहे से पुनः अंबेडकर पार्क तक पैदल मार्च निकाला लिया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता रणविजय चक्रवर्ती ने किया।

इस मौके पर कपिल तिवारी ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली का आंदोलन अब जन आंदोलन बनने की ओर अग्रसर है। सरकार शिक्षक कर्मचारियों की जायज मांग को तुरंत पूरा करे। सहसंयोजक विनोद कुमार ने कहा कि वर्तमान सरकार रामराज की बात करती है पर हम शिक्षक/ कर्मचारियों का हक मारने का काम कर रही है क्योंकि व्यवस्थापिका/ न्यायपालिका को पुरानी पेंशन दे रही है। जबकि कार्यपालिका का नई पेंशन जबरन थोप रही है जो लोकतंत्र में गलत है। राजबहादुर दक्ष ने कहा कि कर्मचारी 62 वर्ष की सेवा के बाद बुढ़ापे की लाठी पुरानी पेंशन को न देकर संविधान का उल्लंघन करती है जिसे कर्मचारी बर्दास्त नहीं करेगा। इस मौके पर सुभद्रा, नीलम, कमलेश यादव, सुमन निषाद, सुंदरकली, शालू सिंह, स्मिता नामदेव, दीक्षा पटेल, कमलेश श्रीवास, शैलेंद्र पाठक, आत्मप्रकाश, नरेंद्र राजपूत, कर्मेंद्र अनुरागी, अरविंद यादव, इमामुद्दीन, जयप्रकाश निषाद, बाबादीन निषाद, राममिलन सिंह, मुख्तार अहमद, चंद्रभान, जितेंद्र अनुरागी, संजय कुमार, कमलेश यादव, प्रकाश चंद्र सरोज, शरीफ मोहम्मद, रामबहादुर नयन, दिनेशचंद्र आर्य, मधूप सिंह, मुकेश,मनोज विश्वकर्मा, दयाशंकर, विनोद कुमार, राहुल कुमार, राजू अनुरागी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# प्रेमी युगल की हत्या के मामले में दो मामा सहित पांच को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार:** प्रेमी युगल की हत्या के मामले में गुरुवार को जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने दोष साबित होने पर मृतका के दो मामा व तीन चाचा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं 26-26 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है।

राठ कोतवाली क्षेत्र के अकौना गांव निवासी वादी महेंद्र ने 7 नवंबर 2005 को राठ कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 30 अक्टूबर 2005 की भाई अरविंद पुत्र हरिनारायन व गांव की विनीता से आपस में कई वर्षों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था, जिसके चलते वह घर से भाग गये। जिसके बाद 31 अक्टूबर को युवती पक्ष के भारत लोधी, टीकम, भीकम पुत्रगण नब्बू व जवाहर, दयाराम आदि उसके घर चढ़ाई कर आए। जिसमें भारत दोनाली व भीखम रायफल तथा अन्य लोग कुल्हाड़ी आदि लिए थे। उन्होंने उसे धमकाया। इसके अगले दिन 1 नवंबर को मेरे रिश्तेदारों ने मुस्करा बस स्टाप में बोलेरो में अरविंद व विनीता सहित आठ लोगों को देखा। पूछने पर कोई सही जवाब नहीं दिया और गाड़ी चरखारी रोड की तरफ चली गई। 7 नवंबर 2005 को पता चला कि खरेला थानाक्षेत्र के कंधौली गांव की नहर पुलिया के पास दो शव के कंकाल पड़े हैं। तब वादी मौके पर पहुंचा और कपड़े देखकर मैने दोनों की पहचान की। पुलिस ने इस घटना में मृतका के चाचा भारत, टीकम, भीखम गांव के जगदीश व मृतक के मित्र पियूस सैनी व कंधौली निवासी मामा सोहन, घस्सू के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी राजेश कुमार शुक्ल ने बताया कि 18 वर्ष पुराने इस मुकदमें की सुनवाई जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने करते हुए आरोपित भारत, टीकम, भीखम निवासी अकौना व सोहन व घस्सू निवासी कंधौली को आजीवन कारावास व 26-26 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई। जबकि जगदीश की दौरान मुकदमा सुनवाई मौत हो चुकी है व पियूस सैनी के विरुद्ध आरोप पत्र नहीं आया।

# भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने नमो नव मतदाता के लाइव प्रसारण को देखा


प्रधानमंत्री के नमो नव मतदाता का प्रसारण देखते कार्यकर्ता।

**राठ (हमीरपुर),अमृत विचार :** कस्बे के मां शारदा पैलेस में नमो नव मतदाता सम्मेलन के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर प्रधानमंत्री का अभिभाषण सुनने के लिए सैकड़ों की तादाद में कार्यकर्ता रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत ने कहा की आप सभी को पहले वोट के अधिकार को समझना है। अपने फ्यूचर को देखते हुए सही दिशा में वोट डालना है। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, गोहांड ब्लाक प्रमुख अरविंद्र राजपूत मुखिया रहे। संयोजक जिला महामंत्री भाजयुमो राजीव आर्य उर्फ रज्जू ने कहा युवाओं के पास संभावनाओं का पहाड़ है। अपना पहला वोट देश व राष्ट्र को देना है। जिससे कि हमारा देश परम वैभव पर पहुंचे। जिला उपाध्यक्ष अजय साहू, जिला मंत्री भरत राजपूत, रोहित गुप्ता, जिला कार्यसमिति सदस्य नीरज द्विवेदी, ग्रामीण मंडल संगीत द्विवेदी, मंडल उपाध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा, अंकित अग्रवाल, राममिलन राजपूत आदि रहे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला ने की। संचालन राजीव आर्य रज्जू ने किया।

**सार-संक्षेप**

### निर्भीक होकर मतदान की दिलाई शपथ


शपथ दिलाते ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल। अमृत विचार

**कुरारा,अमृत विचार :** विकासखंड परिसर में मतदाता दिवस पर ब्लॉक प्रमुख व खंड विकास अधिकारी ने उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई। विकासखंड परिसर में गुरुवार को मतदाता दिवस मनाया गया। जिसमें ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल व खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्ता ने उपस्थित कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश को लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म जाति समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित होकर बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदाता दिवस में धर्मेंद्र पाल एडीओ पंचायत, नरेंद्र गुप्ता, नसीम अहमद सिद्दीकी, वेद प्रकाश, मनोज कुमार, प्रवीण कुमार आदि मौजूद रहे।

### पुरानी पेंशन बहाली को लेकर निकाली रैली



रैली निकालते शिक्षक। अमृत विचार

**कुरारा (हमीरपुर),अमृत विचार :** कस्बे में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर शिक्षक एवं अन्य कर्मचारियों ने रैली निकाल कर विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की। कस्बे में गुरुवार को अटेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के आवाह्न पर ब्लॉक इकाई कुरारा के द्वारा रैली निकाली गई। जो विकासखंड परिसर से होते हुए लालमन पुलिया से मेन बाजार से बस स्टाफ से होते हुए ब्लाक कार्यालय में संपन्न हुई। रैली में जगह जगह कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। रैली में धर्मेंद्र कुमार, धर्मेंद्र सिंह, प्रदीप चौधरी, संतोष गौड़, सुखदेव प्रसाद, अच्छे लाल प्रजापति, कुलदीप कुमार, कमल किशोर, विष्णु द्विवेदी, लतीफ खान, दीपक यादव, आशीष मिश्रा, अनिता वर्मा, रचना प्रकाश, संगीता, नीलम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### पडुई ने शेखूपुर को व कंडौर ने सोंधी को हराया


क्रिकेट मैच खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

**कुरारा( हमीरपुर),अमृत विचार :** विकासखंड क्षेत्र के पडुई गांव में क्रिकेट टूर्नामेंट के छठवें दिन दो मैच खेले गए। पहले मैच में पडुई ने शेखुपुर को आठ विकेट से हराया। जबकि दूसरे मैच में कंडौर ने सोंधी को दो विकेट से पराजित किया। पडुई गांव में गुरुवार को छठवें दिन क्रिकेट टूर्नामेंट पहला मैच में शेखपुर टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 .2 ओवर में आल आउट होकर 57 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विपक्षी टीम पडुई ने 8 .2 ओवर में 2 विकेट खोकर 58 रन बनाकर 8 विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच अमित कुमार निषाद को दिया गया। दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सोंधी ने 8 ओवर में 7 विकेट खोकर 54 रन बनाए। वही जवाब में उतरी कंडौर टीम ने 4 विकेट खोकर 8 ओवर में 55 रन बनाकर दो विकेट से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच धर्मेंद्र को दिया गया। इस मौके पर राम सजीवन पूर्व प्रधान, संजय, जगदीश आदि मौजूद रहे।

# करहिया गांव में आयोजित दंगल में पहलवानों ने दिखाए दांव-पेच

मौदहा(हमीरपुर)


दंगल में पहलवानों के हाथ मिलवाते आयोजक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** विकासखंड के बड़ी आबादी वाले गांव में आयोजित दो दिवसीय इनामी दंगल एवं विराट कवि सम्मेलन के आयोजन में आज क्षेत्र सहित दूरदराज से आए पहलवानों ने कुश्ती कला का प्रदर्शन किया तो वहीं गणतंत्र दिवस के दिन विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाना निश्चित है। जिसमें बुंदेलखंड के कवियों द्वारा अपनी कविता के माध्यम से ग्रामीणों को आनंदित एवं उत्साहित करेंगे।

करहिया गांव में बीते वर्षों की बात इस वर्ष भी पौष मास की पूर्णिमा के दिन पूर्वजों से चली आ रही परंपरा को कायम रखते हुए विराट इनामी दंगल का आयोजन किया गया है। जहां दो दर्जन महिला पुरुष पहलवानों ने अपने रोचक दांव पेंच दिखाकर ग्रामीणों का दिल जीता और तालियों की गड़गड़ाहट से पहलवानों का हौसला बढ़ाया गया। दंगल के आयोजक बबलू दद्दा ने बताया की पूर्वजों से यह परंपरा चली आ रही है। जिसको कायम रखते हुए पौष मास की पूर्णिमा के दिन हर साल दंगल का आयोजन किया जाता है। दंगल में महिला पहलवानों की कुश्ती आकर्षण का केंद्र रही। दिनेश सिंह ने बताया कि 26 जनवरी शुक्रवार के दिन बुंदेलखंड के नामी गिरामी कवियों द्वारा विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी आए हुए आगंतुक विराट कवि सम्मेलन का लुफ्त उठाएं। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरविंद श्रीवास, भाजपा युवा मोर्चा पश्चिमी युवराज सिंह, बाबूलाल सिंह, श्रीराम मिश्रा, राम अवतार कुशवाहा, राम आसरे अवस्थी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### पहलवानों ने दर्शकों को किया रोमांचित


दांव पेंच दिखाते पहलवान।। अमृत विचार

**सरीला (हमीरपुर),अमृत विचार :** वार्षिक दंगल के अंतिम दिन की पहलवानों ने रोचक दांव पेंचों का प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित किया। इस मौके पर 30 कुश्तियां हुई। गुरुवार को नगर के वार्षिक मेले में दंगल के अंतिम दिन आधा दर्जन बुंदेलखंड केसरियों ने जोर आजमाइश की। सभी कुश्ती बराबरी पर रहीं। गुढ़ा के महेंद्र ने कड़ी मशक्कत के बाद फतेहपुर के रोहित को पटकनी दी। दयालपुरा के जितेंद्र ने बांदा के पुष्पेंद्र को चित किया। कबरई के प्रमोद ने फतेहगढ़ के प्रकाश को दांव में फ़ांसकर चित कर दिया। धौहल के विनय ने औरैया के कृष्ण पाल को शिकस्त दी। मसगांव के मेघराज ने दिल्ली के महेंद्र को पटकनी दी। वृंदावन की महिला पहलवान गौरी पांडे ने एटा के जिद्दी पहलवान को धूल चटा दी। दंगल में तीस कुश्तियां हुई। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार अनुरागी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सरीला जीतू राजपूत, ब्लॉक प्रमुख गोहाण्ड अरविंद मुखिया, नगर पंचायत गोहांड अध्यक्ष अनीता राजपूत, राजू मंडी वाले सहित भारी तादाद में दर्शक मौजूद रहे। रेफरी की भूमिका दुर्गा प्रसाद सोनी व नरेंद्र यादव ने निभाई। दंगल का संचालन रामकुमार त्रिपाठी व कुलदीप गुप्ता ने किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल मौजूद रहे।

**शिक्षा की खबर**

कड़कड़ाती ठंड के बीच प्रारंभ हुई बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर की परीक्षा

# 29 परीक्षार्थियों ने पहले दिन छोड़ी सेमेस्टर परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



सेमेस्टर परीक्षा का निरीक्षण करते प्राचार्य एसपी गुप्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार :** कड़कड़ाती ठंड के बीच प्रारंभ हुई बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के प्रथम दिन उन्नीस परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

गुरुवार से प्रारम्भ हुई बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर की परीक्षाए ऊँ हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज प्रथम पाली में स्नातक के बीए, बीकॉम, बीएससी के साथ परास्नातक स्तर के तृतीय सेमेस्टर हिन्दी, अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान तथा प्रथम सेमेस्टर के रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान के कुल पंजीकृत 181 छात्र/छात्राओं में से सात छात्र/छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी। इसी प्रकार मध्याह्म पाली में बीएससी तृतीय सेमेस्टर गणित के पंजीकृत 22 छात्र/छात्राओं मे से 01 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। सांय कालीन पाली मे परास्नातक स्तर के प्रथम सेमेस्टर हिन्दी, अर्थशास्त्र, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान तथा तृतीय सेमेस्टर के रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान कुल पंजीकृत 151 छात्र/छात्राओं में से 11 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। ऊँ हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के केन्द्राध्यक्ष डॉ स्वामी प्रसाद ने बताया कि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुछेछा के छात्र परीक्षा में सम्मिलित हो रहे है इसके साथ ही इस महाविद्यालय की छात्राए भी परीक्षा में सम्मिलित हो रही है। शासन एवं विश्वविद्यालय की मंशा अनुरूप सघन तलाशी के पश्चात् परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया जा रहा है परीक्षा के दौरान मोबाइल तथा किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाने की अनुमति नहीं है। परीक्षाएं सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कराई जा रही हैं।

# गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में दोषी को तीन वर्ष का कारावास

**हमीरपुर,अमृत विचार :** दुकान के उधारी का पैसा मांगने पर जानबूझकर गंभीर चोट पहुंचाने के 18 साल पुराने मामले में अपर सत्र विशेष न्यायाधीश एफटीसी प्रथम सुदेश कुमार की अदालत ने दोषी को तीन वर्ष का कठोर कारावास व 12 हजार जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर 15 दिन की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता महेश द्विवेदी ने बताया कि मझगवां थानाक्षेत्र के नौरंगा गांव निवासी कालका प्रसाद ने दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन बंगरा निवासी मानसिंह राजपूत के यहां व्याही थी। मान सिंह की मौत होने के बाद उसने अपने भांजे नरेश कुमार, देवकरन व बालमुकुंद को अपने यहां रख लिया था। बताया कि उसने भांजे नरेश कुमार को नौरंगा में पान की दुकान खुलवा दी थी। जिससे उसके भांजों का भरण पोषण चल रहा था। बताया कि गांव के ही मातादीन व प्रेमनरायण दोनों भाई भांजे की दुकान से उधार सामान लेते रहे। 20 सितंबर 2005 को उसके भांजे ने उनसे अपनी उधारी का पैसा मांगा तो कहने लगे कि तुम्हारी उधारी का पैसा नहीं मिलेगा। हमसे पैसा मांगकर उनकी इज्जत खराब की है। मौका मिला तो तुम्हें जान से मार देंगे। बताया कि 21 सितंबर को उसका भांजा शौच को गया था। वापस आने पर दोनों लोगों ने कुल्हाड़ी व डंडे से हमला कर उसको मरणासन्न कर दिया। पुलिस ने हत्या का प्रयास सहित अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्जकर आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था। मामले में गत वर्ष अदालत ने दोषी मातादीन को सजा सुनाई थी। जबकि दूसरा आरोपी प्रेमनरायण फरार हो गया था। जिसे पुलिस ने एक माह पूर्व गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जिसकी सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोषी प्रेमनरायण को तीन साल की सजा सुनाई है।

# मताधिकार का प्रयोग स्वयं करें और दूसरों को भी प्रेरित करें

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में सभी कलेक्ट्रेट के अधिकारियों/ कर्मचारियों को शपथ दिलाई।

जिलाधिकारी ने शपथ दिलाते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को बनाए रखते हुए निर्भीक होकर धर्म वर्ग जाति समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे*।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि 18 से 19 साल के बच्चे अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराकर ज्यादा से ज्यादा अपने मत का प्रयोग करें और अपने माता-पिता, भाई-बहन को अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें। यदि आप अपने सपने का देश बनाना चाहते हो, तो इसके लिए आपको सोचना पड़ेगा और आप चाहते हैं कि हमारा देश व जिला एक विकसित देश बन पाए तो इसके लिए आप सभी लोगों को अपने देश के प्रति जागरूक रहना पड़ेगा, और अपने देश को आगे बढ़ाने के लिए हर समय तत्पर रहना पड़ेगा। आप लोग सही सरकार चुने वह तभी हो सकता है जब आप अपने लोकतंत्र में मताधिकार का ज्यादा


युवती को वोटर कार्ड देते डीएम। अमृत विचार

से ज्यादा प्रयोग करें और सरकार आपके हित में काम करें।कहा कि आप लोग ऑनलाइन वेबसाइट में जाकर भी अपने मोबाइल के जरिए नए मतदाता बन सकते हैं ।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मतदाता जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया। यह वाहन मुख्य चौराहों, गांव, शहर के सभी बूथों में जाकर लोगों को अपनी मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक करेगी और बताएगी कि आप लोग कैसे वोट डाल सकेंगे। कार्यक्रम में जिलाधिकारी के द्वारा बी.एल.ओ. को उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा 18 से 19 साल के बच्चों को

**निर्देश**

▸▸ **भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने अधिकारियों कर्मचारियों को दिलाई शपथ**

नए मतदाता बनने पर उन लोगों को वोटर आईडी उनके हाथों में सौंपी गई। वोटर आईडी को पाकर बच्चे पहली बार वोट डालने के लिए उत्साहित दिखे।

अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश ने कहा कि इस महोबा जनपद में दो विधानसभा हैं पिछले साल जनपद में वोटर प्रतिशत 60 प्रतिशत रहा। इस साल आने वाले चुनाव में आप सभी लोग ज्यादा से ज्यादा अपने मत का प्रयोग करके जनपद का वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने का हर संभव प्रयास करेंगे, जिससे अपने जिले को नंबर एक पर लाया जा सके और उन्होंने नारा देते हुए कहा कि सारे काम छोड़ दो,सबसे पहले वोट दो ।

मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह ने कहा कि अभी तक 37000 नये मतदाताओं के आवेदन आए हैं, इस बार जिले का वोटर प्रतिशत हंड्रेड परसेंट करने का प्रयास रहेगा। हम सभी लोग 14 वा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं वह अपना नाम मतदाता सूची में जरूर दर्ज कराये । इस मौके पर एडीएम न्यायिक शिशिर कुमार, एडीएम नमामि गंगे जुबेर बेग, एसडीएम सदर जितेंद्र सिंह सहित कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# हजरत मस्तान शाह बाबा के उर्स के दिनअकीदतमंदों की जुटी भीड़


उर्स के मौके पर नगर में चादर जुलूस निकालते अकीदतमंद। अमृत विचार

▸▸ **शहर के अलावा ग्रामीण अंचलों से भी अकीदतमंदों ने निकाला चादर जुलूस**

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** हजरत मस्तान शाह बाबा के 51वें सालाना उर्स के दूसरे दिन भी चादर जुलूस निकाला गया। शहर में निकाली गई चादर के दौरान डीजे पर कव्वालियों की गूंज सुनाई दी, इसके अलावा ग्राम शाहपहाड़ी से भी मोहम्मद शरीफ के आवास से चादर जुलूस निकाला गया।

चादर जुलूस मुख्य मार्गों से होते हुए मस्तान शाह बाबा के आस्ताने पर पहुंची, जहां पर अकीदतमंदों ने मजार ए अकदस पर चादर चढ़ाई और मन्नतें मांगी। चादर के बाद मजार पर फातिहा पढ़ी गई, जहां पर लोगों की भारी भीड़ जुटी। अकीदतमंदों ने मजार पर चादरपोशी की और दुआएं मांगी। इस मौके पर महिलाएं भी मजार के बाहर से मन्नतें मांगती दिखाई दी। उर्स के मौके पर दूर दराज से लोगों ने आकर शिरकत की।

गुरुवार की रात चादर चढ़ाने के बाद सभी लोगों को लंगर वितरित किया गया। दूर दराज से आने वाले बाहरी लोगों को खाने और ठहरने का भी इंतजाम किया गया। फिरोजाबाद से आए कव्वाल अनस व जुनैद चिश्ती द्वारा कव्वाली की महफिल देर रात तक सजाई गई।

सूफयाना कव्वाली सुनने के लिए लोग देर रात तक डटे रहे, युवाओं के अलावा बुर्जुग व महिलाओं ने भी सुफयाना कव्वाली का लुत्फ उठाया। कमेटी द्वारा कव्वाली सुनने के लिए महिलाओं को बैठने के लिए अगल से इंतजाम किया गया।

उर्स दौरान मजार पर खासी चहल पहल रही। महिलाओं ने भी भारी संख्या में पहुंचकर शिरकत की और दुआएं मांगी।

**झालर और फूल-पत्तियों से आकर्षक सजावट**

उर्स के मौके पर मजार ए अकदस के आसपास मार्ग पर बिजली व झालर और फूल पत्तियों से आकर्षक सजावट की गई। सज्जादा नसीन ने अपने घर से चादर उठाई इसके अलावा मुकेरीपुरा और चौसियापुरा से भी चादर जुलूस निकाला गया, जो मजार ए अकदस पर पहुंचकर समाप्त हुआ। जुलूस के दौरान लोग नात शरीफ पढ़ते हुए चल रहे थे। चादर चढ़ाने के बाद लंगर किया गया। लोगों ने अपने अपने घरों में भी लंगर किया। मजार की कमेटी द्वारा सारी व्यवस्थाएं की गई। बाहरी लोगों का खासा ख्याल रखा गया।

## एक नजर

### वन रेंजर ने अधिकारियों कर्मचारियों को दिलाई शपथ

**कुलपहाड़ महोबा।** राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस के अवसर पर वन क्षेत्र अधिकारी ने कार्यालय में मौजूद समस्त अधिकारियों कर्मचारियों को मतदाताओं को जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया, कहा कि मतदान के दिन सभी लोगों को अपने परिवार सहित इष्ट मित्रों सहित पहले मतदान करने हेतु प्रेरित किया जाए मतदान करने के उपरांत ही अन्य कार्य करें शपथ दिलाते हुए कहा कि मतदान करने हेतु स्वयं जागृत हों, तथा मतदान करने के संबंध में अन्य लोगों को भी जागरूक करें यही हमारा राष्ट्रीय धर्म है शपथ ग्रहण समारोह में वन क्षेत्र अधिकारी छेदालाल के अलावा वरिष्ठ लिपिक रामखेलावन वन दरोगा अयूब वन दरोगा तिवारी सहित समस्त स्टाफ ने शपथ ग्रहण की।

### कौशल विकास मिशन के तहत निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण

**महोबा।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत कम्प्यूटर कोर्स का छात्र छात्राओं को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है साथ ही निशुल्क पुस्तकें व यूनिफार्म भी प्रशिक्षणार्थी दी जा रही है। श्रद्धा शिक्षा कौशल विकास सेंटर के प्रबंधक जगदीश ने बताया कि शहरी एवं ग्रामीण युवाओं को कंप्यूटर आपरेटर का चार माह क्लासरूम व तीन माह की इंडस्ट्री प्रशिक्षण दिया जाएगा और इसके बाद फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण होने के बाद प्रशिक्षण का प्रमाण प्रत्र प्रदान किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट उत्तीर्ण जिनकी उम्र 18 से 35 आयु वाले युवा युवतियां आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि छात्र छात्राएं शहर के मोहल्ला सुभाष नगर स्थित सेंटर पर अपना फार्म लेकर जमा कर सकते हैं।

# गणतंत्र दिवस को लेकर तैयारियां जोरों पर

## गणतंत्र दिवस को लेकर विद्यालयों में बच्चों को बना जा रहा दक्ष, किसी स्कूल में नृत्य तो कहीं पर दिया जा रहा गीत संगीत का प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** गणतंत्र दिवस को लेकर सरकारी और गैर सरकारी विद्यालय भी अपने अपने स्कूल के बच्चों की तैयारी कराने में जुट गए हैं। अध्यापकों में भी बच्चों को बेहतर तैयारी कराने के प्रति खासा उत्साह है, यही वजह है कि शिक्षण कार्य कराने के साथ साथ गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों में भाग लेने वाले बच्चों को नृत्य, गीत, संगीत और राष्ट्रीय गीत के अलावा नाटक सिखाया जा रहा है। यह बच्चे 26 जनवरी को अपने अपने विद्यालयों और पुलिस लाइन में बेहतर प्रस्तुति देंगे।

**उत्सव की तैयारी**

▸▸ **बच्चों को प्रथम द्वितीय व तृतीय पुरुस्कार से सम्मानित, कूल बुलाकर कराया जा रहा है रिहर्सल**

26 जनवरी पर सभी विद्यालयों में राष्ट्रीय गीत के अलावा तरह तरह के कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाती है। अच्छी प्रस्तुति देने वाले विद्यालय के बच्चों को प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरुस्कार से सम्मानित भी किया जाता है।

इन कार्यक्रमों की तैयारी के लिए अध्यापकों ने मेहनत करानी शुरू कर दी है, जहां एक तरफ शिक्षण कार्य चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ


स्कूल में कार्यक्रम की तैयारी करते बच्चे। अमृत विचार

कुछ बच्चे शिक्षण कार्य के साथ साथ गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम की तैयारी में जुट रहे हैं। तमाम विद्यालयों में अध्यापक छुट्टी के बाद भी अलग से बच्चों की तैयारी करा रहे हैं, जिससे बच्चे गणतंत्र दिवस पर एक से बढ़कर एक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दे सकें। गणतंत्र दिवस को लेकर विद्यालय और कालेजों की छुट्टी होने के बाद भी कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को स्कूल बुलाकर रिहर्सल कराया जा रहा है। बच्चों में भी गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों में भाग लेने के प्रति खासी उत्सुकता है।

यही वजह है कि बच्चे स्कूल की छुट्टी होने के बाद भी स्कूलों में पहुंच जाते हैं, जिसके चलते स्कूलों में खासी चहल पहल बढ़ गई है। कहीं गीत संगीत की आवाज सुनाई दे रही है तो किसी कक्ष में बच्चे नृत्य सीख कर दक्ष बन रहे हैं।

गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ जमा होती है, इसलिए स्कूली बच्चों को भी बेहतर से बेहतर प्रस्तुति देने के लिए तैयार किया जा रहा है, जिससे विद्यालय और विभागीय अधिकारी का नाम रोशन हो सके।

# सिंचाई करते समय दो चचेरे भाई कुएं में गिरकर हुए घायल

महोबा

**अमृत विचार।** कुएं से मोटर को निकलते समय एक वृद्ध का पैर फिसल गया, जिससे वह कुएं में गिर गया। आवाज सुन खेत पर काम कर रहा उसका चचेरा भाई वहां पहुंच और वृद्ध को बचाने के चक्कर में वह भी असंतुलित होकर कुएं में गिरकर घायल हो गया। आसपास खेतों में काम कर रहे अन्य किसानों की मदद से दोनो घायलों को कुएं से निकाला गया और जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जिले की सीमा से सटे जिला छतरपुर मध्यप्रदेश के ग्राम चितहरी के एक खेत में मोहन अहिरवार(60) निवासी ग्राम पठा सिंचाई कर रहा था, तभी कुएं में डाली गई मोटर अचानक खराब हो गई, जिसे निकालने के लिए वह गया और उसका पैर फिसल गया, जिससे वह कुएं में गिर गया। आवाज सुन खेत पर काम कर रहा उसका चचेरा भाई मानिकलाल (50) भी वहां पहुंचा और भाई को कुएं से निकालने के चक्कर में असंतुलित होकर वह भी कुएं में गिर गया।

शोर शराब सुन आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने रस्सी की मदद से दोनो बाहर निकाला। जहां पर मोहन की हालत चिंताजनक होने से उसे मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया गया, जबकि मानिकलाल का उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

# युवती ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

कुलपहाड़ महोबा



**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुढ़ारी में एक 17 वर्षीय युवती सुनैना रैकवार पुत्री स्वर्गीय लालदास रैकवार ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही सूने मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए महोबा भेज दिया है। पिता लालदास की डेढ़ माह पूर्व अचानक तबियत बिगड़ने से मौत हो गई थी। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# शिक्षिका के साथ दुष्कर्म मामले में आरोपी को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय लखविन्दर सिंह ने एक शिक्षिका के साथ किए गए दुष्कर्म के मामले में दोष सिद्ध हो जाने पर अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई साथ ही 50 हजार रुपये का जुर्माना भी ठोंका। जुर्माना अदा न करने पर चार माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। अदालत ने अभियुक्त को पुलिस हिरासत में जेल भेज दिया गया।

कस्बा कुलपहाड़ एक प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापिका के पद पर तैनात एक शिक्षिका की 20 मार्च 2013 को बीआरसी जैतपुर में मीटिंग थी। मीटिंग में शिक्षिका शामिल होकर वापस

**फैसला**

▸▸ **अदालत ने अभियुक्त पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी ठोंका**



कुलपहाड़ आने के लिए मार्ग पर खड़े होकर वाहन का इंतजार कर रही थी, तभी कस्बा कुलपहाड़ के मोहल्ला टौरियापुरा निवासी अखिलेश चौबे पुत्र सुरेश चौबे निकला, जो कि शिक्षिका के पास में ही रहता था। उसने चार पहिया वाहन रोककर कुलपहाड़ चलने के लिए शिक्षिका से कहा। पड़ोसी होने के कारण वह उसकी गाड़ी में बैठ गई। रास्ते में उसने पानी पिया और शिक्षिका को पानी पिलाया। पानी पीते ही शिक्षिका बेहोश हो गई। शिक्षिका ने आरोप लगाया कि जब होश में आयी तो उसके कपड़े अलग पड़े थे और पशुवाड़े में आपत्तिजनक स्थिति में थी।

शिक्षिका के बेहोशी के समय अखिलेश चौबे ने उसका आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया था, इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर वह उसका आर्थिक और शारीरिक शोषण करता रहा, जिससे शिक्षिका लाज लज्जा के डर से सबकुछ सहन करती रही, बाद में उसकी पैसे की मांग और बढ़ गई, जिससे परेशान होकर उसने अपने साथ घटी घटना की जानकारी 4 अक्टूबर 2016 को अपने परिजनों को बताई। इसके बाद परिजनों ने शिक्षिका को ले जाकर पुलिस अधीक्षक को घटना की जानकार दी। एसपी के निर्देश पर 4 अक्टूबर 2016 को कोतवाली कुलपहाड़ में अखिलेश चौबे के खिलाफ दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

विद्वान न्यायाधीश ने गुरुवार को दोनो पक्षों के गवाह और बहस सुनने के बाद अखिलेश चौबे को दुष्कर्म का दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावार की सजा सुनाई साथ ही 50 हजार रुपये का जुर्माना भी ठोंका। जुर्माना अदा न करने पर अभियुक्त को चार माह की अतिरिक्त सजा का भी प्रावधान किया। सरकार पक्ष की ओर इस मुकदमे की पैरवी शासकीय अधिवक्ता प्रमोद पालीवाल और एक अन्य अधिवक्ता दुर्गा लोधी ने की। अभियुक्त को पुलिस हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# महोबा में जोशों खरोश से मनाई गई हजरत अली की यौम-ए पैदाइश

**हजरत अली की जयंती**

▸▸ **शहर में एक दर्जन स्थानों पर स्टाल लगाकर मिष्ठान और चाय, शर्बत किया वितरित**

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में हजरत अली की यौम-ए पैदाइश जोशो खरोश और उत्साह के साथ मनाई गई। यौम ए पैदाइश पर शहर में एक दर्जन से ज्यादा स्थानों मे स्टाल लगाकर राहगीरों और आसपास के लोगों को चाय, पानी, हलवा, दूध, जलेबी और मिष्ठान वितरित किया गया। स्टालों के पास लोगों की भारी भीड़ जुटी रही। शहर के सुभाष चौक प्रांगण में अधिकारियों और धर्म गुरुओं ने पहुंचकर हजरत अली के जीवन पर


कार्यक्रम में मौजूद धर्मगुरु। अमृत विचार

प्रकाश डालते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का आहवान किया।

हजरत अली की यौम ए पैदाइश पर गुरुवार सुबह से ही सुभाष चौक, ऊदल चौक, आल्हा चौक, जुमा बाजार, रेलवे स्टेशन तिराहा, हवेली दरवाजा, मकनियापुरा, भटीपुरा, मदीन मस्जिद चौराहा, लवकुश नगर तिराहा सहित एक दर्जन स्थानों पर स्टाल लगाकर लोगों मिष्ठान वितरित करने के साथ साथ चाय पानी, बिस्किट, वितरित किया। हवेली दरबाजा में भट्टी जलती रही, जिससे राहगीरों को गरमा गरम जलेबी खिलाकर पानी पिलाया गया। यौम ए पैदाइश पर लोगों में खासा उत्साह दिखाई दिया। कई स्टालों के पास डीजे पर नातिया कलाम बजते रहे। सुभाष चौक परिसर में हजरत अली की जयंती के मौके पर नबी की बारगाह में पहुंचने के लिए अली की गुलामी जरूरी है। काजी ए शहर कारी मौलान


समाजसेवी, चाय की चुस्की लेते लोग। अमृत विचार

आफाक हुसैन ने कहा कि मौला अली ने कुबूल किया जो नबी की बारगाह का मकबूल हुआ और जो मौला अली से अलग हुआ वो नबी की बारगाह से मरदूद हुआ। कहा हजरत अली के मर्तबे का क्या कहना उनकी पैदाइश ही हरम-ए-काबा में हुयी। काजी शहर आफाक हुसैन ने कहा कि नबी की नींद पर नमाज-ए-असर कुर्बान कर दिया और नबी ने उनकी नमाज को अदा करने के लिए डूबा हुआ सूरज वापस किया। जलसे के बाद आखिर में सलातो-सलाम और दुआ की गयी और लंगर वितरित किया गया।

तहसीलदार सदर ने कहा कि हजरत अली ने आपसी भाईचारे का संदेश दिया हैं, हम सभी को उसके बताए रास्ते पर चलना चाहिए। अलताफ हुसैन ने कहा कि हजरत अली पैगम्बर मुहम्मद के चचाजाद भाई और दामाद थे। इन्हें मुसलमानों के खलीफा के तौर पर जाना जाता है। हजरत अली का जन्म मक्का में हुआ था और इनका निकाह हजरत पैगम्बर मोहम्मद साहब की बेटी फातिमा से हुआ था। इनके बेटे हुसैन ने कर्बला की लड़ाई में भूखे-प्यासे रहकर बताया कि जेहाद किसे कहते हैं। शेरे खुदा के जन्मदिन के मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोग एक-दूसरे को बधाई देते हैं। नियाज मोहम्मद ने कहा कि शांति और अमन के लिए हजरती अली ने लोगों को पैगाम दिया था।इस मौक पर तहसीलदार सदर, चर्च के राजेन्द्र नथानी, व्यापार मण्डल के जिलायक्ष भागीरथ नगाइच, भूपेन्द्र साहू, शिवकुमार गोस्वामी, शरद कुमार तिवारी दाऊ, रामजी गुप्ता, जाहिद काजी व खादिमाने हुसैन कमेटी के सदस्य व नगर के गणमान्य नागरिक व समाजसेवी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### युवक ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन



**महोबा।** कोतवाली कुलपहाड़ के ग्राम मुढारी में एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। ग्राम मुढ़ारी निवासी सुखलाल के बीस वर्षीय पुत्र शशि ने किसी बात से क्षुब्ध होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया और अचेत होकर जमीन पर गिर गया। परिजन जब उसके कमरे गए तो उसे जमीन पर पड़ा देख उनके होश उड़ गए और आनन फानन में उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर किया। जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में डाक्टरों द्वारा भर्ती कर युवक का उपचार किया जा रहा है।

### एनएनएस का एक दिवसीय शिविर संपन्न

**महोबा।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत राजकीय महाविद्यालय चरखारी में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य आनंद गोस्वामी की अध्यक्षता में एनएसएस की तीनों इकाईयों द्वारा मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई साथ ही प्राचार्य द्वारा छात्र छात्राओं व प्रवक्ताओं को मतदान के प्रति शपथ दिलाई गई। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के तहत स्वयं सेवकों ले महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाकर श्रमदान किया और स्वच्छता का संदेश दिया। इस मौके पर हरिओम सिंह, प्रोफेसर उमाशकर त्रिपाठी, अशोक कुमार, मंजू सिंह, रितू चतुर्वेदी, संजीव कुमार गुप्ता, सुमन सिंह, गजेंद्र सहित तमाम प्रोफेसर व महाविद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

**आस्था** गोष्ठी के दौरान श्रीराम के वनवास काल के समय गोखार पहाड़ पर भक्ति भाव से आने का दिया प्रमाण

# विश्व शांति के लिए श्रद्धालुओं ने लगाई गोरखगिरि की परिक्रमा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार, महोबा।** गुरू गोरखनाथ परिक्रमा समिति के तत्वावधान में गुरुवार को कड़ाके की ठंड के बीच प्रातः श्रद्धालुओं ने पौष मास पर विश्व शांति के लिए गुरु गोरखनाथ की तपोस्थलीय ऐतिहासिक गोरख पर्वत की परिक्रमा लगाई। परिक्रमा में श्रद्धालु श्रद्धा, भक्ति, राम नाम की धुन व ओम नमः शिवाये उद्घोष के साथ हाथों में भगवा झंडे लेकर परम्परागत मार्गों से होते हुए चल रहे थे। परिक्रमा समाप्ति के बाद शिव मंदिर में एक गोष्ठी का


विश्व शांति के लिए परिक्रमा लगाते श्रद्धालु। अमृत विचार

आयोजन किया गया, जिसमें श्रीराम, माता सीता व लक्ष्मण वनवास काल दौरान गोखारगिरि आने पर वक्ताओं द्वारा प्रकाश डाला।

पौष मास पर लगाई गई यात्रा शिव तांडव मंदिर से शुरु हुई जो पटवा के बाल हनुमान मंदिर, राम जानकी मंदिर, संत कबीर आश्रम, हाजी फीरोज शाह बाबा की मजार, भूतनाथ आश्रम, राम दरवार मंदिर, काली माता व छोटी चंद्रिका मंदिर से पुलिस लाइन होते हुए नगौरिया मंदिर, बालाजी हनुमान मंदिर, काल भैरव मंदिर, शिवतांडव में पहुंचकर समाप्त हुई, जहां पर गुरु गोरखनाथ की कृपा प्राप्त करने के लिए गुरु गोरखनाथ सिद्ध बाबा, गोरखेश्वर महादेव, संकटा माता आदि के जयकारे श्रद्धा भक्ति पूर्व और आस्था के साथ लगाए गए। परिक्रमा के बाद शिव मंदिर परिसर में गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें परिक्रमा समिति के प्रमुख व वीर भूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रोफेसर डा0 एलसी अनुरागी का कहा कि कहा कि गोरखगिरि की परिक्रमा करने से धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की भी प्राप्ति होती है। कहा कि चौदह वर्ष के वनवास काल के समय भगवान राम, सीता व लक्ष्मण इस पर्वत पर रहे थे, जिसका सीता रसोई व रामकुंड इसके जीवंत प्रमाण है। हरिशंकर नायक ने कहा कि श्रीराम राष्ट्र की आत्मा है, उनके आदर्श अपनाने से राष्ट्र और अधिक मजबूत बनेगा। कार्यक्रम में साध्वी सुनीता अनुरागी ने वाल्मीकि रामयण के राम आदर्श गुणों के श्लोक सुनाकर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर आशीष पुरवार, राकेश चौरसिया, गौरीशंकर कोष्ठा, भगवानदास प्रजापति, चंद्रभान श्रीवास, बहादुर अनुरागी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

श्रद्धालुओं द्वारा रामकुंड तीर्थ को भी गोरखिगिरि पर्वत की तरह विकसित करने पर विचार विमर्श किया गया। अंत में गोरखनाथ के जयकारों के साथ प्रसाद का वितरण किया गया और सभी आए हुए भक्तों का डा0 एलसी अनुरागी ने आभार व्यक्त कर गोष्ठी का समापन किया।

# वाद विवाद प्रतियोगिता में पक्ष से वसुंधरा व विपक्ष से माजदा रहीं प्रथम

महोबा

**अमृत विचार।** पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कालेज महोबा में डिजिट जनरेशन अवर जनरशन विषय पर आधारित वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डिजिट जनरेशन अवर जनरशन पक्ष पर कक्षा 12 की छात्राएं वसुंधरा, दीपा व मुस्कान ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार विपक्ष में अपने विचार रखने हुए छात्रा नेहा ने पहला, माजदा हनीफ ने दूसरा और छात्रा सुमन ने तीसरा स्थान हासिल किया, यह सभी प्रतिभागी भी कक्षा 12 की छात्राएं हैं।

▸▸ **समाज में लड़कियों को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है राष्ट्रीय बालिका दिवस**

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका कल्पना अग्रवाल, नीरज प्रभा निगम, रामप्यारी आदि टीचर्स ने निभाई।

इस मौके पर प्रधानाचार्य सरगम खरे ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाजिक लोगों के बीच बालिकाएं के जीवन को बेहतर बनाने के लिये और लड़कियों की स्थिति को बढ़ावा देने के लिये भारत में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। कहा कि बहुत जरुरी है कि विभिन्न प्रकार के समाजिक भेदभाव और शोषण को समाज से पूरी तरह से हटाया जाये, जिसका हर रोज लड़कियाँ अपने जीवन में सामना करती हैं, लड़कियों के लिये ये बहुत जरुरी है। बताया कि बालिका को बराबरी दर्जा दिलाए जाने के लिये भारत में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

समाज में लड़कियों को आत्मनिर्भर व आगे बढ़ावा देने के लिए सरकार तमाम अभियान व योजनाएं चलाई जा रही है, जिससे बालिकाओं के साथ होने वाली असमानता को कर दूर किया जा सके। इस मौके पर विद्यालय के टीचर्स, स्टाफ व तमाम छात्राएं मौजूद रहीं।




सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी।



कार्यक्रम में मौजूद डीएम, एसपी व अन्य। अमृत विचार

# लोकतंत्र के निर्माण में हर मतदाता को करना होगा मतदान

- 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदान की दिलाई गई शपथ
- सांस्कृतिक मंच से मतदान का बताया महत्व, किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा गुरुवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम पहुंचे। यहां पर उन्होंने 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर जागरुकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी को मतदाता दिवस के अवसर पर मतदान करने व आसपास के लोगों को जागरुक करने की शपथ दिलाई।

आयोजित कार्यक्रम में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सांस्कृतिक मंच सजाया गया। स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक, प्रेरणादायक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसमें नाटक का मंचन करके बताया गया कि एक-एक मत बहुत महत्वपूर्ण है। एक मत से कई मर्तबा अच्छा प्रत्याशी हार जाता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सराहना की और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कहा कि एक सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करायें, ताकि एक सशक्त सरकार का चयन कर सकें। सभी शत प्रतिशत मतदान कर एक रिकॉर्ड कायम करेंगे।

अधिकारी कर्मचारी जनपद के नागरिक जो मतदान प्रक्रिया से जुड़े हुए हैं वह सभी मतदाताओं को संकल्प बद्ध करते हुए बूथों पर निकालकर शत प्रतिशत मतदान कराएंगे। दिव्यांग व्यक्तियों, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं व थर्ड जेंडर और समाज के सभी वर्गों सहित हर मतदाता बूथों पर निकल कर बढ़-चढ़कर वोट डालेगा। मतदान को राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान कर राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से मतदान अवश्य करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, समावेशी, सुलभ, नैतिक और पारदर्शी बनाने के लिए हम सदैव तत्पर हैं।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर स्वीप के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधानाचार्य व अध्यापकों को सम्मानित किया गया, उत्कर्ष कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया, इसी प्रकार स्वीप कार्यक्रम के तहत मेहंदी प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित, बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के बारे में जागरुक करने निकला प्रचार वाहन

**उरई।** जनपद के सभी तहसीलों के प्रमुख बाजार, नगर एवं गांव में प्रचार वाहन के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के बारे में जागरूकता लाने के लिए प्रचार वाहन को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा, मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार ने राजकीय मेडिकल कॉलेज से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वैन के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से मतदान करने एवं उसका परिणाम जानने के लिए वीडियो संचालित कर जागरूक किया जाएगा।



वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए डीएम व एसपी

# गौशाला का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम, जिम्मेदारों को दिए निर्देश

संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** गौशालाओं की अव्यवस्थाओं की आ रही खबरों को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया। गांव स्तर पर खुली गौशालाओं की हकीकत जानने के लिए अचानक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में एसडीएम ने तहसील क्षेत्र के गांव छिरिया सलेमपुर की गोशाला का औचक निरीक्षण किया। यहां पर निरीक्षण कर प्रधान व सचिव को आवश्यक निर्देश दिए।

गुरुवार को एसडीएम सुशील कुमार तहसील क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर स्थित गौशाला पहुंचे। यहां पर उन्होंने गोवंशों के लिए किए गए इंतजामों को चेक किया। गौशाला में साफ सफाई व्यवस्था देखकर सुधार करने के सख्त निर्देश दिए। कहा कि नियमित सफाई की जानी चाहिए। गोवंशो के लिए पीने के पानी का इंतजाम दुरुस्त मिला। इसके अलावा जरूरत के हिसाब से तिरपाल कम था। प्रधान प्रतिनिधि आशू तिवारी व सचिव से कहा कि सर्दी को देखते हुए चरही के पानी को सुबह और शाम दोनों समय खाली कर ताजा पानी भरा जाए। पशुओं को ताजा पानी मिल सके। गौशाला में भूसा के भी पर्याप्त इंतजाम मिले।

गांव में यदि कोई निराश्रित गोवंश मिले तो उसे भी गौशाला में पहुंचाया जाए। गौशाला में पशुओं को सर्दी से बचाव के लिए गुड़ और अजवाइन भी खिलाई जाए। ठंड को देखते हुए गोशाला में अलाव की व्यवस्था करें। ठंड में गोशाला में पशुओं का नियमित चेकअप कराएं। यदि कोई पशु बीमार हो तो तत्काल उसका उपचार कराएं। किसी भी तरह की हीलाहवाली कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



छिरिया सलेमपुर की गौशाला का निरीक्षण करते एसडीएम।

## टी-20 जालौन प्रीमियर लीग की तैयारियां पूरी 28 से शुरूआत

**जालौन।** एसबीडीएम क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय जालौन प्रीमियर लीग का आयोजन 28 जनवरी से किया जाएगा। टी 20 जालौन प्रीमियर लीग का आयोजन स्थनीय छत्रसाल इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस संदर्भ में एकेडमी के निदेशक पुष्पेंद्र सिंह चंदेल व गौरीश द्विवेदी ने जानकारी देकर बताया कि जालौन प्रीमियर लीग के आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पिच और मैदान की अन्य व्यवस्थाओं पर काम चल रहा है। प्रदेश स्तरीय इस लीग में नौ टीमें भाग ले रही हैं। जिनमें आशीष नेहरा क्रिकेट एकेडमी राठ, कानपुर क्रिकेट क्लब कानपुर, नदीम सिद्दीकी क्रिकेट एकेडमी रायबरेली, विक्टोरिया क्रिकेट क्लस मेरठ, शिकोहाबाद क्रिकेट क्लब, यूथ क्रिकेट एकेडमी इटावा, स्टेडियम स्ट्राइकर, टीवर इलेवन उरई व यंग क्रिकेट क्लब जालौन की टीमें अपना प्रदर्शन करेंगी। एकेडमी की योजना है कि क्रिकेट खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारा जाए और ऐसे खिलाड़ी निकाले जाएं जो प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें।

# सदर विधायक ने युवाओं का बढ़ाया उत्साह, किया जागरुक

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** देश को मजबूत सरकार देने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। जो पहली बार मतदाता बने है उन्हें अपने मत का तो प्रयोग करना ही है अपने घर परिवार के साथ आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए जागरुक करना है। देश के विकास के लिए एक अच्छी सरकार का चुनाव करना होता है और अच्छी सरकार आपके मत से बनेगी। यह बात सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने नमो नव मतदाता ऑनलाइन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का संबोधन सुनने के बाद कही।

गुरुवार को शहर के एसआर इण्टर कालेज में नमो नव मतदाता ऑनलाइन कार्यक्रम सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा के मुख्यातिथ्य व गौरव गौतम के विशिष्ट आतिथ्य एवं शिक्षक नेता अशोक कुमार राठौर की मौजूदगी में हुआ। आज देश की विभिन्न योजनायें इन्हीं को दृष्टिगत रखते हुए आगे बढ़ाई जा रही हैं। विभिन्न एयरपोर्टों पर विमानों की उपलब्धिता के लिए हजारों की संख्या में नये विमानों की व्यवस्था की जा रही है। यह देश के पर्यटन के साथ-साथ युवाओं के चतुमुर्खी विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री का संबोधन सुनने के बाद मौजूद अतिथियों ने अपनी रखी।




कार्यक्रम को संबोधित करते सदर विधायक।

### कदौरा में एलईडी के माध्यम से सुना गया पीएम का संवाद

**कदौरा।** कस्बे के महंत भगवत विशाल इण्टर कॉलेज के प्रांगण में नमो नव मतदाता ऑलाइन कार्यक्रम एलईडी के माध्यम से पीएम नरेंद्र भाई मोदी का वर्चुअली संवाद सुना गया। भाजपा कार्यकर्ता व विद्यालय के विद्यार्थियों ने बड़े ही ध्यान से संबोधन सुना। कहा कि आप सभी पर 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण की जिम्मेदारी है। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष अर्चना शिवहरे, पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि उपेन्द्र गौतम, रविकांत शिवहरे, प्रधानाचार्य विकाश कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष बब्लू शुक्ला, विवेक निगम, आशीष शुक्ला, आशीष तिवारी, राहुल परिहार, जगत नारायण विश्वकर्मा, आदि मौजूद रहे।

**भाजपा आईटी सेल जिला सह सयोजक सिद्धार्थ मिश्रा पर बूथ अध्यक्ष ने दर्ज कराया मुकदमा**

# सलोन में वर्चस्व को लेकर भिड़े भाजपाई, कार पर किया पथराव

सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार :** भाजपा में वर्चस्व को लेकर दो गुट इन दिनों आमने सामने हैं। गुरुवार को एक के बाद एक घटनाओं ने बीजेपी के अंदर सुलग रही चिंगारी को आग का रूप दे दिया है। पहले पार्टी के दो युवकों ने अपने ही पदाधिकारी के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। इधर पुलिस मौके पर पहुंची ही थी कि दूसरी ओर एक और युवक ने पार्टी के आईटी सेल जिला सह संयोजक पर मुकदमा दर्ज कराकर पार्टी की जमकर किरकिरी कराई है। इतना ही पथराव का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के आईटी सेल जिला सह संयोजक सिद्धार्थ मिश्रा के विरुद्ध पार्टी के बूथ अध्यक्ष रमेश कुमार जोशी ने गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाकर मुकदमा पंजीकृत कराया है। मुकदमा दर्ज कराने वाले बूथ अध्यक्ष से पार्टी के बड़े नेता अंदर ही अंदर आक्रोशित है। इस संबंध में जिला सह संयोजक सिद्धार्थ मिश्रा का कहना है कि रमेश जोशी आये दिन पार्टी के पदाधिकारियों को पीठ पीछे गाली देता रहता है। इसी बात के लिए उसको फोन कर समझाया था। जिसके बाद उसने मुकदमा दर्ज करा दिया। वही दूसरी घटना में बीजेपी युवा मोर्चा जिला कार्य समिति के सदस्य प्रदीप सिंह की चलती कार पर ब्लाक के समीप बीजेपी युवा मोर्चा के कार्यकर्ता हर्ष पांडे उर्फ अंकुर और अर्पित सिंह ने ईंट पत्थर से हमला कर घटना को अंजाम दिया है।

> दोनो घटनाएं संज्ञान में है। बूथ अध्यक्ष रमेश जोशी अगर किसी बात से नाराज थे तो उन्हें पार्टी के नेताओं को बताना चाहिए था। उनके इस कृत्य से पार्टी की छवि धूमिल हो रही है। और युवा मोर्चा के अंदर वर्चस्व को लेकर दोनों पक्षो में तनातनी चल रही है। पार्टी के अंदर रहकर इस तरह का कृत्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक जी को घटना से अवगत करा दिया गया है। वही अंतिम निर्णय लेंगे।
>
> -चन्द्रशेखर सिंह
> मंडल अध्यक्ष सलोन भाजपा

> रमेश जोशी जो कि अपने को बीजेपी के नेता बताते है उन्होंने एक युवक के विरुद्ध गाली गलौज और जानमाल का मुकदमा दर्ज कराया है।दूसरा पक्ष भी बीजेपी का नेता है उन्हें जानकारी नहीं थी। दूसरी घटना में हमला करने वाला और कार चालक दोनों बीजेपी के पदाधिकारी हैं। घटना ब्लॉक के पास बताई जा रही है। अगर तहरीर मिलती है तो जांच कराकर विधिक कार्रवाई की जाएगी।
>
> -श्याम कुमार पाल
> कोतवाल सलोन

# राम नाम अति मीठा, कोई गा के देख ले, आ जाते है राम कोई गा के देख ले

**संवाददाता, जालौन।** ''राम नाम अति मीठा, कोई गा के देख ले। आ जाते हैं राम, कोई गा के देख ले। उक्त पंक्तियां श्रीवीरबालाजी हनुमान मंदिर पर आयोजित साप्ताहिक श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ व श्रीसीताराम महायज्ञ के चौथे दिन आचार्य पंडित आशीष कृष्ण शास्त्री ने उपस्थित भगवद् प्रेमियों के समक्ष कही।

उरई रोड स्थित श्रीवीर बालाजी हनुमान मंदिर पर आयोजित श्रीसीताराम नवकुंडीय महायज्ञ व सप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन भगवताचार्य पंडित आशीष कृष्ण शास्त्री ने उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ईश्वर से प्रेम करने वाले भक्तों को भगवान बिन मांगे ही वह सबकुछ दे देता है, जिसकी वह कल्पना भी नहीं कर सकता। तुम भगवान् के भक्त बनकर तो देखो वह सदैव तुम्हारे हितार्थ तत्पर रहेंगे। प्रभु राम की संगति में पशु भी अपना पशुवत व्यवहार छोड़ देता है, वहीं रावण की संगति में मानव भी पशुवत व्यवहार अपना लेता है। राम-रावण, कृष्ण-कंस तथा द्रोपदी-दुर्योधन की राशि एक होने के बाद भी उनके कर्म अलग-अलग होने से उनके चरित्रों में काफी असमानताएं रहीं। व्यक्ति जैसे कर्म करता है, वैसा ही फल उसे प्राप्त होता है। इसलिए व्यक्ति को हमेशा ही सद्कर्मों को करने के लिए प्रयत्नशील रहना चाहिए। यज्ञाचार्य शैलेंद्रचंद्र शास्त्री ने यज्ञ स्थल में नौ कुंडियों पर बैठे भक्तों को विधि-विधान से आहूति दिलाई।

## सार-संक्षेप

### ट्रैक्टर की टक्कर से कार हुई क्षतिग्रस्त

**कोंच।** मोहल्ला सुशील नगर उरई निवासी ऋषभ सोनी पुत्र राजकुमार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 20 जनवरी की रात करीब नौ बजे वह आशीर्वाद होटल कोंच में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने अपनी स्विफ्ट कार यूपी 92 एके 3002 से आया था। कार उसने एक किनारे खड़ी कर दी थी। इसी दौरान ग्राम कटकरी निवासी एक व्यक्ति ने अपने ट्रैक्टर से उसकी कार में जोरदार टक्कर मार दी जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसका करीब 80 हजार रुपए का नुकसान हो गया। ऋषभ ने उक्त मामले को लेकर पुलिस से कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### ट्रैक्टर से गिरकर किशोरी की मौत

**उरई।** सिरसा कलार थाना क्षेत्र के धामनी गांव के प्रधान के ट्रैक्टर ट्राली में बैठकर श्रमिक मटर की फलिया तोड़ने के लिए जा रहे थे। श्रमिकों के साथ में एक 12 वर्षीय किशोरी भी थी। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर अचानक एक ईंट के ऊपर चढ़ गया जिससे झटका खाकर बच्ची नीचे गिर पड़ी और वह ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आ गई, जिससे उसकी मौत हो गई। धामनी निवासी बलखंडी अपनी पत्नी और बेटी शिवानी 12 वर्ष के साथ मटर की तुड़ाई के लिए ट्रेक्टर से जा रहे थे। ट्रेक्टर से गिरने से वह पहिया के नीचे दब गई। परिजन उसे लेकर अस्पातल गए जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### कांग्रेस युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव बने पवन पटेल

**उरई।** कांग्रेस युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पवन पटेल को युवा प्रदेश महासचिव चुना गया है। वह पार्टी के ऑनलाइन चुनाव में महासचिव चुने गए है। पार्टी कार्यालय में गुरुवार को पार्टी नेताओं ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि वह किसान, मजदूर, बेरोजगारों की समस्याओं के निदान के लिए आवाज बुलंद करेंगे। इसके अलावा एनएसयूआई के पूर्व जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ दीवौलिया को युवा कांग्रेस का जिला उपाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा अजय कुमार को कालपी विधानसभा क्षेत्र का अध्यक्ष चुना गया। सभी पदाधिकारियों ने पार्टी को मजबूत करने की बात कही। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष चौधरी श्यामसुंदर ने बताया कि कांग्रेस ने यूथ कमेटी को चुनाव में ऑनलाइन वोटिंग प्रक्रिया शुरू की है। उसी के अनुसार मोबाइल पर ऑनलाइन सदस्यता के साथ वोटिंग भी हुई थी। इसके तहत प्रदेश भर में पदाधिकारियों का चयन हुआ है। नए पदाधिकारी संगठन का विस्तार करेंगे। इस दौरान पूर्व प्रदेश सचिव संजीव तिवारी सीटू, भुवन त्रिपाठी, ब्रजेश पांडेय, यागवेंद्र सिंह जादौन, मयंक पाठक, प्रिंस त्रिपाठी, विवेक द्विवेदी, नीरज पटेल, लोकेंद्र पटेल, राजकुमार वर्मा, धर्मेंद्र कुशवाहा, मानवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### सर्दी से आमजन जीवन प्रभावित, अलाव के इंतजाम भी नहीं

**संवाददाता,जालौन, अमृत विचार।** लगातार पड़ रही हाड़ कपाऊ सर्दी से लोग परेशान हैं। सर्दी से बचाव के तमाम दावे किए जा रहे है लेकिन ग्रामीण इलाकों में अलाव देखने को तक नहीं मिल रहे है। ब्लाक स्तर पर अधिकारियों के रहमोकरम से गांव की सरकारों की मनमर्जी चल रही है। सर्दी के चलते पिछले लगभग एक माह से लोग परेशान हैं और सामान्य जन जीवन प्रभावित हो रहा है। सर्दी के साथ हो रहे कोहरे से फिलहाल निजात मिलती नहीं दिख रही है। शीतल लहर के चलते तापमान पांच डिग्री तक आ चुका है। लगतार पड़ रही सर्दी के चलते लोग कांप रहे हैं। इसके बाद भी बचाव के लिए गांवों में अलाव के इंतजाम नहीं है। ग्रामीण गजेंद्र सिंह सेंगर, अनूप श्रीवास्तव मकरंदपुरा, अंकित सिहारी पडैया, शिवपाल गुर्जर करनपुरा, राजेशचंद्र नैनपुरा आदि ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर गांव में लोगों को ठंड से बचाव के लिए अलाव लगवाने की मांग की है।

### परसीमन में बदलाव की मांग पकड़ने लगी जोर

**संवाददाता, उरई, अमृत विचार।** लोकसभा चुनावों में परिसीमन के लिए नगर के लोगों ने भारतीय निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर जालौन, गरौठा, भोगनीपुर लोकसभा सीट का आरक्षण समाप्त करने की मांग की है। कहा है कि लंबे समय से यह सीट अनुसूचित वर्ग के लिए आरिक्षत है। नगर जालौन के अशफाक राईन, उमेश, गौरीश आदि ने भारतीय निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर मांग करते हुए कहा कि जालौन, गरौठा, भोगनीपुर लोकसभा सीट का परसीमन बदला जाना चाहिए। यह सीट जब से बनी है तभी से आरक्षित वर्ग के लिए आरक्षित है। शिकायत कर्ताओं का कहना है कि अनुसूचित जाति के अलावा अभी तक किसी और जाति के उम्मीदार को मौका नहीं मिला है। जिस प्रकार हर पांच वर्ष में नगर पालिका में परिसीमन निर्धारित होता है और सभी वर्ग के जनप्रतिनिधियों को चुनाव मैदान में भाग्य आजमाने का मौका मिलता है। उसी तरह लोकसभा निर्वाचन से पूर्व भी हर पांच वर्ष में परिसीमन निर्धारित किया जाए। तभी समाज के सभी वर्ग के लोगों के आलावा महिलाओं को भी चुनाव में अपना भाग्य आजमाने का मौका मिल सकेगा। मांग की है कि लोकसभा चुनाव से पूर्व परिसीमन कराया जाए और इस सीट को आरक्षित श्रेणी से बाहर किया जाए।

### दस दिन से युवक लापता, पुलिस से शिकायत

**सरेनी, रायबरेली :** दस दिन से बेटे का कुछ पता नहीं चलने पर पीड़ित पिता शिव बहादुर ने इसकी शिकायत पुलिस उच्चाधिकारियों से की है। मालूम हो कि सरेनी थाना क्षेत्र के सरदार गंज मजरे बैरूआ गांव का 26 वर्षीय युवक गिरजेश कुमार घर से खिचड़ी खा कर 15 जनवरी को निकला था। युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया जा रहा है। इसके बाद लौटकर घर नहीं आया। पुलिस का कहना है कि तलाश जारी है।

### चोरों ने लाखों का सामान किया पार

महराजगंज, रायबरेली : क्षेत्र के हिलहा गांव के एक घर से चोरों ने नकदी समेत लाखों के जेवरात साफ कर दिए। भुक्तभोगी मकान मालिक ने गांव के ही तीन युवकों पर आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दीं है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही। पीड़ित के मुताबिक चोरों ने आलमारी में रखे 15 हजार रुपये, मोबाइल, लैपटाप समेत लगभग तीन लाख कीमत के सोने चांदी के जेवरात उठा ले गए। सुबह उठकर देखा तो चार्जिंग में लगा मोबाइल गायब था। इसके अलावा घर में इधर-उधर सामान बिखरा पड़ा मिला। जिसके बाद घर के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि सूचना पर पुलिस भेज घटना की छानबीन की जा रही है।

### कंदरावा माइनर की पटरी कटी, फसल जलमग्न

ऊंचाहार, रायबरेली : क्षेत्र में देर रात कंदरावां माइनर की दाहिनी पटरी कट गई। इससे दर्जनों बीघे गेंहू की फसल जलमग्न हो गई। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंचे स्थानीय अधिकारियों ने जेसीबी की मदद से बंद कराया गया। प्रधान धनराज यादव ने बताया कि सूचना देने पर एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार सुजीत कुमार सिंह व लेखपाल सीतेश कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर कटान को बंद कराया। इस दौरान तकरीबन 50 बीघा गेंहू की फसल जलमग्न हो गया। प्रधान ने बताया कि गांव के चंद्रपाल की डेढ़ बीघे, शिवप्रकाश की एक बीघे, छिटई की 10 बिस्वा, अमरनाथ की डेढ़ बीघे समेत अन्य किसानों की फसल जलमग्न हुई हैं।

### सड़क हादसों में महिला समेत तीन घायल

**ऊंचाहार, रायबरेली :** कोतवाली क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटनाओं में एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गये। पहली घटना बुधवार रात की है, जहां कस्बे के निकट अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार राजकुमार निवासी पूरे चाहिल मजरे कंदरावां घायल हो गया, जिसे राहगीरों की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया है। दूसरी घटना लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर बाबूगंज बाजार के पास की है, जहां गुरुवार की दोपहर नीलगाय से टकराकर बाइक सवार अमन कुमार व उनकी चाची राजकली निवासी जमुनापुर घायल हो गये। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल तीन लोग सीएचसी आये थे, जिनका उपचार किया गया है।

**चिंता** सब्जी की खेती पर पड़ रही मौसम की मार, मटर, मसूर, सरसों में भी नुकसान, गलन भरी सर्दी से किसानों की चिंताएं बढ़ी

# मंडी में बढ़ गए सब्जियों के दाम, बिगड़ रहा थाली का बजट

संवाददाता,कालपी

**अमृत विचार।** लगातार गलन भरी सर्दी और पड़ रहे पाले का असर खेती किसानी में देखने को मिलने लगा है। हालात यह है कि मटर से लेकर मसूर, सरसों,अरहर की खेती पर असर साफ तौर पर देखने को मिल रहा है तो वहीं सब्जी की खेती भी प्रभावित हो रही है जिसकी वजह से किसानों के माथे पर चिंताओं की लकीरी साफ देखी जा रही है। मौसम की वजह से मंडी में कम सब्जी आने से भाव भी बढ़ गए तो लोगों की थाली का बजट बिगड़ रहा है।

इस बार सर्दी का प्रकोप अन्य वर्षो की अपेक्षा अधिक रहा है जिसके चलते आम जन जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। लोगो के काम काज तो प्रभावित हो ही रहे है बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित है। सबसे अधिक चिंता किसानों के चेहरों पर देखने को मिल रही है। कोहरा की वजह से पड़ पाले ने मटर, मसूर, सरसों, गेहू, अरहर, चना और अब तो गेहूं की फसल में नुकसान दिखने लगा है। किसानों का कहना है कि धूप न निकलने से फसल की ग्रोथ बुरी तरह प्रभावित हुई है। बुधवार को धूप निकली, लेकिन गुरुवार के कोहरे और शीतलहर ने जग रही उम्मीद को फिर से धूमिल कर दिया। इसके अलावा सब्जी की फसलो पर सर्दी का प्रकोप कुछ ज्यादा ही रहा है।

आलम यह है कि बैंगन की फसल बुरी तरह प्रभावित है। टमाटर पर भी पाले का असर साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। फसली सब्जियां प्रभावित हुई है जिसका असर मंडी में देखने को मिल रहा है। 10 से 20 रूपये प्रति किलो बिकने वाला बैंगन 50 रूपये पहुंच गया और टमाटर भी अपनी कीमत से दोगुने भाव पर है। सब्जी व्यापारी नरेश साहू के अनुसार कुछ सब्जिया सर्दी से प्रभावित हुई है तो कुछ की कीमते कोहरे के चलते आवागमन प्रभावित होने के कारण बढी है।

नगर निवासी दिव्यगोपाल श्रीवास्तव, राकेश पुरवार माजिद हुसैन आदि लोगो का कहना है कि सब्जी की मंहगाई ने थाली का बजट और स्वाद दोनों ही खराब कर दिया है। लहसुन 400 रूपये प्रति किलो, अदरक भी 150 से 200 रूपये किलो है। आलू और प्याज के दामों में भी उछाल आया है।



बाजार में सजी सब्जी की दुकान। अमृत विचार

# देश को मजबूत सरकार देने के लिए युवाओं का आगे आना जरूरी

संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** मंडलायुक्त के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने वर्चुअल बैठक कर कलेक्ट्रेट सभागार में सांस्कृतिक विभाग द्वारा कराये जा रहे बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव के तहत 01 व 02 फरवरी को विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे, उसकी रूप रेखा तैयार कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कहा कि विशेष आकर्षण का केन्द्र हॉट एअर बैलून व हैरिटेज वॉक, योगा के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। हैरिटेज कार्यक्रम के तहत आमजन को कालपी स्थित विभिन्न ऐतिहासिक धरोहर, सास्कृति विरासत इत्यादि पर्यटन स्थल क्षेत्र का सुसज्जित हेरिटेज वॉक कार से भ्रमण कराया जायेगा। हॉट एअर बैलून का कार्यक्रम राजकीय इण्टर कॉलेज के मैदान में आयोजित किया जायेगा, जिसमें हॉट एअर बैलून से आम व्यक्ति भी आसमानी यात्रा का आनन्द ले सकेंगे। इसी प्रकार योगा, आतिशबाजी, लेजर शो इत्यादि के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां की जायेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) विशाल यादव, नगर मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा, मुख्य कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी कीर्ति, नवीत, मुस्तफा, आदि अधिकारी मौजूद रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

सर्वेत्यागा राजधर्मेषु दृष्टाः सर्वादीक्षा राज धर्मेषु योक्ता।
सर्वाविद्या राज धर्मेषु युक्ताः सर्वे लोकाः राजधर्मेषु प्रतिष्ठाः।।

राजधर्म में सारे त्यागों का दर्शन होता है। राजधर्म में सारी दीक्षाओं का प्रतिपादन होता है। राजधर्म में संपूर्ण विद्याएं निहित होती हैं और राजधर्म में सारे लोकों का समावेश होता है।

## संपादकीय

# आत्मनिरीक्षण का मौका

गणतंत्र दिवस सिर्फ एक आयोजन भर नहीं बल्कि आत्मनिरीक्षण का मौका है। यह दिन हमारी प्रगति का जायजा लेने और उभरती चुनौतियों के क्षितिज को मापने का अनोखा अवसर प्रदान करता है। साथ ही भारत की यात्रा, पहचान और लोकतांत्रिक सिद्धांतों का उत्सव है जो इसकी विविध आबादी को एकता के सूत्र में बांधे रखता है। एक ऐसे भविष्य की कल्पना करने का दिन है जिसमें राष्ट्र प्रगति और समृद्धि की ओर अग्रसर हो। गणतंत्र ने एक अरब और 40 करोड़ भारतीय जिसमें से अधिकांश विचार एवं आशा से भरे-पड़े हैं, के लिए ऊर्जा को उजागर करने का मौका दिया है। इस यात्रा में हमारे गणतंत्र की चमक दिनों दिन बढ़ती गई है। भारतीय अर्थव्यवस्था को कई वर्षों से दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं में गिना जा रहा है। किसानों की बेहतरी लिए सरकार ही नहीं, विपक्ष भी चिंतित है और खेती को फायदेमंद बनाने के रास्ते खोजे जा रहे हैं। महिलाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में बढ़ी है। इस बार परेड में पहली बार महिलाओं के त्रि-सेवा दल को भी कर्तव्य पथ पर मार्च करते हुए देखा जाएगा। हमने पिछले 75 वर्षों में पर्याप्त दूरी तय कर ली है, लेकिन संघर्ष के दिन समाप्त नहीं हुए हैं। पाकिस्तान आतंकवादियों को शरणस्थली प्रदान करता आ रहा है। आने वाले वर्षों में इस पड़ोसी की शत्रुता को बेअसर करना भारत के लिए प्रमुख चुनौती रहेगा। दरअसल चुनौतियां हमेशा बनी रहती हैं, इसीलिए कहा गया है कि सतत जागरुकता ही स्वतंत्रता की गारंटी है।

राष्ट्रीय दिवस हमें यही याद दिलाने के लिए आते हैं तो गणतंत्र दिवस इस संकल्प का अवसर है कि हमारे संविधान ने जो रास्ता तय किया, उसे सुरक्षित रखने और उस पर आगे बढ़ने के लिए हम सतत सतर्क रहेंगे। गणतंत्र दिवस पर फ्रांस के राष्ट्राध्यक्ष इमैनुएल मैक्रों का आना हमारे लिए अपने सफर को जांचने का खास अवसर है। गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि की यात्रा प्रतीकात्मकता से भरी होती है। यह भारत और आमंत्रित राष्ट्र के बीच संबंधों को बनाने और नवीनीकृत करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में कार्य करती है। इस प्रकार इसका राजनीतिक और कूटनीतिक महत्व भी अधिक है। विश्व में भारत की पहचान आज एक सक्षम और मजबूत जनतांत्रिक देश की है। भारत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अधुनातन स्थिति में है। यही वजह है कि दुनिया हमारी ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है। यह हमारे विकास व विस्तार की मजबूती का प्रतिफल है। हमारी कई सफलताओं से दुनिया चकित है। इसके बावजूद यह निश्चिंत होकर बैठने का वक्त नहीं है।

# भारत के संविधान की आत्मा है सत्य



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> हमारे सामने बड़ा काम है कि जनता की एकता के लिए जो कुछ कर सकें, करें। स्वतंत्रता के आंदोलन ने हमें स्वतंत्रता के साथ लोकतंत्र और संविधान दिया है। जब लक्ष्य समष्टि का था, भाव समष्टि का था, चेतना समष्टि की थी तब व्यापक एकता का भाव भी था।

गणतंत्र दिवस दलगत-भावना से ऊपर उठकर आज राष्ट्र के संबंध में ईमानदारी से सोचने का दिवस है। संसद का न चल पाना, वहां हुड़दंग होना संसद सदस्यों की देश के प्रति निष्ठा और योग्यता पर संदेह पैदा करता है। वे नेता के प्रति वफादार हैं, पर क्या देश के प्रति भी वफादार हैं? बड़ा कौन है? देश या टिकट देने वाला नेता? या चुनावी कोष देने वाला थैलीशाह? थैलीशाहों का महत्व बढ़ जाना लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए ठीक होगा? निर्वाचन आयोग की संस्तुतियों पर ध्यान नहीं दिया जाना क्या प्रमाणित करता है? बहुत से सरकारी और विधायी कार्यों के प्रति बार-बार उच्चतम या उच्च न्यायालयों में जाना और उन न्यायालयों का हस्तक्षेप करना सरकार और संसद या विधानसभा सदस्यों के कर्तव्य के प्रति शंका पैदा नहीं करता?

यदि लोकतंत्र की आत्मा लोकचेतना है तो भारत के संविधान की आत्मा सत्य है। आजादी के आंदोलन में गांधी जी ने जनता को अपने साथ लिया, सत्य का अहिंसात्मक-आग्रह, सविनय-अवज्ञा आंदोलन चलाया। बापू और जनता के बीच विश्वास का सूत्र था सत्य। यदि हम सत्यमेव जयते को संविधान से अलग कर दें तो संविधान अन्यथा सिद्ध हो जाएगा। प्रत्येक राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, न्यायाधीश आदि शपथ लेते हैं, यह सत्य के प्रति निष्ठा और विश्वास का ही आयोजन है। सत्य से बड़ी कोई धर्मनिरपेक्षता नहीं हो सकती और सत्य से बड़ा कोई धर्म नहीं है।

हमारे सामने बड़ा काम है कि जनता की एकता के लिए जो कुछ कर सकें, करें। स्वतंत्रता के आंदोलन ने हमें स्वतंत्रता के साथ लोकतंत्र और संविधान दिया है। जब लक्ष्य समष्टि का था, भाव समष्टि का था, चेतना समष्टि की थी तब व्यापक एकता का भाव भी था। आज का सर्वोपरि धर्मग्रंथ संविधान है, उसके भाव को जागरित करिए, बजाय इसके कि आप भारतीय संस्कृति के आकर ग्रंथों की आलोचना और निंदा करें अच्छा तो यह हो कि आप लोकतंत्र के जीवन मूल्यों को आधार बनाकर ऐसा ग्रंथ लिख सकें जो लोकजीवन में मान्य हो। व्यर्थ के



विवाद से तो आप उन्हीं निहित स्वार्थ की मदद कर रहे हैं। लोकजीवन की गहराई में जाकर ही आप लोकतंत्र को मजबूत कर सकते हैं।

> संविधान की प्रस्तावना में पहला ही शब्द है -हम भारत के लोग। लोग शब्द लोक का ही वाचक है। लोक से भावित और ओतप्रोत। लोकतंत्र का सबसे बड़ा सत्य लोक है। मनुष्य की उस सत्ता का नाम लोक है, जहां जाति-पाति, ऊंच-नीच, गरीब-अमीर, शासक-शासित, स्त्री-पुरुष, शिक्षित-अशिक्षित, धर्म-संप्रदाय तथा क्षेत्रीयता के सभी बंधन खुल जाएं।

संविधान की प्रस्तावना में पहला ही शब्द है -हम भारत के लोग। लोग शब्द लोक का ही वाचक है। लोक से भावित और ओतप्रोत। लोकतंत्र का सबसे बड़ा सत्य लोक है। मनुष्य की उस सत्ता का नाम लोक है, जहां जाति-पाति, ऊंच-नीच, गरीब-अमीर, शासक-शासित, स्त्री-पुरुष, शिक्षित-अशिक्षित, धर्म-संप्रदाय तथा क्षेत्रीयता के सभी बंधन खुल जाएं। विशिष्टता आवरण या उपाधि के छिलके के भीतर जो सामान्य मनुष्य है, वही लोक है। लोक सर्वजनसत्ता, समष्टि जनसत्ता, सामान्य जनसत्ता है। व्यक्ति और लोक का संबंध ऐसा है, जैसे क्षण और युग का संबंध। क्षण से युग का अस्तित्व है, क्योंकि युग क्षण से ही अभिव्यक्त होता है, किंतु क्षण युग में व्याप्त है, वह युग से विच्छिन्न नहीं है। इसी बात को महर्षि पतंजलि ने महाभाष्य में एक सूत्र में परिभाषित किया है-अभ्यन्तरोऽहं लोके न त्वहं लोकः। कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र में सूत्र दिया-शास्त्रज्ञः अप्यलोकज्ञः भवेन्मूर्ख तुल्यः। गीता ने कहा-लोकसंग्रहमेवापि संपश्यन्कर्तुमर्हसि।

भारत के संविधान पर लोक संस्कृति और लोक चेतना के प्रभाव को लेकर कुछ अध्ययन मैंने भी किया है। पहली बात तो यह है कि भारत के संविधान की अवधारणा स्वतंत्रता के राष्ट्रीय-आंदोलन का प्रतिफल है। स्वतंत्रता का आंदोलन सत्ता-परिवर्तन का आंदोलन नहीं था, वह लोकतंत्र का आंदोलन बन चुका था। राष्ट्रीय आंदोलन ने लोकतंत्र के मूल्य विकसित किए थे। उस समय वे मूल्य समूचे राजनैतिक सामाजिक और सांस्कृतिक परिवेश में इस प्रकार व्याप्त थे कि कोई चाह कर भी उनकी उपेक्षा नहीं कर सकता था, लेकिन तेलंगाना के रहने वाले एक शोध विद्वान का विषय है-धर्मशास्त्र की परंपरा और भारत का संविधान।

यों सीधे-सीधे धर्मशास्त्र पढ़कर तो भारत के संविधान की रचना हुई नहीं थी और न ऐसा संभव ही था, किंतु संविधान-सभा के सदस्य भारत के ही लोग थे। भारत के सांस्कृतिक-परिवेश में ही जनमे और पले थे, उनका मन तो अन्ततः भारतीय मन था। इसलिए धर्मशास्त्र की परंपरा का प्रभाव उन पर किसी न किसी रूप में तो होगा ही। संविधान सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र बाबू थे और उन्होंने संविधान के संदर्भ में एक बार नहीं बार-बार महात्मा गांधी के विचारों का संदर्भ दिया था। समानता, स्वतंत्रता, शोषण के विरुद्ध अधिकार, नीति निर्देशक तत्व और लोक कल्याणकारी राज्य जैसी कितनी ही बातें हैं, जो लोकोन्मुखी हैं।

राजेन्द्र बाबू स्वयं भारतीयता में रगे-पगे थे। खैर तो उन शोधविद्वान ने संप्रभुता की बात चलाई। संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न गणराज्य। संप्रभुता का स्रोत कहां है? क्या संप्रभुता का वह स्रोत राजा के मुकुट में है? या सेना में है? क्या वह स्रोत अस्त्र-शस्त्र तलवार और भौतिक-शक्ति में है जिससे जनता को डराकर अथवा आतंकित करके शासन किया जाएगा? एक जमाना था, जब दीवालों पर यह वाक्य लिखा हुआ दिख जाता था कि क्रांति बंदूक की गोली में से निकलती है। माओवादी अभी भी कुछ इस प्रकार से सोचते हैं और तालिबान भी आतंक को अपना हथियार बनाकर सत्ता के केन्द्र में दाखिल हो चुके हैं। विचार कीजिए कि क्या यह लोकतंत्र किसी राजा-बादशाह अथवा सम्राट ने कृपापूर्वक दे दिया था? क्या यह लोकतंत्र एक दिन आसमान से बरस पड़ा था? क्या संविधान-सभा ने किसी सनक या उत्तेजना में लोकतंत्र के मार्ग का वरण कर लिया था?

वास्तव में लोकतंत्र लोकजीवन के युगयुगीन संघर्ष का प्रतिफल है। संप्रभुता राज सिंहासन या राजमुकुट में से नहीं निकलती, संप्रभुता का स्रोत तो लोकचेतना ही है। लोकमानस की स्वीकार्यता, लोकमानस अस्वीकार कर दे तो सम्राटों के सिंहासन भी हिल जाते हैं। देशी हों या विदेशी क्रूर राजाओं, आक्रांताओं, दस्युओं जमींदारों ने क्या कुछ कम जुल्म ढाए थे? लोकजीवन लोकसंस्कृति, लोक-आस्था-लोक विश्वास को कुचलने में कोई कसर छोड़ी थी क्या? बार-बार निर्मम प्रहार किया परंतु वे प्रहार करने वाले इतिहास के मलबे में दबकर खाद बन गए और विजयिनी लोक संस्कृति का विटप महक रहा है। संप्रभुता का स्रोत अस्त्र-शस्त्रों में नहीं होता। अस्त्र-शस्त्रों या सैन्य बल से कुछ समय के लिए जनता को दबाया तो जा सकता है, किंतु जैसे ही जनता अपनी एकता की शक्ति को पहचान कर खड़ी हो जाती है, तब वह सैन्य बल बिखर जाता है। संप्रभुता का स्रोत लोकचेतना में है।

कोई भी संविधान एक ढांचा ही तो होता है, शरीर! उसमें प्राण प्रतिष्ठा तो लोकचेतना के द्वारा ही होती है। लोकचेतना का कोई विकल्प नहीं है। रैलियां स्वांग हैं, प्रदर्शन और प्रायोजित हैं। लोकचेतना प्रायोजित नहीं होती। वह स्वतः स्फूर्त झरने की तरह झरती है, नदी की तरह बहती है, समुद्र की तरह उफनती है और वक्त आने पर ज्वालामुखी की तरह उबल पड़ती है। देश के लोकतंत्र की कठिनाइयों और बाधाओं का समाधान लोकजीवन की अंतर्वर्ती शक्तियां ही कर सकती हैं। नान्यः पन्थः विद्यते ऽयनाय।

## व्यंग्य

# बड़ी गहरी है ये हीनता

> पाकिस्तानियों ने पाकिस्तान बनाते ही अपनी राष्ट्र भाषा उर्दू घोषित की और ज्यादातर जगहों के हिंदू नामों को बदलकर उर्दू कर दिया। भारत के हिंदू इस दौर से गुजरे हैं। उनकी अपनी भाषा से लेकर सबकुछ उनसे छीन लिया गया और उन्होंने अगर कभी भी अपनी भाषा और संस्कृति को ही अपनाना चाहा तो उन्हें कम्यूनल, नीच, जाहिल और बेवकूफ कहकर संबोधित किया गया।

जब अमिताभ बच्चन ने अपने डूबते हुए दौर के बाद केबीसी में वापसी की, तो उन्होंने वहां शुद्ध हिंदी बोलना शुरू किया। उसके पहले आप अमिताभ बच्चन के पुराने इंटरव्यू देख लीजिए, वो आपको वही भाषा बोलते दिखेंगे जिसे फिल्म इंडस्ट्री में बोला जाता था। जिसे लोग उर्दू की जगह अब 'हिन्दवी' कहने लगे हैं। जब अमिताभ ने शुद्ध हिंदी में बोलना शुरू किया और 'नमस्कार' को ही प्राथमिकता दी तो उर्दू भाषी लोगों में बड़ी बेचैनी होने लगी।

मैं अपने आसपास का अनुभव आपको बताऊं तो लोग कहते थे कि 'देख रहे हो अमिताभवा को, कितना तास्सुबी (कम्यूनल) होता जा रहा है। कितनी नफरत भरी जा रही है कि अब शुद्ध हिंदी में ही बात करता है। ये जान बूझकर ऐसा कर रहा है, अंदर से ये आरएसएस का आदमी है'। दुनियाभर की उलटी सीधी बात लोग अमिताभ बच्चन को सिर्फ इसलिए बोलते थे, क्योंकि उन्होंने उर्दू छोड़कर शुद्ध हिंदी में बात करना शुरू कर दिया था। शुद्ध हिंदी में बात करना मतलब नफरती होना। इतनी छोटी छोटी बातों से हिंदू को कम्यूनल और नफरती घोषित किया जाता है। लता मंगेशकर जब नौशाद के पास गाने के लिए गईं तो नौशाद ने उन्हें भगा दिया, ये बोलकर कि तुम्हारे उर्दू का उच्चारण ठीक नहीं है, जाओ उर्दू सीखकर आओ। फिर लता जी ने तीन साल उर्दू सीखी और फिर गाना शुरू किया।



सिद्धार्थ ताबिश
लेखक

ब्राह्मण परिवार से आई लता जी जिनके पिता और परिवार मंदिरों में भजन गाते थे वो भारत में काम पाने के लिए उर्दू सीख रही थीं और ये सब बहुत अच्छा और सेकुलर था। उर्दू में लिखे गाने अगर लता जी संस्कृत में गाए होते तो भी उतने ही मधुर होते। बस एक माहौल ऐसा तैयार किया गया अपना अधिपत्य जमाने ले लिए कि उर्दू में गाना और उर्दू में बोलना ही अच्छा और बेहतरीन है। क्या अंग्रेजी के गानों में मिठास नहीं होती है? क्या फ्रेंच शायरी में भावनाएं नहीं होती हैं? फिर यहां ऐसा माहौल क्यों बनाया गया कि हिंदी में वो मिठास नहीं है, जो उर्दू में है? नहीं है, क्योंकि नास्तिक होकर भी जावेद अख्तर साहब आपको मुगलों की बनाई भाषा की मिठास समझाएंगे और हिंदी को कमतर बताएंगे। पाकिस्तानियों ने पाकिस्तान बनाते ही अपनी राष्ट्र भाषा उर्दू घोषित की और ज्यादातर जगहों के हिंदू नामों को बदलकर उर्दू कर दिया। भारत के हिंदू इस दौर से गुजरे हैं। उनकी अपनी भाषा से लेकर सबकुछ उनसे छीन लिया गया और उन्होंने अगर कभी भी अपनी भाषा और संस्कृति को ही अपनाना चाहा तो उन्हें कम्यूनल, नीच, जाहिल और बेवकूफ कहकर संबोधित किया गया।

ये मामला इतना आगे बढ़ गया कि हिंदू स्वयं को हीन दृष्टि से देखने लगा। वो हिंदी बोलने में शर्माने लगा और ये प्रयास करने लगा कि उसकी भाषा में अधिक से अधिक उर्दू के शब्द इस्तेमाल हों ताकि लोग उसे समझदार और काबिल समझें, ये हीनता बड़ी गहरी है। इसलिए जो भी आजकल ये कहे कि हमें तो राम-राम या जय सियाराम कहने वाले हिंदू पसंद थे। वो गंगा जमुनी तहजीब वाले हिंदू पसंद थे तो समझ जाइए कि ये व्यक्ति हिंदुओं को "वेजिटेबल" देखना चाहता है। ये यही चाहते हैं कि हिंदू हिंदी छोड़कर उर्दू बोले, ताकि वर्चस्व, दबदबा और रियासत कायम रहे। ये वो लोग हैं, जो पाकिस्तान नहीं गए, मगर यहां वो नया पाकिस्तानी वर्चस्व बनाए रखना चाहते हैं।

उर्दू का उदाहरण तो बहुत छोटा सा उदाहरण है, जो मैंने दिया। दरअसल ये बहुत बड़ा मनोवैज्ञानिक खेल है, मगर घबराइए मत, ये सब धीरे-धीरे खत्म हो जाएगा। वो दौर शुरू हो चुका है।

# बिहार में भाजपा का मास्टर स्ट्रोक



अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की थी। इस आयोजन के अगले ही दिन कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा हो गई।

जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100 वीं जयंती से ठीक एक दिन पूर्व उन्हें देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न (मरणोपरांत) देने की घोषणा की गई। केंद्र के इस निर्णय के बाद बिहार से दिल्ली तक सियासी हलचल तेज हो गई। कर्पूरी ठाकुर बिहार की अति पिछड़ी जाति नाई से ताल्लुक रखते थे। बिहार में अति पिछड़ी जातियां सबसे बड़ा जातीय समूह है।

बीते साल 2 अक्टूबर को बिहार सरकार ने जातिगत सर्वेक्षण के आंकड़े जारी किए थे। इसके मुताबिक बिहार की कुल आबादी करीब 13 करोड़ है। इनमें सबसे अधिक संख्या अत्यंत पिछड़ा वर्ग की है। ये राज्य की आबादी के करीब 36 फीसदी हैं। इसके बाद दूसरी सबसे बड़ी आबादी पिछड़ा वर्ग की है, जो राज्य में 27.12 प्रतिशत हैं। कर्पूरी ठाकुर बिहार में एक बार उपमुख्यमंत्री, दो बार मुख्यमंत्री और दशकों तक विधायक व विरोधी दल के नेता रहे। उनका निधन 1988 में हुआ। उनकी मौत के 36 साल बाद उन्हें देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया जा रहा है। वे बिहार से चौथे व्यक्ति हैं, जिन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा।

मनमोहन सरकार के 10 साल के कार्यकाल (2004-2014) में केवल तीन लोगों को भारत रत्न दिया गया। इनमें पंडित भीमसेन जोशी (2008), सचिन तेंदुलकर (2014) और सीएनआर राव (2014) रहे। वहीं मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में छह शख्सियतों को भारत रत्न से सम्मानित किया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने के लिए पीएम मोदी का आभार भी जताया और कांग्रेस पर सवाल उठाए। राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न बहुत पहले ही मिल जाना चाहिए था। लालू और नीतीश दोनों कर्पूरी ठाकुर की राजनीतिक विरासत पर दावा करते हैं। नीतीश कुमार की पार्टी से कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर राज्यसभा सांसद हैं। बिहार के ओबीसी वोट बैंक का एक बड़ा हिस्सा अब तक लालू यादव और नीतीश कुमार की पार्टियों के ही साथ रहा है।

केंद्र सरकार द्वारा भारत रत्न देने के निर्णय को वोट बैंक में सेंध लगाने के रूप में भी देखा जा रहा है। पुरस्कार दिए जाने को दो मकसद से जोड़ा जा सकता है। पहला कर्पूरी ठाकुर की सियासी धरोहर को भाजपा अपनी ओर ला सके। दूसरा भाजपा नीतीश कुमार को अपने साथ फिर जोड़ लेने का द्वार खोल दे। एक बात और कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर मोदी सरकार ने राजद और जदयू की राजनीति पर जोरदार हमला करने की कोशिश भी की है। भाजपा जानती है कि लोकसभा चुनाव में यदि बिहार में बड़ी जीत हासिल करनी है तो पिछड़े और अति पिछड़े वर्ग को अपनी ओर आकर्षित करना ही होगा। कर्पूरी ठाकुर सरकार में रहे हों या विपक्ष में, हमेशा सादगी में जीवन जीते रहे। आम जनता की समस्याओं को अपनी समस्या माना। आम जनता की समस्याओं के निदान के लिए वे सड़क से लेकर सदन तक चलने को तत्पर रहते थे। वे पूंजी के खेल के सख्त खिलाफ रहे। राजनीति में तीन 'सी' के विरोध में वे अक्सर बोलते थे। तीन 'सी' यानी कैश, कास्ट और क्राइम। वे सरकारों के पूंजीवादी चरित्र के भी मुखर विरोधी थे। बिहार में सबसे पहले कर्पूरी ठाकुर ने ही मुंगेरीलाल कमीशन के सुझाव पर सामाजिक, आर्थिक और लैंगिक रूप से पिछड़े समुदाय को शैक्षणिक और सरकारी नौकरी में पिछड़ों के लिए आरक्षण का प्रावधान किया था। आरक्षण फार्मूला बहुत चर्चित रहा। लाख टके की बात यह भी कि कर्पूरी का सूत्र आरक्षण का फार्मूला नहीं था। वह नैतिक राजनीति और सामाजिक क्रांति का फार्मूला था। वह अन्याय के विरुद्ध लोहा लेने का फार्मूला था। वह सोए वतन को जगाने के लिए खुद को मिटाने वाले दीवानों का फार्मूला था। महत्वपूर्ण यह है कि क्या हम उनके फार्मूले पर चल पाए?

खैर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की थी। इस आयोजन के अगले ही दिन कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा हो गई। 48 घंटे के भीतर पहले कमंडल और फिर मंडल के दांव से क्या पीएम मोदी ने बिहार की राजनीति में बड़ा खेल कर दिया है? इसकी चर्चा व विश्लेषण सभी अपने-अपने स्तर पर कर रहे हैं, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर सियासी मास्टर स्ट्रोक तो मार ही दिया है।

## सोशल फोरम

# विचार करना होगा

> यदि हमारे अंदर यह सब नहीं घटित हो पा रहा है तो यह उत्सव एक क्षणिक उन्माद बनकर रह जाएगा और हमारे आराध्य रामजी हमारे अंदर कहीं भी नहीं होंगे।

जब उल्लास मन स्थिरता की तरफ बढ़ जाए, जब उत्साह चरम पर पहुंचकर लौटने लगे, जब खुशियां बाहर से अंदर की तरफ यात्रा करने लगें। तब विचारना जरूर की हम में राम कितने हैं या हम में राम हैं भी कि नहीं।

विचारना होगा कि कितनी शबरियों को हमने अछूत नहीं रहने दिया, विचारना कितने निषाद हमारे घर में बैठकर साथ में चाय पी रहें हैं। विचारना यह भी कि आदिवासियों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए हमने कुछ किया भी है कि नहीं, विचारना कि हम अपने भाई-भतीजों के प्रति कितने प्रेम से भरे हैं। हमको विचारना चाहिए कि हमारी कुंठाएं, ईर्ष्याएं और नफरतों को हमने नीचे स्टेज पर ला दिया है कि नहीं या हमने मिले हुए मौके पर सोने की लंका उसके उत्तराधिकारी को दी कि स्वयं राजा बनकर बैठ गए।



आलोक खरे
प्रोफेसर, बरेली कालेज बरेली।

हमें विचारना होगा कि हमने कितने साथियों को धोखा देना बंद कर दिया या हमने अपने धर्म की आध्यात्मिकता के लिए क्या किया? साथ ही यह भी विचारना कि सनातन के लिए हमने कितनी वाहियात आधुनिकता को तिलांजलि दी है। हम में यदि राम तत्व का अभाव है तो क्या हम लक्ष्मण भरत शत्रुघन जैसे भी थोड़े बहुत हैं भी कि नहीं। रामायण में वर्णित राम जो निकले थे शोषित, दमितों के जीवन आततातियों से बचाने को हमने कितने लोगों का शोषण बंद कर दिया। हमको विचार करना होगा कि स्वयं की अर्धांगनी को छोड़कर हम कितनी महिलाओं, बेटियों को मां, बहिन और बेटी की नजर से देख पा रहे हैं।

यदि हमारे अंदर यह सब नहीं घटित हो पा रहा है तो यह उत्सव एक क्षणिक उन्माद बनकर रह जाएगा और हमारे आराध्य रामजी हमारे अंदर कहीं भी नहीं होंगे। क्योंकि मंदिर में बैठाने से पहले रामजी को मन के मंदिर में बैठाना जरूरी था, है और रहेगा।

-फेसबुक वॉल से

# संविधान और सनातन धर्म

हमारा संविधान 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा ग्रहण किया गया और अगली यानी 1950 की 26 जनवरी से प्रवृत्त हो गया। इसमें शुरू से ही "पंथ निरपेक्षता" का सिद्धांत संरक्षित था, जिसे 1976 में 42 वें संशोधन द्वारा इंदिरा गांधी ने 'धर्म निरपेक्षता' में परिवर्तित कर दिया। हालांकि इस प्रावधान का अक्षरशःपालन कभी नहीं हुआ और बहुत कुछ कागजी होकर ही रह गया। संविधान की मूल प्रति पर चित्रकार नंदलाल बोस ने चित्र बनाए थे जिनकी भेंट पं.जवाहरलाल नेहरू से शांति निकेतन में हुई थी। तभी उन्हें यह काम सौंप दिया गया। उन्हें इस काम के लिए 21 हजार रुपये पारिश्रमिक भी दिया गया था।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इसके 'मूल अधिकार' वाले भाग के मुख पृष्ठ पर राम, लक्ष्मण, हनुमान के चित्र हैं। लंका विजय के उपरांत वे, धनुष बाण लिए, सीता जी को ले जाते उकेरे गए हैं। नीति निर्देशक सिद्धांत वाले भाग में गीता का उपदेश देते हुए कृष्ण भगवान का चित्र अंकित है। पांचवें भाग में हिंदुओं के नवें अवतार गौतम बुद्ध अपने शिष्यों के साथ बैठे दिखाए गए हैं तथा 12 वें भाग में नटराज का चित्र है, जो शिव जी मान्य हैं। इसके तेरहवें भाग में शेषनाग, भगीरथ की तपस्या और गंगावतरण व अन्य देवी देवतावों के चित्र विद्यमान हैं। इन चित्रों को संविधान की प्रति में अंकन के बारे में गरमा गरम बहस भी हुई थी। यह बात उठाई गई कि इन धार्मिक चित्रों को दर्शाने पर संविधान पंथ निरपेक्ष कैसे रहेगा? तब बहुमत ने इस आपत्ति को यह कहकर निरस्त कर दिया कि 'ये ऊपर के चित्र हैं, संविधान के अंदर के प्रावधान नहीं हैं'। जो भी हो इससे संविधान निर्माताओं का सनातन किंवा हिंदू धर्म की ओर शुरुआत से ही झुकाव होना तो स्पष्ट ही होता है। यही नहीं, आजादी प्राप्त होने की रात्रि को डॉ.राजेन्द्र प्रसाद के आवास पर हवन हो रहा था। मालूम हो कि राजेन्द्र बाबू नेहरू मंत्रिमंडल में काबीना मंत्री रहे। फिर संविधान सभा के अध्यक्ष बने और संविधान अंगीकार हो जाने पर भारत के पहले राष्ट्रपति हुए। वे जब प्रयाग में संगम स्नान करने गए, तब राष्ट्रपति रहते वहां के पुरोहितों के पैर भी छुए थे। यहां यह रेखांकित करना जरूरी है कि संविधान सभा द्वारा इसे ग्रहण करते ही 22 दिसंबर 1949 को अयोध्या की बाबरी मस्जिद में रामलला का श्रीविग्रह रख दिया गया था, जिसे प्रकट होना कहा गया। फिर अखंड राम नाम कीर्तन चलने लगा और दर्शन पूजन शुरू हो गया।

अतः यह कहना कि 22 जनवरी 2024 को रामलला अयोध्या लाए गए, गलत और एक तरफा प्रचार है। उल्लेखनीय है कि स्वतंत्रता प्राप्ति के फौरन बाद तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने गुजरात के सोमनाथ मंदिर के नव निर्माण की बात उठाई, जिसे गांधी जी ने सराहा और यह कार्य प्रारंभ हो गया तथा यह प्रसिद्ध शिव मंदिर, जो द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक है, 1950 में बनकर तैयार हो गया। पटेल साहब इस निर्माण कार्य से अंत तक जुड़े रहे। अतः हम यह पाते हैं कि संवैधानिक व्यवस्थाओं के किसी भी रूप में रहते हुए, राष्ट्रीय सोच और झुकाव सनातनी ही रहा और सरकारी कार्यारंभों में नारियल ही फोड़े गए।

# स्वाध्याय के अभाव का दुष्परिणाम

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के द्वारा कोचिंग संस्थानों के लिए दिशानिर्देशों की घोषणा की गई है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण निर्देश यह है कि कोई भी कोचिंग संस्थान 16 वर्ष से कम उम्र के छात्र अथवा छात्रा का नामांकन नहीं करेगा। आज के परिदृश्य पर गौर किया जाए तो हम पाएंगे कि शिक्षा व्यवस्था का स्वरूप पूर्णतया परिवर्तित हो चुका है।



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

आज शिक्षा के साथ व्यवसाय की भावना का पूर्णतया समावेश हो चुका है। चाहे विद्यालय हों अथवा महाविद्यालय अथवा कोचिंग संस्थान, सबके सब व्यवसाय को प्राथमिकता मानकर ही कार्य कर रहे हैं। शिक्षा से उनका कोई विशेष सरोकार नहीं रह गया है। कोचिंग संस्थानों के अस्तित्व में आने के पीछे जो महत्वपूर्ण कारण है वह है- विद्यार्थियों की अकर्मण्यता। आज की स्थिति यह है कि विद्यार्थी अपने लिए पका पकाया भोजन चाहता है और उसकी यह उम्मीद रहती है कि खाने का निवाला भी उसके मुंह में कोई दूसरा ही पहुंचाए। कहा गया है-'कस्तूरी कुंडलि बसै, मृग ढूंढे वन माहि'। यही हाल आजकल के विद्यार्थी का हो चुका है। सफलता का मूल मंत्र है, परिश्रम के साथ स्वाध्याय, किंतु इसे भूलकर छात्र व छात्राएं एक ऐसी अंधी दौड़ में जुटे हुए हैं जिसमें यह पता ही नहीं है कि कहां तक दौड़ना है और परिणाम क्या मिलेगा? प्रत्येक अभिभावक अपने बच्चे का शैक्षिक स्तर परखे बिना ही उसे आईआईटी जैसे संस्थानों अथवा आईएएस जैसी परीक्षाओं के योग्य मानकर उसे कोचिंग संस्थानों में दाखिला दिला देता है। कोचिंग संस्थानों के प्रतिकूल परिवेश एवं अभिभावक की अपेक्षाओं का दबाव परस्पर विपरीत दिशाओं में आरोपित होकर विद्यार्थी को अवसादग्रस्त कर देते हैं। नतीजतन वह सफलता के मार्ग से भटक जाता है। वहीं कुछ विद्यार्थी आत्महत्या जैसा कदम उठाने पर विवश हो जाते हैं।

यदि सभी दिशानिर्देश पूर्ण सख्ती के साथ लागू हो जाते हैं तो निश्चित ही कोचिंग संस्थानों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा एवं विद्यार्थियों के द्वारा उठाए जाने वाले गंभीर कदम व उनके मन मस्तिष्क में पनप रहे दबावों पर रोक लगाई जा सकेगी। अंततः सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यदि स्वाध्याय के बल पर अपना लक्ष्य हासिल करने की ठान ली जाए, तो किसी तरह के कोचिंग संस्थान की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

## एक नजर

### पवन कुमार मीना फतेहपुर के ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बने

अमृत विचार, लखनऊ : आईएएस अधिकारी पवन कुमार मीना को फतेहपुर का ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बनाया गया है। मीना 2020 बैच के अधिकारी हैं। राज्य सरकार ने गुरुवार को स्थानांतरण को लेकर आदेश जारी किया।

### मथुरा में फसल बीमा की नहीं हुई वसूली

अमृत विचार, लखनऊ : मथुरा में प्रधानमंत्री फसल बीमा में हुए फर्जीवाड़े की वसूली किसानों से नहीं हो पाई है। न ही दोहरा लाभ पाए किसानों की जांच हुई है। कृषि निदेशालय ने जिलाधिकारी को रिमाइंडर भेजा गया है। रबी 2021-22 में मथुरा में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का दोहरा लाभ किसानों ने उठाया। इसमें बिचौलिए भी हावी रहे। एक जमीन पर केसीसी से तो जनसेवा केंद्र से दोहरा बीमा कराया गया। दूसरे किसानों की जमीन पर भी उसकी सहमति के बिना बीमा कराने जैसे मामले पकड़े गए थे। जिलेस्तर पर हुई जांच में 51 किसानों ने फर्जीवाड़ा स्वीकार कर क्षतिपूर्ति राशि वापस करने की सहमति जताई। वहीं, 700 पॉलिसी संदिग्ध होने पर कमेटी बनाकर जांच कराई जानी थी। फिलहाल यह कार्रवाई जिलेस्तर पर लंबित है। उपनिदेशक निदेशालय उमाशंकर सिंह ने बताया कि पत्राचार किया जा रहा है। जल्द ही इसकी जांच कराकर मामले में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्यवही की जाएगी।

# मतदान करना केवल अधिकार ही नहीं बल्कि मौलिक कर्तव्य भी

## मुख्य सचिव ने लोगों को मताधिकार का प्रयोग करने की दिलाई शपथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


मतदाता दिवस पर आयोजित प्रदर्शनी का देखते मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र व अन्य।

▶▶ नए व 100 वर्ष से अधिक आयु वाले छह विशिष्ट मतदाताओं को उपलब्ध कराए वोटर कार्ड

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि मतदान करना हमारा केवल अधिकार ही नहीं बल्कि मौलिक कर्तव्य भी है, इसलिए प्रदेश के सभी लोग मतदान अवश्य करें। मुख्य सचिव 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्य सचिव ने लोगों को मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। नए व 100 वर्ष से अधिक आयु वाले छह विशिष्ट मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध कराये गये। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिला निर्वाचन अधिकारियों को सम्मानित भी किया गया।

मुख्य सचिव ने कहा कि मतदान करना हम सबका कर्तव्य है। अगर हम अपने कर्तव्य पूर्ण नहीं करते हैं तो हमें कोई हक नहीं है कि हम अपने अधिकारों की बात करें। हमारा पूरा प्रयास रहेगा कि प्रदेश का मतदान प्रतिशत इस बार अवश्य बढ़े। उन्होंने कहा कि एक निष्पक्ष वोट लोकतंत्र का नया निर्माण कर सकता है। देश में मतदाता दिवस हर साल 25 जनवरी को मनाया जाता है।

यह दिवस भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए अहम है। इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भविष्य की नींव रखता है। हर व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनता है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन मतदाताओं को जागरूक कर अधिक से अधिक संख्या में चुनाव के दौरान मतदान सुनिश्चित कराना है। उन्होंने कहा कि मतदाता बनने के लिए निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर फॉर्म छह ऑनलाइन भरा जा सकता है। इसके अलावा वोटर हेल्पलाइन ऐप एंड्रॉयड और एप्पल दोनों पर उपलब्ध हैं, इसके माध्यम से भी फार्म भर सकते हैं। अगर किसी को किसी प्रकार की समस्या है तो उसका ऑनलाइन निराकरण भी किया जाएगा।

कार्यक्रम में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी निधि श्रीवास्तव, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनय पाठक, स्टेट आइकॉन सुधा सिंह, जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### जागरूकता पर आधारित प्रदर्शनी आयोजित

मतदाता दिवस पर मुख्य सचिव ने लोकतंत्र के उत्सव पर आधारित प्रदर्शनी व मतदाता जागरूकता पर आधारित पपेट शो, सेंड आकृति का अवलोकन किया और गुब्बारे भी छोड़े। उन्होंने मतदाता जागरूकता पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता के प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इसके अलावा वॉल राइटिंग पर 'अपना वोट जरूर डालिए' लिखकर आह्वान किया।

# दो सौ चीफ फार्मासिस्ट की होगी पदोन्नति

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार:** जल्द ही सरकारी अस्पतालों व मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालयों में रिक्त चल रहे 50 प्रभारी फार्मासिस्ट व 200 चीफ फार्मासिस्ट के पद भर जाएंगे। इसके लिए विभागीय पदोन्न्ति कमेटी (डीपीसी) की एक बैठक मंगलवार को संपन्न हो चुकी हैं, दूसरी बैठक 30 जनवरी को प्रस्तावित है, जिसके बाद पदोन्नति पाए फार्मासिस्टों की सूची जारी की जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग में 7500 फार्मासिस्टों के कैडर में प्रभारी फार्मासिस्ट के 85 पदों में 55 रिक्त हैं, और चीफ फार्मासिस्ट के 1500 पदों में करीब 500 रिक्त चल रहें हैं। मगर ये सभी नहीं भरे जाएंगे। इन पदों के सापेक्ष स्वास्थ्य महानिदेशालय को करीब 300 फार्मासिस्टों की वार्षिक गोपनीय प्रवृष्टियां (एसीआर) भेजी गईं हैं। डीपीसी की बैठक में इन्हीं फार्मासिस्टों के नामों पर चर्चा की गई है। विभिन्न जिलों से हर एक फार्मासिस्ट की भेजी गई प्रवृष्टियों को लेकर बैठक में चर्चा की गई। कितनों को प्रोन्नति मिलती है, अगली डीपीसी बैठक में तय होगा।

**संयुक्त निदेशक व ओएसडी भी होंगे नियुक्त:** स्वास्थ्य विभाग में फार्मासिस्ट कैडर में संयुक्त निदेशक का पद रिक्त है, इस पद पर वर्तमान विशेष कार्यकारी फार्मासिस्ट (ओएसडी) की नियुक्ति होनी है। संयुक्त निदेशक पर तैनाती होने के बाद ओएसडी का पद रिक्त हो जाएगा, इसलिए ओएसडी की नियुक्ति के लिए शासन में 29 जनवरी को बैठक प्रस्तावित है। ओएसडी पद पर नियुक्ति के लिए पांच प्रभारी फार्मासिस्टों के नाम शासन में भेजे गए हैं।

डीपीसी में कई फार्मासिस्टों की सेवा संबन्धित संपूर्ण जानकारी नहीं भेजी गई थी, किसी में सेवाएं की तारतम्यता नहीं, किसी के नाम में त्रुटि थी। त्रुटियों की संख्या अत्यधिक थी, इसलिए जिलों से दोबारा संशोधित प्रवृष्टियां तलब करते हुए अगली बैठक 30 जनवरी को अगली बैठक बुलाई गई है। जिनमें मानकनुरूप फार्मासिस्टों को पदोन्नति दे दी जाएगी।

**डॉ .ब्रजेश राठौर, स्वास्थ्य महानिदेशक**

फार्मासिस्ट के पद रिक्त हैं, मगर संभवता 200 पदों पर प्रोन्नति दी जा रही है। महानिदेशालय को रिक्त पदों की सही जानकारी नही मिलती है, जिसकी वजह से सभी पद नहीं भर जा रहें हैं। जिलों से आने वाली सूचनाओं के आधार पर प्रोन्नति दी जाती है। जबकि कुल पद में तैनाती के पद हटाकर शेष रिक्त पदों पर प्रोन्नति प्रदान करनी चाहिये।

**सुनील यादव, अध्यक्ष फार्मासिस्ट फेडरेशन उप्र.**

### सादगी लेकिन पूरे उत्साह से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश में 75वें गणतंत्र दिवस के आयोजन को लेकर राज्य सरकार ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। शुक्रवार को अमृतकाल के दूसरे गणतंत्र दिवस को भव्य तरीके से मनाने की कार्ययोजना तैयार की गई है। पूरे प्रदेश में पारंपरिक सादगी के साथ लेकिन पूरे उत्साह से राष्ट्रीय पर्व मनाया जाएगा। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने राज्य के सभी जिलाधिकारियों को एक परामर्श समिति का गठन करने के निर्देश पहले ही दे दिए थे। इसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के परिजनों, विभिन्न समाजिक संगठनों, राजनीतिक पार्टियों, सरकारी विभागों, शैक्षिक संस्थाओं और जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। इन प्रतिनिधियों ने ही गणतंत्र दिवस के आयोजन में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की है। मुख्य सचिव के निर्देशानुसार सरकारी भवनों और इमारतों में सुबह 8.30 बजे व शिक्षण संस्थानों में सुबह 10 बजे झंडारोहण होगा।

# राजधानी के सबसे ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का आज होगा लोकार्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ राजभवन में राज्यपाल करेंगी लोकार्पण, मुख्यमंत्री भी रहेंगे मौजूद

**अमृत विचार:** गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर राजधानी के सबसे ऊंचे 75 मीटर ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का लोकार्पण होगा। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल इसका लोकार्पण करेंगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दो उप मुख्यमंत्री समेत अन्य मंत्री भी शामिल होंगे।

राजभवन के अधिकारियों ने बताया कि करोड़ों भारतीयों की आशाओं और आकांक्षाओं के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज की लंबाई 90 फुट व चैड़ाई 60 फुट है, जो 75 मीटर (246 फुट) की ऊंचाई पर स्थापित है।

राजभवन में स्थापित होने जा रहे राष्ट्रीय ध्वज स्तंभ मैनराइडर यूनिट व एविएशन लाइट युक्त स्वचालित मोटर प्रणाली पर आधारित है। इसे 12 मीटर ऊंचाई के चार स्तंभ से आठ 350 वॉट एलइडी लाइट से प्रकाशित किया गया है। राष्ट्रीय ध्वज स्तंभ के नींव की गहराई 14 फुट है। अधिकारियों ने बताया कि राजभवन में विविध कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जायेगा। कार्यक्रमों की श्रृंखला में मिलेट्स व्यंजनों के प्रोत्साहन के लिए राजभवन महिला कार्मिकों व अध्यासितों के लिए 'श्री अन्न' व्यंजन प्रतियोगिता के साथ-साथ राजभवन में गणतंत्र दिवस की संध्या पर कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जायेगा।

# अयोध्या में रेकी करने के अभियुक्तों को सात दिन की रिमांड पर भेजा

विधि संवाददाता, लखनऊ

▶▶ खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह उर्फ पन्नू के कहने पर अयोध्या आए थे आरोपी

**अमृत विचार:** खलिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह उर्फ पन्नू के निर्देश पर अयोध्या में रेकी करके बड़ी घटना को अंजाम देने का प्रयास करने के आरोपियों को सात दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड पर दिये जाने आदेश एटीएस के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने दिया है। एटीएस अभियुक्तों से एक फरवरी तक पूछताछ करेगी।

इसके पूर्व एटीएस ने गत 19 जनवरी को तीनों अभियुक्तों को अयोध्या से गिरफ्तार करके 20 जनवरी को कोर्ट में पेश किया था, अभियुक्तों को पुलिस कस्टडी रिमांड पर दिये जाने की मांग संबंधी अर्जी देते हुए, सरकारी वकील एमके सिंह ने कोर्ट को बताया कि मामले की रिपोर्ट एटीएस थाने में इंस्पेक्टर ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह ने दर्ज कराई है, जिसमें कहा गया है कि उन्हें सूचना मिली कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कुछ लोग आतंकी घटना कारित करने के उद्देश्य से अयोध्या की रेकी कर रहे हैं, इस सूचना पर एटीएस ने स्कॉर्पियो में सवार तीनों अभियुक्तों शंकर लाल, अजीत कुमार और प्रदीप पुनिया को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पहले तो आरोपी एटीएस टीम को बरगलाते रहे लेकिन बाद में शंकर लाल ने बताया कि वह 2016 में बीकानेर की जेल में बंद था जहां उसकी मुलाकात खलिस्तानी आतंकवादी सुखविंदर सिंह सुक्खा के साथी लखविन्दर सिंह से हुई जिसने अपने भांजे पम्मा से मुलाकात करने का निर्देश दिया और पम्मा ने कनाडा में रहने वाले सुखविंदर सिंह से बात करने को बोला। बताया गया कि कनाडा में रह रहे खलिस्तानी आतंकियों ने गुरपतवंत सिंह का नाम लेकर उसे अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की रेकी करने के लिए कहा था और वहां का नक्श भेजने के लिए कहा था।

# अयोध्या में सरकारी अस्पताल में होगी हाईटेक ओटी

**अमृत विचार, लखनऊ:** अयोध्या का हर स्तर पर विकास हो रहा है। सरकारी अस्पतालों को अत्याधुनिक उपकरणों से युक्त विशिष्ट चिकित्सकीय सेवाएं देने वाला बनाया जा रहा है। उक्त क्रम में मिल्कीपुर स्थित नवनिर्मित 50 बिस्तर युक्त अस्पताल के नेत्र विभाग को आधुनिक बनाया जा रहा है। ओटी में अत्याधुनिक उपकरण के लिए राज्य सरकार ने 15 लाख ज्यादा का बजट दिया है।

देवगांव, मिल्कीपुर स्थित नवनिर्मित संयुक्त चिकित्सालय में मरीजों को सुपर स्पेश्यलिटी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की गई है। जिसके बाद नेत्र विभाग में स्लिट लैंप बायो माइक्रोस्कोप, नॉन कॉन्टेक्ट टोनोमीटर, ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप व ऑटो रेफरेक्टोकेराटो मीटर आदि संसाधन जुटाने के लिए राज्य सरकार ने 15 लाख 32 हजार रूपए स्वीकृत किये हैं। यह बजट विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी ने स्वास्थ्य महानिदेशक को जारी कर दिए हैं।

# वन्यजीव आवासों के एकीकृत विकास पर कार्य शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में वन्यजीव आवासों के एकीकृत विकास पर कार्य शुरू हो गया है। केंद्र सरकार की 'इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ वाइल्डलाइफ हैबिटैट्स' योजना के तहत शुरू हुए कार्य पर राज्य सरकार ने 4.85 करोड़ रुपये जारी किये हैं।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में वन्यजीवों के संरक्षण व उन्हें आश्रयस्थल मुहैया कराने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। इस क्रम में केंद्र सरकार की इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ वाइल्डलाइफ हैबिटैट्स योजना को प्रदेश में क्रियान्वित करने पर सरकार का विशेष फोकस है।

अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार ने पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन अनुभाग को योजना के कार्यपालन के लिए 4.85 करोड़ रुपए की धनराशि वित्तीय व प्रशासकीय स्वीकृति के बाद जारी कर दी है। इस परियोजना के अंतर्गत होने वाले सभी निर्माण कार्यों को प्रदेश शासन की रूलबुक के अनुसार पूर्ण किया जाएगा। प्रधान मुख्य वन संरक्षक की देखरेख में सभी निर्धारित कार्यों को पूरा किया जाएगा। प्रधान मुख्य वन संरक्षक इस बात को भी सुनिश्चित करेंगे कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की कोई गुणवत्ता संबंधी शिकायत की गुंजाइश न रहे।

### पैदा हो रहे रोजगार के अवसर

वन क्षेत्रों में संरक्षण के लिहाज से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के जरिए सरकार स्थानीय जनता को गाइड, ड्राइवर, आतिथ्य कर्मियों और अन्य सहायक नौकरियों में सेवा करने के अवसर भी उपलब्ध करा रही है। ये योजनाएं विभिन्न पर्यावरण-विकास परियोजनाओं के माध्यम से लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में विभिन्न कौशल उपलब्ध करने को बढ़ावा देती हैं। इससे वे स्वरोजगार के लिए सक्षम हो सकेंगे।

# कल से नेचर एवं बर्ड फेस्टिवल में होंगी प्रतियोगिताएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ फोटोग्राफी, रंगोली, प्रदर्शनी, पेंटिंग समेत कई प्रतिस्पर्धा में हिस्सा ले सकेंगे प्रतिभागी

**अमृत विचार:** राज्य सरकार के नेतृत्व में हर साल की तरह इस बार भी विश्व वेटलैण्ड दिवस पर 27 जनवरी से दो फरवरी तक नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल-2024 मनाया जाएगा। इस कड़ी में पूरे सप्ताह कई जिलों में विविध आयोजन कराए जाने है। 27 जनवरी को शहीद चन्द्र शेखर आजाद पक्षी विहार, नवाबगंज, उन्नाव में बर्ड फेस्टिवल की शुरुआत होगी। इसमें वन राज्यमंत्री केपी मलिक मौजूद रहेंगे।

28 को गोविन्द सागर बांध, ललितपुर वन प्रभाग ललितपुर, 29 को राज्य पक्षी सारस अभ्यारण्य, बखिरा संतकबीरनगर वन प्रभाग में फेस्टिवल का आयोजन होगा। जबकि, 30 को लाखबहोसी पक्षी विहार, कन्नौज, लुप्तप्राय परियोजना और 31 जनवरी को सूरजपुर वेटलैण्ड, गौतमबुद्धनगर वन प्रभाग, गौतमबुद्धनगर में राज्य स्तरीय आयोजन होगा।

वहीं, पहली फरवरी को प्रयागराज संगम क्षेत्र, सामाजिक वानिकी प्रभाग, प्रयागराज और दो फरवरी को हैदरपुर वेटलैण्ड, मुजफ्फरनगर वन प्रभाग में इससे जुड़े आयोजन होंगे।

### कर्मचारी होंगे पुरस्कृत

बर्ड फेस्टिवल में वन विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों एवं संस्थाओं जैसे शैक्षिक संस्थानों, वन्यजीव फोटोग्राफर्स आदि की सहभागिता रहेगी। साथ ही रंगोली प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता, पेन्टिंग प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी आदि आयोजित की जाएगी। उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजकीय अधिकारियों, कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

### बीते साल में महोबा में हुआ था आयोजन

राज्य स्तरीय कार्यकम के तहत 2017 में दुधवा टाइगर रिजर्व लखीमपुर खीरी, वर्ष 2019 में नवाबगंज पक्षी विहार, उन्नाव : 2020 में सूरसरोवर पक्षी विहार, कीठम-आगरा और 2021 में ओखला पक्षी विहार, गौतमबुद्धनगर में आयोजित किया गया। कोविड महामारी के कारण वर्ष 2022 में बर्ड फेस्टिवल का आयोजन नहीं किया जा सका। 2023 में विजय सागर पक्षी विहार, महोबा में बर्ड फेस्टिवल मनाया गया था।

# मेडिकल कॉलेज में प्रधानाचार्य नियुक्त

**अमृत विचार,लखनऊः** सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रधानाचार्यों की सीधी भर्ती प्रक्रिया में सहारनपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेज का प्रधानाचार्य डॉ.सुधीर राठी को नियुक्त किया गया है।

लोकसेवा आयोग द्वारा प्रधानाचार्य की नियुक्ति के बाद वर्तमान प्रधानाचार्य डॉ.संगीता अनेजो को पीलीभीत के राजकीय मेडिकल कॉलेज में प्रधानाचार्य के पद पर भेज दिया गया है। यह आदेश गुरुवार को चिकित्सा शिक्षा अनुभाग एक से सचिव पवन कुमार द्वारा जारी हो चुका है।

## वर्ग पहेली-324

**बाएं से दाएं**

1. 1. पोतने की क्रिया या भाव 2. दीवार पर रंग या लेप करने की क्रिया 3. पुताई की मज़दूरी।
3. गुरुच या गुडूची, एक प्रकार की कड़वी बेल जिसके पत्ते दवा के काम आते हैं।
4. 1. हठी, ज़िद्दी 2. अड़ियल।
5. 1. साथ रहने वाली स्त्री, साथ-साथ विचरण करने वाली स्त्री 2. सखी, सहेली, साथिन 3. पत्नी।
7. 1. देर तक होने वाली धम की आवाज़ 2. पदचाप।

**ऊपर से नीचे**

2. मांगलिक अवसर या उत्सव आदि में संबंधियों या मित्रों को भेजी जाने वाली मिठाई।
3. 1. पीठ पर तीन सफ़ेद धारियों वाला चूहे जैसा एक छोटा जंतु जो पेड़ों पर या बगीचों में रहता है 2. गिलाई 3. चिखुरी।
5. अग्नि, आग।
6. ईरान या पर्शिया नामक देश।



### वर्ग पहेली - 323 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 मा | रु | त | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 2 दा | ■ | 3 बं |
| ■ | 4 कं | 5 द | ल | ■ | श |
| ■ | 6 डो | ल | ची | ■ | लो |
| 7 का | म | दा | नी | ■ | च |
| यि | ■ | र | ■ | ■ | न |
| की | ■ | ■ | 8 लौं | डा | ■ |

## सुडोकू -41

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | 2 | | | 1 | |
| | | 9 | | | 8 | | | 3 |
| | | 4 | 9 | | 6 | | | 5 |
| 2 | | | 5 | 3 | 7 | | | 6 |
| | | 1 | | | | 7 | | |
| 6 | | | 1 | 9 | 2 | | | 4 |
| 4 | | | 7 | | 1 | 5 | | |
| 5 | | | 8 | | | 9 | | |
| | 8 | | | 5 | | 6 | | |

### सुडोकू - 40 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 1 |
| 4 | 2 | 3 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 |
| 5 | 1 | 7 | 8 | 2 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 2 | 7 | 5 | 8 | 1 | 6 |
| 2 | 5 | 6 | 3 | 1 | 8 | 9 | 7 | 4 |
| 7 | 8 | 1 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 2 |
| 8 | 7 | 4 | 6 | 5 | 2 | 1 | 9 | 3 |
| 1 | 6 | 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 5 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 4 | 2 | 6 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 जनवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 27 जनवरी 01.19 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




त्योहार/व्रत/दिवस- गणतंत्र दिवस।
मुहूर्त-अभिजित-11.57-12.40 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-09.04-09.48, 12.40-13.24 तक। दिशाशूल-पश्चिम।
ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृतिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 10.28 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष:** आज अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करने से लाभ होगा। छात्रों को पढ़ाई में थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। कुछ लोग आपका मजाक उड़ा सकते हैं। परिवार में किसी का विवाह तय हो सकता है। नया वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं।

**वृष:** आज प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की सैलरी बढ़ सकती है। शत्रु आपके सामने घुटने टेकते नजर आएंगे। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। अपने लक्ष्य को निर्धारित कर पाने में आसानी होगी। उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिल सकता है।

**मिथुन:** आज पिछली गलतियों से सीखने के अवसर मिलेंगे। परिवार के लोग आपको कोई उपहार दे सकते हैं। प्रेमी जन के साथ रोमांटिक समय बिताएंगे। आपको धन उधार लेने से बचना चाहिए। संतान की उन्नति से आप प्रसन्न रहेंगे।

**कर्क:** आज परिवार में एकता और सामंजस्य बढ़ेगा। जीवनसाथी का उत्तम सहयोग प्राप्त होगा। लंबित सरकारी कार्य पूर्ण हो सकते हैं। आपसे लोग काफी प्रभावित रहेंगे। व्यापार में आप कुछ नया प्रयोग करेंगे। मांगलिक कार्यक्रमों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**सिंह:** आज घर की साज-सज्जा में आप धन खर्च करेंगे। आपको लंबी दूरी की यात्रा करने से बचना चाहिए। विदेश से जॉब के ऑफर मिल सकते हैं। काम का दबाव बढ़ सकता है। प्रेम संबंधों में विवाद होने की संभावना बन रही है।

**कन्या:** आज व्यापारिक यात्रा की योजना बनेगी। वैवाहिक जीवन में सुख बढ़ेगा। धार्मिक यात्राओं की योजना बना सकते हैं। सामाजिक कार्यक्रमों में आपको यश प्राप्त होगा। लेखन कार्यों में जुड़े लोगों को ख्याति मिलेगी।

**तुला:** आज विदेशी स्रोतों से धन लाभ प्राप्त होगा। जीवनसाथी के साथ आप शॉपिंग पर जा सकते हैं। प्रशासन से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है। फाइनेंस से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। भोग-विलास और ऐश्वर्य पर धन खर्च करेंगे।

**वृश्चिक:** आज कानूनी मामलों में विजय मिलने के योग बन रहे हैं। बड़े भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। ऑफिस में आपके काम का लोग श्रेय लेने का प्रयास करेंगे।

**धनु:** आज आपको काफी सावधान रहना चाहिए। बच्चों को बड़ों की डांट खानी पड़ेगी। पीठ और कमर में दर्द और थकान महसूस होगी। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से परेशानी का अनुभव होगा। व्यवसाय में क्लाइंट्स के साथ रिलेशन खराब हो सकते हैं।

**मकर:** आज पुराना ऋण उतारने के लिए दिन उत्तम है। जीवनसाथी की सलाह लेकर काम करना शुभ होगा। व्यवसाय में अधिकतम काम बिना किसी बाधा के पूर्ण होंगे। नए विषयों के अध्ययन के प्रति रुचि जागृत हो सकती है।

**कुंभ:** आज निःस्वार्थ भाव से लोगों की मदद करेंगे। इसीलिए लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। आपको दूसरों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। जॉब में मनोयोग से काम करेंगे। अधिकारी वर्ग आपकी प्रशंसा कर सकते हैं। स्वादिष्ट भोजन का आनंद ले सकते हैं।

**मीन:** आज आपकी योग्यता लोगों के सामने निखर के सामने आएगी, लेकिन आप अपनी उन्नति से असंतुष्ट रहेंगे। कमीशन से जुड़े कार्यों में हानि हो सकती है। किसी से कोई वादा न करें। विवाह योग्य जातकों का विवाह तय हो सकता है।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
तकदीर का तमाशा — सुबह : 10.00
हिन्दुस्तान की कसम — रात : 07.56

**SONY PIX**
साल्ट — सुबह : 09.48
एज ऑफ टूमारो — रात : 09.00

**SONY MAX**
राउडी — सुबह : 09.08
एकलव्य — रात : 09.30

**ZEE CINEMA**
हिम्मतवार — सुबह : 10.30
परमाणु — रात : 07.30

**colors CINEPLEX**
स्वदेश — दोपहर : 12.24
गब्बर इज बैक — शाम : 04.24

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर रात-09.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गोलू- एक पड़ोसी से- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी- कितना कमा लेते हो?
गोलू- बीस हजार रुपये प्रति माह।
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को पंद्रह हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं।
गोलू- मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं।

एक आदमी 12 साल बाद जेल से छूटा, मैले कुचैले कपड़ों में बहुत थका हुआ घर पहुंचा।
घर पहुंचते ही बीबी चिल्लाई-कहां घूम रहे थे इतनी देर? आपकी रिहाई तो 2 घंटे पहले ही हो गई थी न?
वो आदमी वापस जेल चला गया।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 995 फ्लैग 1115 डीएमओ 820 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 980 फ्लैग 1110 बोल्ड 1150 डीएमओ 900।

## कानपुर मंडी

| | |
| --- | --- |
| गेहूँदड़ा | 2525-2550 |
| आर.आर.21 | 2700-2750 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| चना | 5200-5400 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 4400-4500 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूँग | 8500-8800 |
| अरहरफूल | 14800-15000 |
| अरहरस्पेशल1 | 12400-12600 |
| चनादाल | 6700-6800 |
| मटरदाल | 5500-5550 |
| मसूरमलका | 7000-7050 |
| मसूरदाल | 7000-7050 |
| उड़ददाल | 8500-12000 |
| उड़द धोवा | 10000-12500 |
| मूँगदाल | 9000-10500 |
| मूँग धोवा | 9500-11500 |
| अरवा | 2000-2300 |
| सेला | 2500-3000 |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| लाही | 5050-5100 |
| अलसी | 4500-4600 |
| अण्डी | 4600-4700 |
| मूँगफलीदानाषिवपुरी | 10000-11200 |
| बटाली | 9500-10800 |
| सेहुआं | 4000-450 |
| सोयाबीन | 1515 1527 |
| सरसों | 2750-2850 |

# सामाजिक योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्णता के करीब सरकार : सीतारमण

## वित्त मंत्री ने हिंदू कॉलेज की वर्षगांठ पर कहा- अब देश के आत्मनिर्भर बनने का समय

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि सरकार गरीबों को बुनियादी जरूरतें मुहैया कराने के लिए बनाई गई सामाजिक योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर पूर्ण लक्ष्य तक पहुंचने के करीब है। सीतारमण ने दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज की 125वीं वर्षगांठ के अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, अब समय आ गया है कि भारत आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बने और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर आगे बढ़े।

पहले योजनाओं पर तेजी से काम नहीं होने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हमने एक विकसित भारत के लिए नींव रखी है और सभी को बुनियादी जरूरतें प्रदान करके लोगों को सशक्त बनाया है। उन्होंने कहा कि पहले भी सरकार के पास घर, सड़क आदि उपलब्ध कराने की योजनाएं थीं, लेकिन उन पर तेजी से काम करने की भावना गायब थी। आजादी के 50 या 60 साल बाद भी लगभग 50 प्रतिशत आबादी बुनियादी चीजों से वंचित थी।

वित्त मंत्री ने कहा, यह साफ है कि 2014 लेकर अब तक हमने तेजी के साथ काम किया है और योजनाओं को लक्ष्य तक पहुंचाने पर ध्यान दिया।

### डिजिटल मुद्रा पर सरकार, आरबीआई सक्रियता से कर रहे काम



सीतारमण ने कहा कि सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) सक्रिय रूप से केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) को बेहतर बनाने में लगे हुए हैं ताकि इसका उपयोग सीमापार भुगतान के लिए किया जा सके। आरबीआई ने पायलट आधार पर थोक सीबीडीसी शुरू किया है और नौ बैंकों - भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, यस बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एचएसबीसी को इसके लिए चुना है। इसके अलावा, आरबीआई ने खुदरा लेन-देन के लिए एक दिसंबर, 2022 को पायलट आधार पर सीबीडीसी या ई-रुपया शुरू किया। ई-रुपया एक डिजिटल टोकन के रूप में है जो कानूनी रूप से वैध मुद्रा का प्रतिनिधित्व करता है। इसे कागजी मुद्रा और सिक्कों के समान मूल्यवर्ग में जारी किया जा रहा है। इसे बैंकों के माध्यम से वितरित किया जा रहा है। उपयोगकर्ता पायलट परियोजना में शामिल बैंकों द्वारा पेश डिजिटल वॉलेट के माध्यम से ई-रुपये से लेनदेन कर सकते हैं।

## नोवार्टिस इंडिया के प्रबंध निदेशक संजय का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** नोवार्टिस इंडिया के वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक संजय मुर्देश्वर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दवा कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसके निदेशक मंडल ने गुरुवार को हुई बैठक में मुर्देश्वर का इस्तीफा मंजूर कर लिया। मुर्देश्वर ने 25 जनवरी, 2024 को एक पत्र में निदेशक और कंपनी के कर्मचारी के तौर पर दो अप्रैल, 2024 को कारोबारी घंटों के बाद पद छोड़ने की सूचना दी थी। मुर्देश्वर ने निदेशक मंडल को भेजे अपने पत्र में कहा, "मेरी व्यक्तिगत और व्यावसायिक आकांक्षाएं समय के साथ विकसित हुई हैं, और मेरा मानना है कि यह अपने लिए एक नई दिशा अपनाने का सही समय है।

# आईटी शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 360 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी

» टेक महिंद्रा का शेयर छह प्रतिशत से अधिक नीचे आया

स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 360 अंक नीचे आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने के बीच आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा।

30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 359.64 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 70,700.67 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 741.27 अंक लुढ़क गया था।

50 शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 101.35 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,352.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा छह प्रतिशत से अधिक नीचे आया। कंपनी का दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 60 प्रतिशत घटकर 510.4 करोड़ रुपये रहने की सूचना के बाद इसका शेयर नीचे आया। इसके अलावा भारती एयरटेल, आईटीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एशियन पेंट्स, विप्रो, एचडीएफसी बैंक, नेस्ले, टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और मारुति भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फाइनेंस और महिंद्रा एंड महिंद्रा शामिल हैं। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 6,934.93 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## सर्राफा

कानपुर

| | |
| --- | --- |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,700-47,900 |

मुरादाबाद

| | |
| --- | --- |
| सोना 24 कैरेट | 63,750 |
| चांदी आभूषण | 73,400। |

## लखनऊ मंडी

| | |
| --- | --- |
| शरबती स्टीम | - 63 |
| मंसूरी | - 45 |
| बासमती | - 108 |
| काला चना | -67 |
| मूंग दाल | - 96 |
| मूंग धोवा | - 110 |
| राज | 00 |

## एयर इंडिया पांच और ए350 विमानों को करेगी बेड़े में शामिल

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया जून तक अपने बेड़े में पांच और ए350 विमान शामिल करेगी। साथ ही 40 पुराने बोइंग 787 और 777 विमानों को उन्नत करने की प्रक्रिया जुलाई में शुरू होगी। एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में औसतन हर छह दिन में एक विमान एयरलाइन के बेड़े में शामिल होगा। घाटे में चल रही एयर इंडिया का टाटा समूह ने दो साल पहले 27 जनवरी को अधिग्रहण कर लिया था।

# सीसीई एग्री एप के प्रयोग में 59 जिले फिसड्डी

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

» लखनऊ व बागपत अव्वल, ललितपुर, कन्नौज, बदायूं, जौनपुर, महोबा, मथुरा बेहद खराब

» खरीफ 2023 की फसल उत्पादकता निकालने में 2,97,208 प्रयोग में 77,584 एप से कर पाए

**अमृत विचार :** प्रदेश में खरीफ 2023 की फसल उत्पादकता निकालने में अनिवार्यता होते हुए भी फसल कटाई सर्वेक्षण यानी सीसीई एग्री एप का 100 प्रतिशत प्रयोग नहीं हुआ। क्रॉप कटिंग के दौरान कुल 2,97,208 प्रयोग में 77,584 एप से किए गए। जबकि शेष पहले की तरह टेबिल पर उत्पादकता के आंकड़े भरे गए। हालांकि लखनऊ ने 1916 व बागपत ने 356 प्रयोग 100 प्रतिशत एप से कर सफलता हासिल की है, जबकि 50 प्रतिशत से कम एप का प्रयोग करने में 59 जिले फिसड्डी हैं।

सबसे खराब प्रगति ललितपुर, कन्नौज व बदायूं की 1 प्रतिशत व जौनपुर, मथुरा व महोबा की 2 प्रतिशत से कम है। इस पर गंभीरता न लेने वाले 50 फीसदी से कम प्रगति वाले एसडीएम व तहसीलदार से शासन कार्रवाई कर सकता है। गाजियाबाद, हापुड़, मुज्जफरनगर सहारनपुर, सोनभद्र व शामली की प्रगति अच्छी है। इनमें 70 फीसदी से अधिक प्रयोग किए हैं।

**यहां 50 प्रतिशत से कम प्रगति**

| जिले | प्रयोग | इतने किए |
| --- | --- | --- |
| बरेली | 4914 | 1918 |
| मुरादाबाद | 2696 | 1058 |
| बदायूं | 8608 | 63 |
| शाहजहांपुर | 5156 | 166 |
| रामपुर | 3120 | 569 |
| पीलीभीत | 2908 | 567 |
| कासगंज | 3680 | 1346 |

**ये भी पीछे**

| | | | | | |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| ललितपुर | 5048 | 9 | फर्रुखाबाद | 3064 | 211 |
| कन्नौज | 3404 | 8 | अमेठी | 2728 | 264 |
| महोबा | 4268 | 67 | चित्रकूट | 3144 | 317 |
| मथुरा | 2740 | 46 | बांदा | 3310 | 336 |
| जौनपुर | 7156 | 137 | फतेहपुर | 5624 | 771 |
| कानपुर नगर | 2444 | 658 | अयोध्या | 3308 | 573 |
| कानपुर देहात | 4888 | 123 | जालौन | 4448 | 893 |
| बाराबंकी | 5248 | 267 | गोरखपुर | 5400 | 1187 |
| उन्नाव | 7628 | 512 | प्रयागराज | 6100 | 2103 |

### पारदर्शिता के लिए एप लागू

क्रॉप कटिंग में कुछ गांव के खेत चिह्नित कर फसल की कटाई कर उपज निकाली जाती है। पुरानी व्यवस्था से इन पर घर बैठे या फिर मनमाने तरह से आंकड़े भरने के आरोप लगते हैं। इसमें पारदर्शिता लाकर उपज के सही आंकड़े सरकार तक पहुंचाने के लिए 2018 में सीसीई एप लागू किया गया था। इसमें फोटो, समेत पूरा विवरण ट्रेस होता है।

क्रॉप कटिंग में पारदर्शिता के लिए एप का प्रयोग करना है। इसमें लखनऊ व बागपत ने 100 प्रतिशत प्रयोग किया है। जबकि कुछ जिलों की प्रगति खराब है। यहां से संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही सुधार किया जाएगा।
-**सुमिता सिंह**, निदेशक, फसल बीमा एवं सांख्यिकी, कृषि निदेशालय।

## राष्ट्रीय

# मैक्रों और मोदी ने की जयपुर की सैर

## प्रधानमंत्री और फ्रांस के राष्ट्रपति ने किया ऐतिहासिक हवा महल का दीदार

जयपुर, एजेंसी



जयपुर के बाजार में पीएम नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने गुरुवार को परकोटे में स्थित जंतर मंतर से हवा महल तक रोड शो किया। इस दौरान मोदी व मैक्रों खुली छत वाले एक वाहन में सवार थे। दोनों नेताओं ने सड़क के दोनों ओर खड़े जनसमूह का अभिवादन स्वीकार किया। लोगों ने मोदी मोदी के नारे भी लगाए। उन पर अनेक स्थानों पर फूलों की वर्षा की गई। बड़ी संख्या में लोगों ने हाथ में तिरंगे तथा फ्रांस के राष्ट्रध्वज ले रखे थे।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यह रोड शो जंतर मंतर से हवा महल तक चला। इसके बाद दोनों नेताओं ने रोशनी से जगमगाते ऐतिहासिक हवा महल को निहारा। बाद में स्थानीय कलाकृतियों व हस्तशिल्प उत्पादों की एक दुकान में गए। वहां राष्ट्रपति मैक्रों अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर की प्रतिकृति निहारते देखे गए। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें वहां रखे भीम यूपीआई स्कैनर के बारे में भी बताया। मैक्रों 26 जनवरी को दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि हैं।

इससे पहले मोदी ने गुरुवार शाम जयपुर के ऐतिहासिक जंतर मंतर में फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों का स्वागत किया। इसके बाद दोनों नेताओं ने ऐतिहासिक जंतर मंतर का अवलोकन किया तथा उसके बारे में जाना। अपने भारत दौरे के तहत मैक्रों गुरुवार दोपहर जयपुर पहुंचे। हवाई अड्डे पर राज्यपाल कलराज मिश्र, विदेश मंत्री एस जयशंकर और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मैक्रों का स्वागत किया। वहीं, उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के दौरे पर गए प्रधानमंत्री मोदी शाम में जयपुर पहुंचे। हवाई अड्डे से मोदी जयपुर के परकोटे में स्थित जंतर मंतर के लिए रवाना हो गए। रास्ते में जगह जगह लोग व स्कूली बच्चे उनके स्वागत के लिए खड़े थे।

मैक्रों हवाई अड्डे से आमेर के किले पहुंचे। मैक्रों ने कई जगह हाथ हिलाकर बच्चों का अभिवादन किया। किले में भी वह वहां मौजूद लोगों से बातचीत करते व उनके साथ फोटो खिंचवाते नजर आए।

## भाजपा के घोषणा पत्र के लिए युवाओं से मांगे सुझाव

**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पूर्ण बहुमत के साथ स्थिर सरकार चुनने की वकालत की और युवा मतदाताओं से लोकसभा चुनाव में परिवारवादी पार्टियों को हराने का आह्वान करते हुए कहा कि उनके वोट ही भारत की दशा व दिशा तय करेंगे। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भाजपा की युवा इकाई भाजयुमो की ओर से आयोजित नमो नवमतदाता सम्मेलन को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि परिवारवादी पार्टियों की सरकारों के कार्यकाल में भारत के युवाओं का भविष्य 'अंधकारमय' बना दिया गया था जबकि मौजूदा केंद्र सरकार उन्हें उस स्थिति से बाहर निकाल कर लाई। मोदी ने युवाओं से आगामी लोस के मद्देनजर भाजपा के घोषणापत्र के लिए सुझाव देने का आग्रह किया।

# गणतंत्र दिवस पर 6 कीर्ति चक्र और 16 शौर्य चक्र पुरस्कारों की घोषणा

नई दिल्ली, एजेसी

» छह कीर्ति चक्र में से तीन को मरणोपरांत दिए जाएंगे



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर छह कीर्ति चक्र और 16 शौर्य चक्र सहित 80 वीरता पुरस्कारों को मंजूरी दे दी। छह कीर्ति चक्र में से तीन को मरणोपरांत और 16 शौर्य चक्र में से दो को मरणोपरांत प्रदान किए जाने की घोषणा की गई।

कीर्ति चक्र अशोक चक्र के बाद भारत का दूसरा सबसे बड़ा शांतिकालीन वीरता पुरस्कार है, जबकि शौर्य चक्र शांतिकाल का तीसरा सबसे बड़ा वीरता पुरस्कार है।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार जिन्हें कीर्ति चक्र पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की गई उनमें पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल) की 21वीं बटालियन के मेजर दिग्विजय सिंह रावत, सिख रेजिमेंट की चौथी बटालियन के मेजर दीपेंद्र विक्रम बासनेत और महार रेजिमेंट की 21वीं बटालियन के हवलदार पवन कुमार यादव शामिल हैं। मंत्रालय के अनुसार मरणोपरांत पुरस्कार से सम्मानित किये जाने वालों में पंजाब रेजिमेंट (आर्मी मेडिकल कोर) की 26वीं बटालियन के कैप्टन अंशुमान सिंह, पैराशूट रेजिमेंट की नौवीं बटालियन (विशेष बल) के हवलदार अब्दुल माजिद और राष्ट्रीय राइफल्स की 55वीं बटालियन के सिपाही पवन कुमार शामिल हैं। इसके अनुसार शौर्य चक्र पुरस्कार विजेताओं में पैराशूट रेजिमेंट की 21वीं बटालियन के मेजर मानेओ फ्रांसिस, सिख रेजिमेंट की चौथी बटालियन के मेजर अमनदीप जाखड़, महार रेजिमेंट के नायब सूबेदार बारिया संजय कुमार भामर सिंह, 9 असम राइफल्स के हवलदार संजय कुमार और राष्ट्रीय राइफल्स से पुरुषोत्तम कुमार शामिल हैं।

भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट बिमल रंजन बेहरा और भारतीय वायु सेना के विंग कमांडर शैलेश सिंह (पायलट), फ्लाइट लेफ्टिनेंट हृषिकेश जयन करुथेदथ (पायलट) और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के सहायक कमांडेंट बिभोर कुमार सिंह भी शौर्य चक्र पुरस्कार विजेताओं में शामिल हैं।

## एक नजर

### मंत्री अमन अरोड़ा की दोषसिद्धि पर 31 तक रोक

**चंडीगढ़।** संगरूर जिले की एक अदालत ने 2008 के एक मामले में गुरुवार को पंजाब के कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा की दोषसिद्धि पर 31 जनवरी तक रोक लगा दी। जिला और सत्र न्यायाधीश की अदालत ने अरोड़ा की याचिका पर उन्हें अंतरिम राहत दी। अरोड़ा के वकील योगेश गुप्ता ने कहा, अदालत ने मंत्री की दोषसिद्धि पर 31 जनवरी तक रोक लगा दी और अंतिम आदेश की घोषणा के लिए मामले को स्थगित कर दिया गया।

### महिला को ब्लैकमेल, धन ऐंठने में विदेशी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** एक महिला को उसकी अश्लील तस्वीर व वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने की धमकी देकर धन ऐंठने के आरोप में 37 वर्षीय एक नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि आरोपी की पहचान इवान के तौर पर की गई है। पुलिस के अनुसार बिजनेस वीजा पर आया इवान ग्रेटर नोएडा में रह रहा था। पुलिस उपायुक्त (आईएफएसओ) हेमंत तिवारी ने बताया, '' हमें एक व्यक्ति से शिकायत मिली थी। जांच में आरोप सही मिले। डीसीपी तिवारी ने बताया, ''आरोपी ने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है।

## झारखंड उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में किया धार्मिक ग्रंथों का उल्लेख

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने एक महिला के अपने पति से गुजारा-भत्ता मांगने से जुड़े मामले में आदेश सुनाते हुए धार्मिक ग्रंथों का उल्लेख किया है। फैसले में न केवल पति और पत्नी के वैयक्तिक संबंधों की बात की गई है, बल्कि विवाहित दंपतियों के अधिकारों तथा कर्तव्यों का भी उल्लेख किया गया है। न्यायमूर्ति सुभाष चंद ने 25 पन्नों के आदेश में उच्चतम न्यायालय के फैसलों को उद्धृत करते हुए इस बारे में विचार व्यक्त किया कि भारत में महिलाएं किस तरह शादी के बाद पति के परिवार में रहने आती हैं। न्यायमूर्ति चंद ने अपने आदेश में ऋग्वेद, यजुर्वेद, मनुस्मृति के उद्धरणों का भी वर्णन किया और टेरेसा चाको की पुस्तक 'इंट्रोडक्शन ऑफ फेमिली लाइफ एजुकेशन' का भी हवाला दिया। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों में बेटा शादी के बाद अपने परिवार से अलग हो जाता है, लेकिन भारत में ऐसा नहीं है। शीर्ष अदालत के एक फैसले का हवाला देते हुए न्यायमूर्ति चंद ने कहा कि पत्नी को विवाह के बाद अपने पति के परिवार के साथ रहना होता है, जब तक उनके अलग होने का कोई मजबूत न्यायोचित कारण नहीं हो। मामला रुद्र नारायण राय द्वारा हाल में दायर याचिका से जुड़ा है जिसमें उनकी पत्नी और नाबालिग बेटे को गुजारा भत्ता दिये जाने के दुमका की एक कुटुम्ब अदालत के आदेश को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति चंद ने 22 जनवरी को फैसला सुनाया और आदेश में बदलाव करते हुए कहा कि राय की पत्नी को गुजारा भत्ता देने के आदेश को रद्द किया जाता है। वहीं उनके नाबालिग बेटे को मिलने वाले गुजारा भत्ता को 15,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये किया जाता है।

# हिंडनबर्ग रिपोर्ट : ईश्वर की कृपा, साथियों की मदद ने बचाया : अदाणी

नई दिल्ली, एजेंसी



अदाणी समूह के खिलाफ अमेरिका की मंदडिया फर्म हिंडेनबर्ग की विवादास्पद रिपोर्ट के एक वर्ष पूरे होने पर समूह के प्रमुख गौतम अदाणी ने कहा है उनकी कंपनियों की ठोस हकीकत झूठ की सुनामी से ध्वस्त होती नजर आ रही थी लेकिन ईश्वर की कृपा और तमाम साथियों के सामूहिक प्रयास से समूह संकट से उबरने में सफल रहा। उन्होंने हिंडेनबर्ग रिपोर्ट से उठे भूचाल के बारे में कहा है कि उस समय मीडिया में कुछ लोगों की सहायता और प्रोत्साहन से हमारे खिलाफ झूठ इतना प्रभावी था कि हमारे पोर्टफोलियो की जमीनी वास्तविकताएं धूमिल होती महसूस हो रही थीं।

बंदरगाह, हवाईअड्डा, बिजली, सीमेंट और मीडिया जैसे क्षेत्रों में काम कर रहे अदाणी समूह के प्रमुख ने एक लेख में कहा कि इस मुश्किल वक्त में वित्तीय निवेशक, ऋणदाता और रेटिंग एजेंसी सहित वित्तीय क्षेत्र के विशेषज्ञ, इस झूठ की सुनामी में भी पूरी ताकत से हमारे सच की पतवार को थामे रहे। उल्लेखनीय है कि 24 जनवरी 2023 को हिंडेनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट मीडिया में आने के बाद अदाणी समूह की सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर बुरी तरह धराशायी हो गए थे।

# कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री शेट्टार की भाजपा में वापसी

नई दिल्ली, एजेंसी



बीजेपी में दोबारा शामिलजगदीश शेट्टार का नई दिल्ली में स्वागत करते नड्डा।

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार गुरुवार को भाजपा में वापस लौट आए। पिछले विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने पर नाराज होने के बाद वह कांग्रेस में शामिल हो गए थे। राजधानी स्थित भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और राजीव चंद्रशेखर, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री व पार्टी संसदीय बोर्ड के सदस्य बीएस येदियुरप्पा, मुख्य प्रवक्ता व मीडिया विभाग के प्रभारी अनिल बलूनी और पार्टी की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र की मौजूदगी में उनकी घर वापसी हुई।

हुबली-धारवाड़ मध्य सीट से छह बार विधायक रहे जगदीश शेट्टार की गिनती राज्य के अनुभवी नेताओं में होती है। उनका परिवार जनसंघ के दिनों से पार्टी से जुड़ा रहा। वह कित्तूर कर्नाटक क्षेत्र के एक प्रभावशाली नेता माने जाते हैं।

## सीट बंटवारे पर मिलजुलकर समाधान निकाल लेंगे: जयराम

**सिलीगुड़ी।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को कहा कि उनकी पार्टी को उम्मीद है कि तृणमूल कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे पर उपजे गतिरोध का समाधान निकाल लिया जाएगा। इससे एक दिन पहले ही तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घोषणा की थी कि उनकी पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी। उनके इस बयान को 'इंडिया' गठबंधन और कांग्रेस के लिए बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। रमेश ने बागडोगरा हवाईअड्डे पर कहा कि कांग्रेस ममता बनर्जी के बिना गठबंधन के बारे में सोच भी नहीं सकती, क्योंकि वह देश में भाजपा के खिलाफ लड़ाई में अपरिहार्य हैं।

# आतंकी घटनाओं में आई 66 प्रतिशत कमी : शाह

जम्मू, एजेंसी

» गृहमंत्री ने जम्मू में 100 ई-बसों को हरी झंडी दिखाई, कहा-धारा 370 हटने से राज्य में लौट रही शांति



जम्मू कश्मीर में शांति के एक नए युग की शुरूआत होने का उल्लेख करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में आतंकी घटनाएं 66 फीसदी और नागरिकों की हत्याओं में 81 प्रतिशत की कमी आई है।

शाह ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, जम्मू कश्मीर को पर्यटन केंद्र के रूप में तब्दील करने का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को दिया। शाह ने जम्मू में 100 ई-बसों को हरी झंडी दिखाई और जम्मू कश्मीर प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों तथा अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पाने वालों को नियुक्ति पत्र सौंपे।

शाह ने कहा कि 2000 में जम्मू कश्मीर में पथराव की 2,654 घटनाएं हुई थीं लेकिन 2023 में ऐसी एक भी घटना नहीं हुई। उन्होंने कहा, 2010 में करीब 132 बंद के आयोजन किए गए लेकिन 2023 में एक भी नहीं किया गया। 2010 में करीब 112 नागरिकों की पथराव की घटनाओं में मौत हुई लेकिन 2023 में पथराव में एक भी नागरिक ने जान नहीं गंवाई। करीब 6,235 नागरिक 2010 की अवधि के दौरान घायल हुए। मंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर में आतंकवाद के वित्तपोषण पर भी नकेल कसी गई है।

उन्होंने कहा कि संपत्ति सील और कुर्क की जा रही। उनकी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए कई आतंकी संगठनों को प्रतिबंधित किया गया है। मोदी की प्रशंसा करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जम्मू कश्मीर को एक पर्यटन केंद्र में बदल दिया है जो कभी आतंकवाद के लिए जाना जाता था। उन्होंने कहा कि बम विस्फोट, गोलीबारी, पथराव और बंद के युग की जगह शिक्षा, स्कूल, कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, प्रबंधन संस्थान, उद्योग और बुनियादी ढांचे ने ले ली है।

## हरिशंकर भाभड़ा का निधन, पार्टीजनों ने दी श्रद्धांजलि



**जयपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री हरिशंकर भाभड़ा ने बीती रात स्थानीय रूंगटा अस्पताल में अंतिम सांस ली। गुरुवार सुबह उनका पार्थिव देह भाजपा प्रदेश कार्यालय में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया जहां पार्टीजनों ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने वरिष्ठ नेता के पार्थिव शरीर के दर्शन कर पार्टी का झंडा ओढ़ाया, पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# पहला ग्रैंडस्लैम जीतने से बस एक कदम दूर बोपन्ना

## आस्ट्रेलियाई ओपन में चीन की जोड़ी को हराकर फाइनल में पहुंचे

मेलबर्न, एजेंसी



रोहन बोपन्ना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम करने से बस एक जीत दूर है। उन्होंने आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल में प्रवेश कर लिया है। दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी ने थॉमस माचाक और झांग झिंझेन को बृहस्पतिवार को सेमीफाइनल में 6-3, 3-6, 7-6 (10-7) से हराया।

एक दिन पहले ही बोपन्ना ने विश्व युगल रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया था। उन्होंने मैच में दमदार सर्विस और स्ट्रोक्स का प्रदर्शन किया। वह 2013 और 2023 में अमेरिकी ओपन फाइनल में पहुंचे लेकिन खिताब नहीं जीत सके। अब 43 वर्ष की उम्र में वह अपना यह सपना पूरा करने से एक जीत दूर हैं। बोपन्ना और एबडेन का सामना अब इटली के सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावास्सोरी से होगा।

### एबडेन के साथ अच्छा रहा तालमेल : बोपन्ना

बोपन्ना ने कहा कि एबडेन के साथ तालमेल अच्छा रहा। इस उम्र में सफलता के बारे में पूछने पर कहा कि उनके साथ एक बड़ी टीम है। उन्होंने फोकस बनाए रखा और फिटनेस पर पूरा ध्यान दिया। मानसिक मजबूती के लिए योग करते हैं। एबडेन ने कहा कि घरेलू दर्शकों के सामने जीतना खास है। प्रतिद्वंद्वी काफी खतरनाक थे। अब एक मैच बाकी है।

### कड़े मुकाबले में बोपन्ना ने दिखाई खेल भावना

पहले दो सेट में बराबरी के बाद तीसरे सेट के पहले गेम में बोपन्ना और एबडेन 0-30 से पीछे थे लेकिन बोपन्ना ने अपनी दमदार सर्विस बरकरार रखी। बोपन्ना की खेल भावना एक बार फिर देखने को मिली जब सातवें गेम में उन्होंने नेट छूने के बाद खुद बताया कि एक अंक गंवा दिया है। बोपन्ना का बैकहैंड शॉट लंबा जाने के बाद वे 15-30 से पीछे हो गए और झांग ने क्रॉसकोर्ट पर फोरहैंड विनर लगाया, जिससे बोपन्ना को दो ब्रेक प्वाइंट का सामना करना पड़ा। उनका बैकहैंड शॉट बाहर चला गया, जिससे विरोधी टीम ने वापसी की। अगले गेम में बोपन्ना और एबडेन को तीन मैच प्वाइंट मिले जो उन्होंने बचाए। चीनी खिलाड़ियों ने हालांकि वापसी करते हुए एक समय स्कोर 5-5 कर लिया।

### सुपर टाइब्रेकर से हुआ मैच का फैसला

11वें गेम में करीबी मुकाबले के बाद एबडेन ने सर्विस बरकरार रखते हुए 6-5 की बढ़त दिलाई, इसके बाद एक और ब्रेक प्वाइंट से वे मैच जीत जाते लेकिन तीसरा सेट टाई रहने पर सुपर टाइब्रेकर हुआ। सुपर टाइब्रेकर में एबडेन ने रिटर्न विनर लगाकर बढ़त बनाई और बोपन्ना ने झांग के रिटर्न पर जबर्दस्त वॉली विनर लगाकर स्कोर 7-5 कर दिया। बोपन्ना ने इसके साथ मैच खत्म किया।

# कोको गॉफ को हराकर सबालेंका फाइनल में



मेलबर्न, एजेंसी। गत चैंपियन एरिना सबालेंका ने गुरुवार को कोको गॉफ को हराकर अमेरिकी ओपन फाइनल में हार का बदला चुकता किया और सेरेना विलियम्स के बाद लगातार दो बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जगह बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनीं। सबालेंका ने सेमीफाइनल में गॉफ को 7-6, 6-4 से हराया। शनिवार को होने वाले फाइनल में सबालेंका की भिड़ंत झेंग किनवेन और डायना यास्त्रेमस्का के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगी। झेंग और दुनिया की 93वें नंबर की खिलाड़ी यास्त्रेमस्का पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के फाइनल में खेल रहे हैं। पिछले साल यहां खिताब जीतने वाली सबालेंका मेलबर्न पार्क पर लगातार 13 मैच जीत चुकी हैं। सेरेना ने 2015, 2016 और 2017 में लगातार तीन साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जगह बनाई थी। सेमीफाइनल में सबालेंका के खिलाफ गॉफ की 2024 की पहली हार है।

# ज्योति रंधावा बने सीनियर यूरो क्यू स्कूल जीतने वाले पहले भारतीय



**अंताल्या, एजेंसी।** गोल्फर ज्योति रंधावा सीनियर यूरोपीय टूर क्वालीफाइंग स्कूल के शीर्ष पर रहने वाले पहले भारतीय बने और इस सत्र में लीजेंड्स टूर में खेलने का पूर्ण अधिकार हासिल किया। रंधावा ने कुल 12 अंडर 276 का स्कोर बनाया। वह अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से चार शॉट आगे रहे। वर्ष 2022 में 50 बरस के हुए रंधावा ने 2023 में यूरोप में सीनियर टूर पर अपनी कुछ शुरुआती प्रतियोगिताएं खेली थीं। उन्होंने अंताल्या के ग्लोरिया गोल्फ क्लब में 71, 67, 68 और 70 के स्कोर से कुल 276 का स्कोर बनाया। फ्रांस के लियोनल एलेक्जेंडर (72), इंग्लैंड के साइमन ग्रिफिथ्स (72) और स्पेन के कार्लोस बालमासेदा (72) 280 के स्कोर से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे।

# भारतीय स्पिन के सामने बैजबॉल की उड़ीं धज्जियां

## 246 रन पर सिमटी इंग्लैंड की पहली पारी, भारत ने एक विकेट खोकर बनाए 119 रन

हैदराबाद, एजेंसी

भारतीय स्पिन तिकड़ी ने इंग्लैंड की बैजबॉल रणनीति को बेअसर साबित करते हुए टेस्ट के पहले दिन बृहस्पतिवार को उसे पहली पारी में 246 रन पर समेट दिया और जवाब में यशस्वी जायसवाल के शानदार अर्धशतक से भारत ने अच्छी शुरुआत की। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर भारत ने 23 ओवर में एक विकेट पर 119 रन बना लिए थे।

यशस्वी जायसवाल 70 गेंद में 76 रन बनाकर खेल रहे हैं, जिसमें नौ चौके और तीन छक्के शामिल हैं। वहीं शुभमन गिल ने 14 रन बना लिए हैं। भारत ने एकमात्र विकेट कप्तान रोहित शर्मा के रूप में गंवाया, जो स्पिनर जैक लीच की गेंद पर इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को कैच देकर लौटे। रोहित ने 27 गेंद में तीन चौकों की मदद से 24 रन बनाए।

**76** रन 70 गेंदों पर बनाकर यशस्वी शुभमन के साथ मैदान पर डटे





### स्पिन तिकड़ी के सामने ढेर हुई इंग्लैंड

सुबह स्टोक्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उनके बल्लेबाज भारतीय स्पिन तिकड़ी का सामना नहीं कर सके। रविचंद्रन अश्विन ने 68 और रविंद्र जडेजा ने 88 रन देकर 3-3 विकेट चटकाए, जबकि अक्षर पटेल और जसप्रीत बुमराह को 2-2 विकेट मिले। पहली ही गेंद से आक्रामक खेलने की इंग्लैंड की बैजबॉल रणनीति कहीं नजर नहीं आई, जिसके दम पर पिछले कुछ अर्से में उसने अपार सफलता हासिल की है।

### रोहित ने 64 में 52 ओवर स्पिनरों से कराए

कप्तान रोहित शर्मा ने 64 .3 में से 52 ओवर तीनों स्पिनरों से कराए। स्पिनर भी कप्तान के भरोसे पर खरे उतरे। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों बेन डकेट और जैक क्रॉली ने पहले आठ ओवरों में 41 रन बना लिए थे। अश्विन ने 12वें ओवर में डकेट को एलबीडब्ल्यू आउट करके भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद जडेजा ने ओली पोप को 14वें ओवर में पहली स्लिप में रोहित शर्मा के हाथों लपकवाया। अश्विन ने अगले ओवर में क्रॉली को अपना 492वां टेस्ट शिकार बनाया। उनकी फुललैंथ गेंद पर क्रॉली ने मोहम्मद सिराज को कैच थमाया।

### 60 रन पर गिरे 3 विकेट, रूट और बेयरस्टो ने संभाली पारी

तीन विकेट 60 रन पर गिरने के बाद रूट और बेयरस्टो ने पारी को संभाला। उनके बीच हुई 61 रन की साझेदारी को तोड़ते हुए अक्षर ने बेयरस्टो को पवेलियन भेजा। स्पिन को बखूबी खेलने वाले रूट भी जड़ेजा की गेंद पर खराब शॉट खेलकर जसप्रीत बुमराह को कैच थमाया। बेन फोक्स 24 गेंद में चार रन बनाकर अक्षर का दूसरा शिकार बने, जिनका कैच विकेट के पीछे केएस भरत ने लपका। टॉम हार्टली (23) को जडेजा और मार्क वुड (11) को अश्विन ने बोल्ड किया, जबकि रेहान अहमद (13) ने बुमराह की गेंद पर विकेट के पीछे कोना भरत को कैच थमाया।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | 119/1 (23 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 76 | 70 | 9/3 |
| रोहित शर्मा का स्टोक्स बो लीच | 24 | 27 | 3/0 |
| शुभमन गिल नाबाद | 14 | 43 | 1/0 |

**अतिरिक्त :** 5, कुल : 23 ओवर में एक विकेट पर : 119 रन, विकेट पतन : 1-80, गेंदबाजी : वुड 2-0-9-0, हार्टली 9-0-63-0, लीच 9-2-24-1, अहमद 3-0-22-0

| इंग्लैंड | 246/10 (64.3 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| जाक क्राउले का सिराज बो अश्विन | 20 | 40 | 3/0 |
| बेन डकेट पगबाधा बो अश्विन | 35 | 39 | 7/0 |
| ओली पोप का शर्मा बो जडेजा | 1 | 11 | 0/0 |
| जो रूट का बुमराह बो जडेजा | 29 | 60 | 1/0 |
| जॉनी बेयरस्टो बो पटेल | 37 | 58 | 5/0 |
| बेन स्टोक्स बो बुमराह | 70 | 88 | 6/3 |
| बेन फोक्स का भरत बो पटेल | 4 | 24 | 0/0 |
| रेहान अहमद का भरत बो बुमराह | 13 | 18 | 1/0 |
| टॉम हार्टले बो जडेजा | 23 | 24 | 2/1 |
| मार्क वुड बो अश्विन | 11 | 24 | 2/0 |
| जैक लीच नाबाद | 0 | 3 | 0/0 |

**अतिरिक्त :** 3, कुल :64 .3 ओवर में ऑल आउट : 246 रन, **विकेट पतन :** 1-55, 2-58, 3-60, 4-121, 5-125, 6-137, 7-155, 8-193, 9-234, **गेंदबाजी :** बुमराह 8 .3-1-28-2, मोहम्मद सिराज 4-0-28-0, रविंद्र जडेजा 18-4-88-3, रविचंद्रन अश्विन 21-1-68-3, अक्षर पटेल 13-1-33-2

## खेल डायरी

### मुक्केबाजी से अभी नहीं लिया है संन्यास : मैरी कॉम



नई दिल्ली। तोक्यो ओलंपिक के बाद से रिंग पर नहीं उतरी एमसी मैरी कॉम के भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही थी लेकिन मैरी कॉम ने बृहस्पतिवार को खेल से संन्यास की अटकलों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने अब तक संन्यास की घोषणा नहीं की है और उनके बयान को तोड़ मरोड़कर पेश किया गया। जब भी संन्यास का एलान करना होगा तो खुद बता देंगी। दरअसल डिब्रूगढ में बुधवार को एक कार्यक्रम के दौरान मणिपुर की फ्लायवेट (51 किलो) वर्ग की मुक्केबाज मैरी कॉम के हवाले से कहा गया था कि अमैच्योर मुक्केबाजों के लिए 40 वर्ष की सीमा के कारण उन्हें मजबूरन रिटायर होना पड़ रहा है।

### पहले मैच में भारत का सामना स्विटजरलैंड से

**हॉकी-5 विश्व कप**

बेंगलुरु। भारतीय पुरुष हॉकी टीम मस्कट में पहले एफआईएच हॉकी-5 विश्व कप में पूल बी में रविवार को स्विटजरलैंड के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। सिमरनजीत सिंह की कप्तानी वाली टीम का सामना रविवार को ही मिस्र से होगा। आखिरी ग्रुप मैच में टीम सोमवार को जमैका से खेलेगी। पूल ए में नीदरलैंड, नाइजीरिया, पाकिस्तान और पोलैंड की टीमें हैं। पूल सी में आस्ट्रेलिया, कीनिया, न्यूजीलैंड और त्रिनिदाद और टोबैगो हैं, जबकि पूल डी में फीजी, मलयेशिया, ओमान और अमेरिका हैं। हर पूल से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। सेमीफाइनल भी उसी दिन होगा और फाइनल बुधवार को खेला जाएगा।

### भारतीय महिला हॉकी टीम ने अमेरिका को हराया

**मस्कट।** मरियाना कुजूर और दीपिका सोरेंग के दो-दो गोल की मदद से भारत ने हॉकी 5 महिला विश्व कप में अमेरिका को 7-3 से हराया। भारत के लिए महिमा चौधरी, मरियाना कुजूर और दीपिका सोरेंग, मुमताज खान और अजमिना कुजूर ने गोल दागे। समफेस्ट ने रिवर्स शॉट पर अमेरिका को बढ़त दिलाई, जबकि कप्तान लिनीया ने दूसरा गोल करके भारतीय खेमे में खलबली बचा दी। दूसरे हाफ में भारतीयों ने दबाव बनाकर पहला गोल कर दिया। अमेरिका के लिए अगले ही मिनट समफेस्ट ने दूसरा गोल किया। मरियाना ने दो गोल करके भारत को बराबरी दिलाई। इसके बाद दीपिका ने दो और गोल किए। मुमताज और अजमिना ने एक-एक गोल करके अमेरिका की हार तय कर दी।

### नीरज चौपड़ा ने रोजर फेडरर से की मुलाकात



**ज्यूरिख।** स्विस टेनिस स्टार रोजर फेडरर और भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा ने हाल में एक-दूसरे से मुलाकात की। स्विट्जरलैंड टूरिज्म द्वारा आयोजित इस मुलाकात में फेडरर और नीरज चोपड़ा ज्यूरिख में मिले। फेडरर ने कहा कि नीरज ने अपने दृढ़ संकल्प और जज्बे से देश के लिए काफी कुछ हासिल किया है। ज्यूरिख में उनसे मिलना शानदार रहा है। नीरज चोपड़ा ने कहा कि रोजर फेडरर की विनम्रता ने उन्हें प्रेरित किया। फेडरर ने नीरज को अपने हस्ताक्षर वाला टेनिस रैकेट भेंट किया, जबकि नीरज ने जर्सी उपहार में दी।

### लक्ष्य सेन और प्रियांशु इंडोनेशिया मास्टर्स से बाहर

**जकार्ता।** भारत के लक्ष्य सेन और प्रियांशु राजावत गुरुवार को प्री क्वार्टरफाइनल में सीधे गेम से हारकर इंडोनेशिया मास्टर्स टूर्नामेंट के पुरुष एकल से बाहर हो गए। आठवीं वरीयता प्राप्त एंडर्स एंटोनसेन के खिलाफ मुकाबले में लक्ष्य ने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन वह डेनमार्क के इस खिलाड़ी से 19-21, 18-21 से हार गए। वहीं प्रियांशु राजावत ने भी कनाडा के ब्रायन यांग के खिलाफ शुरुआती गेम में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन इतना ही काफी नहीं था और वह 18-21, 14-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। राजावत ने पहले दौर में डेनमार्क के रास्मस गेमके को 21-18, 21-19 से शिकस्त दी थी। अब टूर्नामेंट में किरण जॉर्ज एकमात्र भारतीय बचे हैं।

# कोहली चौथी बार वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर

दुबई, एजेंसी

विराट कोहली को पिछले साल विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए गुरुवार को आईसीसी का साल का सर्वश्रेष्ठ वनडे क्रिकेटर 2023 चुना गया। कोहली का यह चौथा पुरस्कार है। वह पिछले साल वनडे में शुभमन गिल के बाद सबसे अधिक रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी रहे। कोहली ने 6 शतक और 8 अर्धशतकों से पिछले साल 1377 रन बनाए थे। कोहली ने सचिन तेंदुलकर के वनडे में शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया था।

कोहली ने भारत को विश्व कप के फाइनल में पहुंचाया और 11 मैच में रिकॉर्ड 765 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट पुरस्कार भी हासिल किया। कोहली के कॅरिअर का यह सातवां व्यक्तिगत आईसीसी पुरस्कार है और वनडे में यह उनका चौथा पुरस्कार है। उन्होंने इससे पहले वनडे में 2012, 2017 और 2018 में यह पुरस्कार जीता था। उन्होंने 2018 में टेस्ट पुरस्कार भी जीता था, जबकि 2017 और 2018 में उन्होंने आईसीसी के साल के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर के लिए सर गारफील्ड सोबर्स ट्राफी जीती थी।



### पैट कमिंस चुने गए सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को साल का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया। कमिंस ने साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के लिए सर गारफील्ड सोबर्स ट्राफी जीती और इंग्लैंड की आल राउंडर नैट साइवर ब्रंट ने साल की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर के लिए लगातार दूसरी रशेल हेहो फ्लिंट ट्राफी जीती।

### उस्मान ख्वाजा बने टेस्ट के सरताज

आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा साल के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर बने। श्रीलंका की चामरी अटापट्टू ने पहली बार सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे क्रिकेटर पुरस्कार हासिल किया। वह आईसीसी पुरस्कार पाने वाली देश की पहली महिला क्रिकेटर भी बन गई। इंग्लैंड के अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ ने तीसरी बार साल के सर्वश्रेष्ठ अंपायर के लिए डेविड शेफर्ड ट्राफी जीती।

# भारत ने आयरलैंड को 201 रन से रौंदा

ब्लोमफोंटेन, एजेंसी

**118** रन की पारी खेली भारत के मुशीर खान ने

**4** विकेट नमन तिवारी और 3 स्वामी पांडे ने चटकाए

मुशीर खान के शतक के बाद नमन तिवारी और स्वामी पांडे की धारदार गेंदबाजी से भारत ने अंडर-19 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में गुरुवार को आयरलैंड को 201 रन से रौंदकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। भारत के 302 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड की टीम के तेज गेंदबाज नमन तिवारी ने 53 रन पर चार और स्पिनर पांडे ने 21 रन पर तीन विकेट चटकाए। भारत की गेंदबाजी के सामने आयरलैंड 29.3 ओवर में सिर्फ 100 रन पर ढेर हो गई।

आयरलैंड की ओर से 10वें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए डेनियल फोर्किन ने सर्वाधिक नाबाद 27 रन बनाए। टीम ने 45 रन तक ही आठ विकेट गंवा दिए थे। फोर्किन ने ओलिवर रिली और लिन लुटोन के साथ टीम का स्कोर तिहरे अंक तक पहुंचाया। इसके अलावा सलामी बल्लेबाज जोर्डन नील (11) और रेयान हंटर (13) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। इससे पहले भारत ने मुशीर के 118 रन और कप्तान उदय सहारन (75 रन) के साथ उनकी 156 रन की साझेदारी से 7 विकेट पर 301 रन बनाए। दो मैच में दो जीत से भारत ग्रुप ए में चार अंक के साथ शीर्ष पर है और उसका अगले चरण में जगह बनाना लगभग तय है।

सचिन धास ने अंत में नौ गेंद में 21 रन की पारी खेलकर भारत का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाया जो इस मैदान पर अंडर-19 अंतरराष्ट्रीय मैच का सर्वोच्च स्कोर है। भारत ने अंतिम 10 ओवर में 119 रन बटोरे। पहले मैच की तरह कप्तान उदय सहारन ने एक बार फिर एंकर की भूमिका निभाते हुए स्ट्राइक रोटेट करने को तरजीह दी और मुशीर को उनका नैसर्गिक आक्रामक खेल खेलने दिया।



# बॉलीवुड हलचल

## संगीत में किस्मत आजमाएंगी परिणीति चोपड़ा



अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि वह एक गायिका के रूप में संगीत क्षेत्र में कदम रख रही हैं। शास्त्रीय संगीत की पृष्ठभूमि रखने वाली चोपड़ा ने एंटरटेनमेंट कंसल्टेंट एलएलपी के साथ एक करार किया है, जो मनोरंजन जगत में एक प्रसिद्ध नाम है। परिणीति चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में लिखा संगीत मेरे लिए हमेशा खुशी की जगह रही है। दुनिया भर के अनगिनत संगीतकारों को मंच पर कार्यक्रम पेश करते देखा है और अब उस दुनिया का हिस्सा बनने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि वह अपने जीवन में एक नया अध्याय शुरू करने को लेकर बहुत भाग्यशाली महसूस कर हैं। यह यात्रा एक साथ दो क्षेत्रों में कॅरिअर बनाने का अवसर देती है। परिणीति चोपड़ा संगीत की दुनिया में पूरी तरह से नई नहीं हैं क्योंकि उन्होंने 2017 की अपनी फिल्म मेरी प्यारी बिंदु के लिए माना के हम यार नहीं गाना गाया था।



### वरुण धवन की अगली फिल्म का नाम होगा बेबी जॉन

साउथ के पॉपुलर डायरेक्टर एटली कुमार बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन के साथ फिल्म वीडी 18 बनाने जा रहे हैं। एटली कुमार ने हाल ही में फिल्म वीडी 18 का मुहूर्त वीडियो शेयर किया था। अब मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि वरुण धवन की इस फिल्म का नाम बेबी जॉन है और इसकी जल्द ही घोषणा की जाएगी। हालांकि इस फिल्म में उनके सह कलाकार कौन होंगे इसका खुलासा अभी नहीं किया गया है।

## सनी देओल की लाहौर 1947 में प्रीती जिंटा की एंट्री



सनी देओल की फिल्म गदर 2 ने पिछले साल बॉक्स ऑफिस हिला दिया था। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर एक बाद एक कई रिकॉर्ड्स बनाए। इस फिल्म के हिट होने के बाद सनी देओल के हाथ एक कई फिल्में लगी है लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा फिल्म लाहौर 1947 को लेकर है। इसमें सनी देओल लीड रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म के लिए काफी समय से फीमेल लीड एक्ट्रेस की तलाश चल रही थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रीति जिंटा इस फिल्म के साथ कमबैक करने वाली है। इस फिल्म में सनी देओल के बाद प्रीति जिंटा अहम रोल में नजर आने वाली हैं। हालांकि इसको लेकर अब तक कोई अधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। माना जा रहा है कि मेकर्स इसको लेकर जल्द घोषणा कर सकते हैं।

### पाकिस्तान में फिर गदर मचाते दिखेंगे सनी देओल

आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस में बन रही फिल्म लाहौर 1947 की कहानी में भी सनी देओल पाकिस्तान में गदर काटने वाले हैं। सनी देओल की इस फिल्म राजकुमार संतोषी डायरेक्ट करने वाले हैं। आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस के सोशल मीडिया हैंडल से इसको लेकर बहुत पहले जानकारी दी गई थी। एक तस्वीर शेयर कर फिल्म की घोषणा हुई थी। उस वायरल तस्वीर में आमिर खान, सनी देओल और राजकुमार संतोषी साथ नजर आए थे।

## क्रैक का दूसरा गाना जीना हराम रिलीज



विद्युत जामवाल और नोरा फतेही की फिल्म क्रैक का दूसरा गाना जीना हराम रिलीज कर दिया गया है।विद्युत जामवाल और नोरा फतेही की फिल्म क्रैक चर्चा में बनी हुई है। इस फिल्म का टीजर और पहला गाना रिलीज किया जा चुका है। अब फिल्म का दूसरा गाना जीना हराम रिलीज किया गया है। विद्युत जामवाल और नोरा फतेही की फिल्म का यह गाना लोगों को काफी पसंद आ रहा है। यह फिल्म 23 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

### सपनों को नष्ट करे देगा असफल होने का डर

अभिषेक बच्चन ने गुरुवार को इंस्टाग्राम परएक पोस्ट शेयर की। अभिषेक बच्चन ने लिखा कि असफल होने का डर आपको सपनों को नष्ट करे देगा। असफलता से सीखना आपके सपनों को साकार करेगा। अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय के अलगाव की खबरों के बीच उनकी यह पोस्ट लोगों का ध्यान खींच रहा है। यह पहली बार नहीं है जब अभिषेक बच्चन ने अपनी पर्सनल लाइफ की उठापटक की खबरों के बीच पोस्ट शेयर किया है। इससे पहले भी वह ऐसा कर चुके हैं।

### कृति सेनॉन को मिला यूएई गोल्डन वीजा



बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनॉन को हाल ही में बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला था। अब कृति सेनॉन के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। दरअसल कृति सेनॉन को प्रतिष्ठित यूएई गोल्डन वीजा से सम्मानित किया गया है। पहले यह सम्मान शाहरुख खान, संजय दत्त, बोनी कपूर, रणवीर सिंह, वरुण धवन को मिल चुका है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# मध्य प्रदेश: एसडीएम ने महिला कर्मचारी से पहने जूते, तबादला

▸▸ मप्र के सीएम मोहन बोले- नारी सम्मान सर्वोपरि, फोटो वायरल होने के बाद एसडीएम बोले-मैंने कोई पद का दुरुपयोग नहीं किया

भोपाल/सिंगरौली

सिंगरौली के चितरंगी तहसील अंतर्गत में पदस्थ एसडीएम चितरंगी की महिला कर्मचारी से खुद के पैर में जूता पहनवाते हुए फोटो सोशल मीडिया पर हुई वायरल हुई थी। यह तस्वीर सामने आने के बाद एसडीएम ने महिला को माता तुल्य बताया था, लेकिन मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने एक्स हैंडल पर एसडीएम को हटाने का निर्देश दिया है।

तस्वीर वायरल होने से स्थानीय प्रशासन में हड़कंप मच गया है। यह घटना 22 जनवरी की बताई जा रही है। सीएम ने एसडीएम को हटाने का निर्देश देते हुए कहा कि हमारी सरकार में नारी सम्मान सर्वोपरि है। 22 जनवरी को चितरंगी उत्कृष्ट विद्यालय में राज्य मंत्री राधा सिंह के मौजूदगी में जब श्री राम भगवान के प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव का कार्यक्रम चल रहा था। उक्त फोटो उसी समय की है जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही। जूते पहनाने वाली महिला कर्मचारी एसडीएम की विभागीय लिपिक बताई जा रही है । चितरंगी एसडीएम असवान राम चिरावन ने सफाई देते हुए बताया कि विधान सभा चुनाव के दौरान तत्कालीन



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बगदारी में सभा के दावारन मेरा पैर स्लिप हो गया जिसमे मेरे दो पाई में गंभीर चोट आई थी जिसके चलते मैं ठीक से चल नहीं सकता हूं। एसडीएम ने बताया राज्य मंत्री राधा सिंह का कार्यक्रम था उनके प्रोटोकाल में मुझे रहना पड़ा। पूजा के समय जूते पैर से उतरे थे पूजा के बाद जूते पहन भी लिए थे किंतु लेस बांधने के झुक नहीं पा रहे थे तो माता तुल्य महिला ने मदद की थी। मैंने कोई पद का दुरुपयोग नहीं किया है।

## फ्लोरिडा ने 16 साल से छोटे बच्चों के इंटरनेट अकाउंट पर लगाया बैन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के फ्लोरिडा में बच्चों के इंटरनेट अकाउंट पर प्रतिबंध लगाने के लिए बिल पारित किया गया है। सदन में बुधवार को पारित बिल के तहत 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्मों से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। इसमें माता-पिता की मंजूरी का प्रावधान नहीं रखा गया है।

बिल में इसकी जानकारी नहीं दी गई है कि कौन से प्लेटफार्म प्रभावित होंगे, लेकिन यह किसी भी इंटरनेट मीडिया साइट को लक्षित करता है, जो उपयोग करने वालों की गतिविधि को ट्रैक करता है। बच्चों को सामग्री अपलोड करने और अनजान लोगों के साथ बातचीत की अनुमति देता है।

यह बिल व्यक्तियों के बीच निजी संदेशों के लिए उपयोग किए जाने वाले एप को प्रभावित नहीं करेगा। रिपब्लिकन प्रतिनिधि टायलर सिरोइस ने कहा कि वे बड़े हो रहे बच्चों का फायदा उठा रहे हैं। यही उनका बिजनेस मॉडल है। सदन में विधेयक के पक्ष में 106 मत पड़े। इसमें कई डेमोक्रेट ने रिपब्लिकन का समर्थन किया। समर्थकों का तर्क था कि इंटरनेट मीडिया बच्चों को ऐसे चीजों के संपर्क में लाता है जो उनमें अवसाद, आत्महत्या और नशे की लत का कारण बन सकता है।

# जलवायु परिवर्तन: ध्रुवीय भंवर से कई देशों में कड़ाके की ठंड

▸▸ वैज्ञानिकों ने कहा- कमजोर ध्रुवीय भंवर के कारण मौसम में आया बदलाव

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** जलवायु परिवर्तन ने कड़ाके की ठंड के रूप में नए मौसम को जन्म दे दिया है। इसकी चपेट में आए दुनिया के कई देश कड़ाके की ठंड चपेट में हैं। यह ध्रुवीय भंवर कुछ देशों में पहुंचने लगे हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि कमजोर ध्रुवीय भंवर के कारण मौसम में यह बदलाव आया है। इसके प्रभाव के चलते अमेरिका के उत्तरी राज्यों में बर्फ़ीला तूफ़ान उठा है, जबकि दक्षिणी देशों में लोगों को अत्यधिक ठंड का सामना करना पड़ रहा है। यह जलवायु परिवर्तन का



आगे बढ़ते ध्रुवीय भंवर का मानचित्र।

बड़ा प्रभाव है। यूमैस लोवेल के जलवायु विज्ञान प्रो मैथ्यू बार्लो समेत उनके सहयोगी वैज्ञानिकों ने शोध कर मौसम के नए प्रभाव का पता लगाया है। प्रो मैथ्यू बार्लो के अनुसार पिछले सप्ताह बेहद ठंडी आर्कटिक हवा कड़ाके की सर्दी के साथ अमेरिका के अधिकांश हिस्से में पहुंच गई। जिसके चलते मोंटाना से टेक्सास शहर में तापमान के रिकॉर्ड टूट गए। खतरनाक रूप से गिरे तापमान से लाखों लोग प्रभावित हुए हैं और झीलें भारी बर्फबारी के चलते जम गई।

इस बीच आए बर्फीले तूफ़ानों का ग्रेट लेक्स और पूर्वोत्तर क्षेत्रों में गंभीर प्रभाव पड़ा है। तापमान में आई गिरावट का कारण बताते हुए उन्होंने बताया कि इस तरह की भीषण ठंड की घटनाएँ तब घटित होती हैं जब ध्रुवीय जेट स्ट्रीम - सर्दियों की परिचित जेट स्ट्रीम जो आर्कटिक और अधिक समशीतोष्ण हवा के बीच की सीमा के साथ चलती है और दक्षिण की ओर आगे है। ये हवाएं उन क्षेत्रों तक पहुंच गई, जो इसके प्रभाव से दूर रहती हैं।

### समताप मंडलीय ध्रुवीय भंवर

इन घटनाओं का दिलचस्प पहलू यह है कि वे अक्सर समुद्री जेट स्ट्रीम से भी ऊपर हवा की एक अन्य धारा में परिवर्तन के साथ घटित होती हैं। दरअसल समताप मंडलीय ध्रुवीय भंवर समतापमंडल के बीच में उत्तरी ध्रुव के चारों ओर घूमने वाली हवा की एक बड़ी धारा है, जो जेट स्ट्रीम को विकृत करने की ताकत रखती है और ठंडी हवा का प्रकोप पैदा करती है।

## एक नजर

### श्रीलंका के राज्य मंत्री शनत का सड़क हादसे में निधन

**कोलंबो।** श्रीलंका के राज्य मंत्री शनत निशंता की एक सड़क हादसे में मौत हो गई। यह घटना गुरुवार को कटुनायके एक्सप्रेसवे के पास घटी। स्तानीय मीडिया ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि राज्य मंत्री के साथ एक सुरक्षा अधिकारी की भी मौत हो गई है। जीप में राज्य मंत्री निशंता के साथ सुरक्षा अधिकारी और चालक सवार थे। उनकी जीप एक कंटेनर वाहन से टकराने के बाद सड़क के बाड़ से टकरा गई। वह कटुनायके से कोलम्बो की तरफ जा रहे थे। इस हादसे में सभी गंभीर रूप से घायल हुए थे। उन्हें रागमा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां निशंता और एक पुलिस कॉन्स्टेबल की मौत हो गई। जीप चालक का इलाज जारी है।

### ऑस्ट्रेलिया में तीन महिलाओं सहित चार भारतीयों की डूबने से मौत

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य में एक समुद्र तट पर तीन महिलाओं सहित चार भारतीयों की डूबने से मौत हो गई। समुद्र तट पर हुई यह घटना लगभग 20 वर्षों में विक्टोरियाई समुद्री क्षेत्र में हुई सबसे भयावह हादसों में से एक है। अधिकारियों ने कहा बुधवार को विक्टोरिया के फिलिप आइलैंड में घटना हुई है। आपातकालीन सेवाओं को बुधवार अपराह्न करीब 3 :30 बजे न्यूहेवन के पास चार लोगों के पानी में डूबने की आशंका की सूचना मिली। 'लाइफ सेविंग विक्टोरिया' राज्य एजेंसी के कमांडर केन ट्रेलोर ने कहा, फिलिप द्वीप पर फॉरेस्ट केव्स के समुद्री क्षेत्र में संकट में फंसे चार लोगों की सहायता के लिए लाइफ सेविंग विक्टोरिया को बुलाया गया था, जो हमारे गश्त वाले लाइफगार्ड स्थल से केवल कुछ किमी की दूरी पर है।

# न्यायमूर्ति पीबी वराले ने ली सुप्रीम शपथ

## केंद्र ने बुधवार को दी थी नियुक्ति को मंजूरी, शीर्ष कोर्ट में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या हुई पूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

कर्नाटक हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस प्रसन्ना बी. वराले को गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में जज के तौर पर शपथ ली। इसके साथ ही सर्वोच्च न्यायालय में भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) समेत न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 34 हो गई, जो कि कोर्ट में जजों की स्वीकृत संख्या है।

चीफ जस्टिस चंद्रचूड सुप्रीम कोर्ट के परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में न्यायमूर्ति वराले को पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति वराले की सुप्रीम कोर्ट में जज के तौर पर नियुक्त करने की मंजूरी केंद्र सरकार ने बुधवार को दी थी। सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम ने इस महीने की शुरुआत में उनके नाम की सिफारिश की थी। कॉलेजियम ने कहा था कि इस तथ्य पर विचार किया गया है कि वह उच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीशों में से एक हैं। वह उच्च न्यायालय में अनुसूचित जाति से आने वाले एक मात्र मुख्य न्यायाधीश हैं। उच्चतम न्यायालय में अनुसूचित जाति समुदाय से ताल्लुक रखने वाले तीसरे न्यायाधीश होंगे। अन्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति टी रवि कुमार हैं। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) सुपर स्पेशलाइजेशन काउंसलिंग के तीसरे दौर के लिए निर्देश देने और उन्हें इसमें भाग लेने की अनुमति देने की मांग करने वाली 13 डॉक्टरों की याचिका पर गुरुवार को केंद्र और अन्य से जवाब मांगा। डॉक्टर्स का कहना है कि काउंसिलिंग में हिस्सा लेने की अनुमति मिलने के बाद उन्हें बेहतर संस्थानों में सीटें मिल सकती है और वे अपनी पसंद के पाठ्यक्रम कर सकते हैं। जस्टिस बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ इन डॉक्टरों द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करने के लिए सहमत हुई, जिन्होंने कहा था कि वे पिछले साल सितंबर में आयोजित एनईईटी-एसएस, 2023-2024 प्रवेश परीक्षा में अखिल भारतीय कोटा के लिए योग्य थे और उन्हें काउंसलिंग के पहले और दूसरे दौर के बाद विभिन्न सुपर स्पेशलिटी पाठ्यक्रम में सीटें आवंटित की गई थीं।



न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पद की शपथ दिलाते सीजेआई।

### मौर्य को राहत, शीर्ष कोर्ट ने आपराधिक कार्यवाही पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य पर हिंदुओं की आस्था को आहत करने का आरोप है। इसी बीच रामचरितमानस पर विवादित टिप्पणी के बाद कठोर अदालती कार्यवाही की आशंका से घिरे मौर्य को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली। शीर्ष अदालत ने गुरुवार को मौर्य के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगा दी है। अदालत ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने सवाल किया कि यह इतना संवेदनशील मुद्दा क्यों है, जिसमें बयान के आधार पर आपराधिक कार्यवाही की अपील की जा रही है। मौर्य ने इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ पीठ के समक्ष एक याचिका में, अपने खिलाफ दाखिल आरोपपत्र और निचली अदालत द्वारा मामले में पेश होने का निर्देश देते हुए जारी समन को चुनौती दी थी। हाई कोर्ट ने 31 अक्टूबर 2023 को उनकी याचिका खारिज कर दी थी।

### जांच मामला: स्थानांतरित ईडी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय की उस याचिका पर तमिलनाडु सरकार से जवाब मांगा, जिसमें रिश्वत के आरोप में तमिलनाडु सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किए गए उसके अधिकारी के खिलाफ मामले की जांच को सीबीआई को स्थानांतरित करने की मांग की गई है जस्टिस सूर्यकांत और केवी विश्वनाथन की पीठ ने तमिलनाडु सरकार को नोटिस जारी किया और दो सप्ताह में जवाब मांगा। ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आरोप लगाया कि मंत्रियों के खिलाफ जांच से संबंधित फाइलें छीन ली गईं, जिसके बाद पीठ ने तमिलनाडु पुलिस से सुनवाई की अगली तारीख पर रिश्वत मामले में एकत्र की गई सामग्री पेश करने को कहा। न्यायमूर्ति कांत ने तमिलनाडु सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अमित आनंद तिवारी से मामले की सुनवाई की अगली तारीख तक रिश्वत मामले की जांच आगे नहीं बढ़ाने को कहा। जब पीठ ने मेहता से पूछा कि क्या ईडी ने भी रिश्वत लेने के आरोपी अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया है, तो कानून अधिकारी ने सकारात्मक जवाब दिया और कहा कि एजेंसी उनके खिलाफ भी जांच करना चाहती है।

# सीपीईसी: चीन पाकिस्तान के साथ काम करने को राजी

इस्लामाबाद/बीजिंग, एजेंसी

▸▸ आर्थिक गलियारा होगा अपग्रेड चीन ने कहा- इससे दोनों देशों के बीच रिश्ते होंगे गहरे

चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजना को लेकर ड्रैगन ने कहा है कि वह इसे अपग्रेड करने लिए तैयार है। चीन ने कहा है कि इस अरबों डॉलर की परियोजना को अपग्रेड करेगा, ताकि चीन और पाकिस्तान के बीच रिश्ता कायम रह सके। चीन का कहना है कि इससे दोनों देशों के बीच रिश्ते गहरे होंगे।

वहीं, पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर ने कहा कि सीपीईसी का पहला चरण पूरा होने से पाकिस्तान को लाभ मिल रहा है। खासकर फसल परियोजनाओं से पाकिस्तान लाभान्वित हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसका अगला चरण पूरा करने के लिए चीन से संपर्क में है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने बुधवार को कहा कि चीन दोनों देशों के नेताओं के बीच समझ को पूरा करने, आपसी विश्वास को गहरा करने और व्यावहारिक सहयोग का विस्तार करने के लिए पाकिस्तान के साथ काम करने को तैयार है। चीन का कहना है कि भविष्य में इस परियोजना में और भी तेजी लाया जाएगा बता दें कि



सीपीईसी परियोजना का भारत हमेशा से विरोध करता रहा है, क्योंकि यह पाकिस्तान के बलूचिस्तान में ग्वादर बंदरगाह को चीन के शिनजियांग प्रांत से जोड़ता है और इसे पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के बीच से निकाला जा रहा है। कुछ दिनों पहले चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेइदॉन्ग पाकिस्तान की यात्रा पर गए थे। उप विदेश मंत्री ने पाकिस्तान यात्रा के दौरान राष्ट्रपति आरिफ अल्वी, प्रधानमंत्री काकर, ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष जनरल साहिर शमशाद मिर्जा, सेनाध्यक्ष जनरल सैयद असीम मुनीर और विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी से मुलाकात की थी।

# भारत-अमेरिका के रिश्ते हमेशा मजबूत रहे : अमेरिकी सांसद

वाशिंगटन, एजेंसी



▸▸ भारतीय राजदूत संधू के विदाई समारोह में पहुंचे तीन अमेरिकी सांसद

अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू के विदाई समारोह में यूएस सांसद मार्क वॉर्नर, एमी क्लोबुशर और इंडिया हाउस के जॉन ओसोफ शामिल हुए। वहीं, अमेरिका में मौजूद सिख समुदाय ने तरणजीत सिंह संधू को सम्मानित किया।

सांसद मार्क वॉर्नर ने तकणजीत सिंह संधू के विदाई समारोह के दौरान वहां मौजूद लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, हमारे दोनों देशों के बीच दोस्ती का मूल साझा मूल्यों पर आधारित है।

सांसद क्लोबुशर ने कहा, हमें मालूम है कि यहां बहुत चुनौतियां है, लेकिन हमारे देशों के बीच एक ऐसा रिश्ता है जो हमेशा मजबूत रहा है और सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। सांसद ओसोफ ने कहा, मैं आपके सहयोग और कड़ी मेहनत के लिए आपको बहुत ईमानदारी से धन्यवाद देता हूं। अमेरिका और भारत के बीच द्विपक्षीय रिश्ते को निर्देशित करने में मदद के लिए आपका धन्यवाद।

राजनयिक के रूप में तरणजीत सिंह संधू ने 35 साल का शानदार करियर पूरा किया। तीन दशक से अधिक लंबे करियर के दौरान संधू ने चार बार अमेरिका में भारतीय राजनयिक के रूप में सेवाएं दीं। बीते कुछ समय में भारत और अमेरिका से संबंधों को नए मुकाम पर पहुंचाने में इनकी भूमिका उल्लेखनीय रही है।

## आफत की आग...




**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के इंजन में गुरुवार को आग लग गई। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ और सभी यात्री सुरक्षित हैं। दक्षिण कश्मीर जिले में बनिहाल-बारामूला रेलवे लाइन पर काजीगुंड रेलवे स्टेशन की घटना है। आग किस कारण से लगी है, इसका अभी पता नहीं चला है। ● एजेंसी

# रैली में शेर लेकर पहुंचे समर्थक नवाज ने जताई नाराजगी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में जल्द ही आम चुनाव के लिए मतदान होगा। ऐसे में पाकिस्तान की राजनीतिक पार्टियां जोर-शोर से चुनाव प्रचार में जुटी हैं। नवाज शरीफ की रैली में पीएमएलएन समर्थक असली शेर ही ले आए। इसकी पूरी दुनिया में चर्चा हो रही है।

दरअसल लाहौर में नवाज ने एक विशाल रैली का आयोजन किया। हैरानी तो तब हुई जब पार्टी के समर्थक रैली स्थल पर असली शेर को ले आए। यह शेर पिंजरे में बंद था और एक खुली गाड़ी में शेर के पिंजरे को रखा गया था। पीएमएलएन का चुनाव चिन्ह शेर ही है। यही वजह है कि रैली में असली शेर लाकर लोगों को लुभाने की कोशिश की गई। हालांकि पार्टी समर्थकों की इस हरकत का उल्टा असर हुआ और लोगों ने इस कदम का आलोचना की। पीएमएलएन की नेता मरियम औरंगजेब ने बताया कि नवाज ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई और उनके निर्देश पर शेर को वापस भेज गया।

### पाकिस्तान आर्मी पिता को वापस लेकर आई: मरियम

नवाज की मुख्य आयोजक और नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज ने पाकिस्तान के ननकाना साहिब में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान आर्मी आखिरकार मेरे पिता को ब्रिटेन से वापस ले आई, जहां वह चार साल से थे। मरियम नवाज ने रैली में कहा कि जिन्होंने मेरे पिता को अपदस्थ किया था, वे उन्हें वापस ले आए हैं।रमरियम ने कहा कि पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ एकलौते पाकिस्तानी राजनेता हैं, जो रिकॉर्ड तीन बार तख्तापलट वाले देश के प्रधानमंत्री बनें।

# पूर्व विदेश सचिव बोले मैंने कहा था अमेरिका से संबंध न बिगाड़ें इमरान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आम चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा रहे हैं। इस बीच इमरान खान को लेकर पूर्व पाक विदेश सचिव सोहेल महमूद ने बड़ी बात की है। उन्होंने कहा कि मैंने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की कैबिनेट को स्पष्ट कहा था कि वह अमेरिका के साथ जुड़े रहें।

साथ ही मैंने उन्हें बताया था कि वाशिंगटन में देश के दूतावास से राजनयिक संचार को सार्वजनिक करने से अमेरिका के साथ संबंध कैसे प्रभावित हो सकते हैं। गौरतलब है कि राजनयिक केबल को साइफर कहा जाता है। अमेरिका से जुड़े साइफर को इमरान खान ने 27 मार्च 2022 को रैली में सार्वजनिक किया था। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार को गिराने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साजिशें रची जा रही हैं।

## अफ्रीका: माली में अवैध सोने की खदान धंसी, 70 की मौत

**बमाको।** अफ्रीका के माली में एक अवैध सोने के खदान धंसने से 70 लोगों की मौत हो गई। हादसे से जुड़े लोगों के मुताबिक मरने वालों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। खदान के धंसने के बाद से राहत और बचाव कार्य जारी है। अफ्रीकी सरकार के राष्ट्रीय भूविज्ञान और खनन निदेशालय के एक वरिष्ठ अधिकारी करीम बर्थे ने बुधवार को एसोसिएटेड प्रेस को हादसे को लेकर एक विवरण की पुष्टि की है और उन्होंने इसे एक दुर्घटना बताया है। हालांकि अभी तक हादसे को लेकर कारणों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। साथ ही अभी तक यह भी साफ नहीं किया गया है कि हादसा जब शुक्रवार को हुआ था, तो इसकी जानकारी मंगलवार को क्यों दी गई है। जानकारी के मुताबिक सोने की अवैध खदान दक्षिण-पश्चिमी कौलिकोरो क्षेत्र के कंगाबा जिले में धंसी है।

खुलासा | टेक्नोलॉजी की दिग्गज कंपनी नए फीचर्स को इस साल के आखिर में रोल आउट करने के लिए तैयार, बढ़ाएगी सड़क पर सुरक्षा

# गूगल एंड्रॉइड ऑटो के लिए करेगा एआई का इस्तेमाल

नई दिल्ली, एजेंसी

गूगल ने ड्राइवरों के ध्यान भटकाने को कम करने और सड़क पर सुरक्षा बढ़ाने के लक्ष्य के साथ, एंड्रॉइड ऑटो में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को इंटीग्रेट करने की योजना का खुलासा किया है। टेक्नोलॉजी की दिग्गज कंपनी इन नए फीचर्स को इस साल के आखिर में रोल आउट करने के लिए तैयार है। जिसमें सबसे पहला फोकस ड्राइवरों द्वारा स्क्रीन देखने के समय को कम करना है।

एंड्रॉइड ऑटो में हो रहे बदलावों में सबसे अहम एक लंबे मैसेज या चैट की बातचीत को सारांशित (समराईज) करने की क्षमता है। जो यूजर्स को एक सारांश उपलब्ध कराती है जिसे वे चलते-फिरते सुन सकते हैं। इसके अलावा, एआई प्रतिक्रियाओं का सुझाव देगा, एक हैंड्स-फ्री और सुव्यवस्थित इंटरेक्शन एक्सपीरियंस (संवाद अनुभव) प्रदान करेगा।




### विशेषताओं के आधार पर मिलेगी जानकारी

इंटीग्रेशन ईवी ड्राइविंग एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने का लक्ष्य रखता है। जिससे यूजर्स को उनके गंतव्य पर पहुंचने पर उनके अनुमानित बैटरी लेवल जैसी अहम जानकारी मिल जाती है। इसके अलावा, सिस्टम रूट के साथ ऑप्टिम चार्जिंग स्टॉप का सुझाव देगा और वाहन की विशिष्ट विशेषताओं के आधार पर चार्जिंग प्रक्रिया में कितना समय लगेगा, इसका अनुमान देगा।



यह सिस्टम मैसेज में संदर्भ भी जोड़ेगी। जैसे किसी दोस्त द्वारा उनके संभावित पहुंचने के समय (ईटीए) (ईटीए) के बारे में पूछने पर गूगल मैप्स डेटा के आधार पर यूजर के पहुंचने के समय का अनुमान लगा लेगा।

नेविगेशन को आसान बनाने के लिए, गूगल एक वन-टैप सुविधा भी शुरू कर रहा है। जो यूजर्स को गूगल मैप्स में मैन्युअल रूप से जानकारी दर्ज किए बिना साझा किए गए जगहों पर जल्दी से नेविगेट करने की अनुमति देता है। इसके अलावा, गूगल ने एंड्रॉइड ऑटो के डिजाइन को यूजर्स के स्मार्टफोन के साथ ज्यादा नजदीकी से एलाइन (संरेखित) करने की योजना का खुलासा किया है। कार में डैशबोर्ड डिस्प्ले कनेक्टेड फोन के आइकन स्टाइल और वॉलपेपर को ही डिस्प्ले करेगा। जिससे ड्राइवरों के लिए एक सुसंगत और विजुअली इंटीग्रेटेड एक्सपीरियंस मिलेगा। इन आगामी एआई-से चलने वाले फीचर्स के साथ, गूगल का लक्ष्य एंड्रॉइड ऑटो को सड़क पर सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, एक कनेक्टेड और इंटेलिजेंट इन-कार एक्सपीरियंस की तलाश करने वाले ड्राइवरों की पहली पसंद बनना है। गूगल ने एआई को इंटीग्रेट करने के अलावा, यह भी एलान किया है कि एंड्रॉइड ऑटो को कई अहम अपग्रेड हासिल होंगे। जिसमें इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) यूजर्स के एक्सपीरियंस को बढ़ाने और टॉप कार ब्रांडों के साथ एकीकरण को व्यापक बनाने पर ध्यान दिया जाएगा। आगामी विशेषताएं, आने वाले महीनों में फॉर्ड मोस्टेंग मैच-ई और एफ-150 लिंगस्टिंग पर शुरू होने वाली हैं। एंड्रॉइड ऑटो के साथ कंपैटिबल इलेक्ट्रिक वाहनों को गूगल मैप्स के साथ रियल टाइम में बैटरी जानकारी साझा करने की अनुमति देंगी।

# राम-राम सुनते ही भड़क गई मैडम, छात्र को पीटा, निलंबित

सतना, एजेंसी

मध्यप्रदेश के सतना में छात्र के राम-राम कहने पर स्कूल में मैडम भड़क गईं और छात्र की पिटाई कर डाली। सूचना मिलने पर एनएसयूआई और करणी सेना के कार्यकर्ता स्कूल पहुंचे और हंगामा किया। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

जानकारी के मुताबिक मामला सतना के एक निजी स्कूल का है। बताया जा रहा है कि छात्र समागम के दौरान पहुंचे एक छात्र ने अपने सहपाठियों का स्वागत राम-राम कहकर किया। उस वक्त वहां एक महिला टीचर भी मौजूद थीं। उस टीचर ने पहले छात्र को राम-राम कहने पर डांटा। जब छात्र ने सफाई देने की कोशिश की तो शिक्षक ने छड़ी उठा ली और छात्र को बुरी तरह पीटा। कुछ ही देर में घटना की जानकारी स्कूल परिसर के बाहर करणी सेना के पदाधिकारियों तक



पहुंच गई। इसके बाद बड़ी संख्या में इस संगठन के लोग स्कूल के बाहर जमा हो गए और विरोध प्रदर्शन करने लगे। स्थिति को देखते हुए स्कूल प्रबंधन ने भी शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

छात्र टीचर को सफाई देते हुए कह रहा था कि वह अपने सहपाठियों का इस शब्द से अभिवादन कर रहा था। उसने अभी-अभी टीचर को गुड मॉर्निंग कहा था। छात्र के परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस भी अपने स्तर पर मामले की जांच में जुट गई है।